You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-206 ❒ शनिवार, 30 अगस्त 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



पीड़ित मानव की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। राजनीति विभाजन का कारण बन सकती है, लेकिन धर्म लोगों को जोड़ता है।
शिवरात्रि राजेंद्र महास्वामीजी के मार्गदर्शन में सुत्तूर मठ सेवा का ही विकल्प है।
शिवराज सिंह चौहान

प्रधानमंत्री पर अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल की केंद्रीय मंत्री ने की आलोचना 11

अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए तैयार है उत्तराखंडः धामी 12

जनता कांग्रेस को सिखाएगी सबक

# प्रधानमंत्री पर गलत टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान : योगी

एजेंसी

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालय पर जीआईसी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में गुंडागर्दी और माफियाराज चरम पर था। सपा सरकार में हर जनपद में एक माफिया को पाला गया था। विकास के धन की बंदरबांट हो रही थी। लूट-खसोट चरम पर था। गरीबों के लिए आने वाले पैसे पर डाका डाला जाता था। मुख्यमत्री योगी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना सूरज पर थूंकने जैसा है। यह केवल प्रधान मंत्री का ही नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। जनता इसका जवाब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को देगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रतापगढ़ में 570 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस का इंडी गठबंधन भारत विरोधी गठबंधन है। यह देश की आन-बान-शान के साथ खिलवाड़ करने वाला गठबंधन है। भारत के सांविधानिक संस्थाओं को अपमान करने वाला गठबंधन है। सत्ता में आने पर देश और प्रदेश में अराजकता पैदा करने वाले कांग्रेस और सपा के लोग आज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। इनके शासन काल में प्रदेश को दंगों की आग में झोंक दिया गया था।



राहत

❒ प्रतापगढ़ में मुख्यमंत्री योगी ने किया 570 करोड़ की 186 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस के शासन काल में हुए दंगों की जो आंशिक रिपोर्ट आई है, वह चौंकाने वाली है। किस तरह से प्रदेश में दंगों की साजिश रची गई और बहुसंख्यक समाज पर अत्याचार किया गया। हिंदुओं को पलायन करने पर मजबूर किया गया। प्रदेश की डबल इंजन सरकार में बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सशक्तीकरण के माध्यम से हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। बिना भेदभाव के आवास योजना का लाभ मिल रहा है। पीएम आवास योजना का सबसे ज्यादा लाभ प्रतापगढ़ जनपद के लोगों को मिला। बिना किसी का नाम लिए सीएम ● शेष पेज 11 पर

## हर नागरिक में खिलाड़ी की तरह राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव होना चाहिए: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ खेल दिवस पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं को किया पुरस्कृत- मुख्यमंत्री योगी ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को किया नमन

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को गोमतीनगर के विजयंत खंड में स्थित मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।इस मौक`पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की। इसके साथ हीउन्होंने सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानितभी किया। इस दौरानमुख्यमंत्रीनेविभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण कार्योंका लोकार्पण भी किया।मुख्यमंत्री ने यहां स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज का रोमांचक हॉकी मैच भी देखा। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में प्रधानमंत्री पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाला मोहम्मद रिजवी गिरफ्तार

पटना। बिहार के दरभंगा में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा की मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने सिमरी थाना में उसके खिलाफ आवेदन दिया था। प्रधानमंत्री पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले युवक की पहचान सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भोपुरा गांव निवासी मोहम्मद रिजवी ऊर्फ रजा (20 वर्ष) पिता मोहम्मद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही दरभंगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और गुरुवार देर रात छापेमारी कर मोहम्मद रिजवी को उसके गांव से गिरफ्त में लिया। यह घटना बिठौली चौक पर कंग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान घटित हुई थी। इस आपत्तिजनक टिप्पनी पर दरभंगा भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने महागठबंधन के नेता मोहम्मद नौसाद, पिता मोहम्मद अरशद , गांव देवरा बंदौली थाना जाले के विरुद्ध सिमरी थाना में आवेदन दिया था। दरभंगा के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। यह कार्रवाई एक वायरल वीडियो के बाद की गई, जो इंडिया ब्लॉक रैली से संबंधित था, जिसमें प्रधानमंत्री और उनकी मृत माँ के खिलाफ अपमानजनक ● शेष पेज 11 पर



## स्वार्थ के चलते राजनीति का गिरता स्तर अति दुखद और चिंतनीय: मायावती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । बिहार राज्य के दरभंगा में कंग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री और उनकी स्व. मां को लेकर कही गई अभद्र टिप्पणी को लेकर नेताओं की खूब बयानबाजी हो रही है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी इस पर बिना किसी का नाम लिए अपनी प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि देश में ख़ासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिन्तनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिये, जो पिछले कुछ वर्षों से सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि इस दौरान देश के सामने विभिन्न प्रकार की आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां काफी बढ़ी हैं। उन्होंने लिखा कि इतना ही नहीं बल्कि देश के उच्च सरकारी व ग़ैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की ● शेष पेज 11 पर



## सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाइयों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध : पीयूष गोयल

नयी दिल्ली । भारत के खिलाफ व्यापारिक प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के निर्णयों के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाइयों से देश के उद्योग जगत के बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष से अधिक रहेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां उद्योग सम्मेलन भारत बिल्डकॉन 2026 का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय उद्यमियों से विश्वस्तरीय माल तैयार करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए विनिर्माण में प्रधानमंत्री के शून्य दोष शून्य प्रभाव और दाम-कम दम ज़्यादा के आह्वान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योग जगत से भारत की ओर से कई विकसित ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमले निंदनीय और अलोकतांत्रिकः भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निजी हमले की निंदा करते हुए इसे अलोकतांत्रिक बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय हासचिव तरुण चुग ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी बार-बार प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमले कर रहे हैं। वंशवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति जब उजागर हुई तब बौखलाहट में प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां तक को निशाना बनाया गया है। यह गिरती राजनीति ही नहीं, जनता का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एवं इंडी गठबंधन के नेताओं को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा कि कैसे एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री पद पर बैठा है और उनके नेतृत्व में देश तरक्की और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवराज एवं उनके पूरे टोले की वंशवाद और नफरत की दुकान बंद करवा दी है। इसी बौखलाहट में अब इंडी गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कह रहे हैं, जो निंदनीय है। चुग ने ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर बनाकर बंगाल में विभाजनकारी राजनीति फैला रही हैं। वह बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं, लेकिन भाजपा ऐसा बिल्कुल नहीं होने देगी।

### चंद्रपुर जिले में तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर, 6 लोगों की मौत

मुंबई। चंद्रपुर जिले के राजुरा तहसील के कपागांव के पास में शुक्रवार को सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक और एक ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज चंद्रपुर के जिला अस्पताल में हो रहा है। पुलिस के अनुसार आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक राजुरा से खमोना-पचगांव जा रहा था, जबकि रिक्शा विपरीत दिशा में गडचंदूर से राजुरा आ रहा था। अचानक कपागांव के पास तेजरफ्तार ट्रक और रिक्शा टकरा गए। इससे इस घटना में प्रकाश मेश्राम (48), रवींद्र बोबड़े (48), शंकर पिपरे (50), तनु पिंपलकर (16), ताराबाई पप्पुलवार (50 ) और वर्षा मंडाडे (50) की मौके पर ही मौत हो गई है।

## विकसित भारत के निर्माण में सीपीएसई निभाएंगे अहम भूमिका: राष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) केवल आर्थिक और वित्तीय योगदान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संतुलित एवं समावेशी विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में वर्ष 2022-23 के लिए स्कोप (स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज) इमिनेंस अवॉर्ड प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सार्वजनिक उपक्रमों के बहुआयामी योगदान का उत्सव हैं। किसी भी अच्छे उपक्रम की पहचान उसके सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय, तकनीकी और नैतिक सभी मानकों पर बेहतर प्रदर्शन से होती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही सार्वजनिक क्षेत्र देश के औद्योगिकीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सामाजिक उत्थान और क्षेत्रीय संतुलन के लिए एक सशक्त साधन रहा है। समय के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका और अपेक्षाएं बदली हैं, लेकिन बदलते परिवेश में भी उन्होंने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक उपक्रम विकास के उत्प्रेरक और ● शेष पेज 11 पर



❒ केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति में अहम भूमिका निभाएंगे।

## भारत की युवा पीढ़ी देश-दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षमः सिंधिया


नई दिल्ली। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को आईआईटी-दिल्ली के टेक फ़ेस्ट ईएसवाईए में छात्रों को संबोधित करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी आने वाले वर्षों में न केवल देश का बल्कि पूरे विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। सिंधिया ने भारत की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों से लेकर शून्य के आविष्कार तक, ज्ञान की खोज भारतीय सभ्यता का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, ह्लहार्वर्ड की सबसे बड़ी लाइब्रेरी भी नालंदा के सामने छोटी लगती है। वह चिंगारी आज भी हमारे भीतर जीवित है। केंद्रीय मंत्री ने छात्रों से नए रास्ते तलाशने और नवाचार करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह आयोजन सपनों को साकार करने का लॉन्चपैड है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अब केवल राष्ट्र निर्माण ही नहीं बल्कि वैश्विक नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं। सिंधिया ने छात्रों को याद दिलाया कि भारत ● शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान जाने वाले नेता असम का नेतृत्व नहीं कर सकते : अमित शाह

एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार असम में घुसपैठियों से अतिक्रमित हर इंच जमीन मुक्त करेगी, चाहे विपक्ष कितना भी विरोध क्यों न करे। खानापाड़ा स्थित वेटरिनरी कॉलेज मैदान में आयोजित पंचायती प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कंग्रेस शासनकाल में सत्रों की जो जमीन घुसपैठियों ने कब्जाई थी, उसे भी भाजपा सरकार ने मुक्त कराया है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं भाजपा सरकार के जरिये हर गांव तक पहुंच रही हैं। इसी का परिणाम है कि पंचायत चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड 76 प्रतिशत वोट शेयर मिला।

नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उन्होंने ने कहा कि भाजपा ने महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने, महाबीर लाचित बरफूकन की विरासत को आगे बढ़ाने, राष्ट्रीय राजधानी में बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म की प्रतिमा स्थापित करने और ब्रह्मपुत्र पर 10 नए पुलों के निर्माण जैसे कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर-पूर्व में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शांति का वातावरण है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार में निष्पक्ष नियुक्तियां ● शेष पेज 11 पर



भाजपा सरकार असम में घुसपैठियों से अतिक्रमित हर इंच जमीन मुक्त करेगी,

### देश की जनता से माफी मांगें राहुल गांधी : अमित शाह

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता के लिए अपशब्दों का प्रयोग किए जाने को लेकर राहुल गांधी देश की जनता, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी माताजी से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग करके राहुल गांधी देश के सार्वजनिक जीवन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। देश की जनता कभी भी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अमित ● शेष पेज 11 पर

भारत और जापान की साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कहा

# जापानी तकनीक-भारतीय प्रतिभा कर सकती है वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत और जापान की साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देशों का सहयोग एशियाई सदी को आकार देगा। उन्होंने जापानी कंपनियों से 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' अभियान में शामिल होने का आग्रह किया और कहा कि जापान की तकनीक तथा भारत की प्रतिभा मिलकर वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व कर सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने आज टोक्यो में आयोजित 'इंडिया-जापान आर्थिक मंच' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जापान हमेशा भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। मेट्रो, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर और स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी आपसी विश्वास का प्रतीक है। अब तक जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब ● शेष पेज 11 पर



तकनीक

❒ जापान हमेशा भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण भागीदार रहा है।

### जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों किशिदा और सुगा के साथ बातचीत की मोदी ने

टोक्यो । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और योशीहिदे सुगा के साथ मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बातचीत की। श्री मोदी अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर पन्द्रहवें जापान-भारत वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दो दिन की जापान यात्रा पर गये हैं। प्रधानमंत्री ने शाम को होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले जापान के दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ भारत जापान संबंधों के विभिन्न पहुलओं पर चर्चा की। मुलाकात के बाद श्री मोदी ने ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री की माँ पर की गयी टिप्पणी की नीतीश कुमार ने की निंदा

पटना। आईएनडीआई (ईडी) की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ को लेकर दिए गए बयान की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कड़े शब्दों में निंदा की है। शुक्रवार की सुबह उन्होंने एक ट्विट कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर हमला बोला है। मुख्यमंत्री नीतीश ने अपने ट्वीट में कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की माँ को लेकर दिया गया बयान अत्यंत अशोभनीय है। उन्होंने ट्विट कर कहा, ''दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और उनकी स्व. माता जी के विरुद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया ● शेष पेज 11 पर

## बंगाल में ईडी ने जब्त की टीपी ग्लोबल और आईएक्स ग्लोबल की 18.78 करोड़ की संपत्ति

एजेंसी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दो फॉरेक्स कंपनियों ऽ टीपी ग्लोबल एफएक्स और आईएक्स ग्लोबल की कुल ?18.78 करोड़ मूल्य की चल-अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी की कोलकाता जोनल कार्यालय ने तलाशी अभियान के बाद फ्लैट, अपार्टमेंट, वाणिज्यिक स्थल, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड जैसी संपत्तियों को जब्त किया। यह कार्रवाई कोलकाता पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस और गुजरात पुलिस द्वारा टीएम ट्रेडर्स, केके ट्रेडर्स, टीपी ग्लोबल एफएक्स, आईएक्स ग्लोबल, आईएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि टीपी ग्लोबल एफएक्स की वेबसाइट न तो आरबीआई के साथ पंजीकृत है और न ही उसे फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए कोई अनुमति प्राप्त है। केंद्रीय बैंक ने पहले ही 9 सितंबर, 2022 को चेतावनी सूची जारी कर लोगों को अनधिकृत फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से सतर्क रहने की सलाह दी थी।

केंद्रीय एजेंसी की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया है कि ईडी की जांच में सामने आया है कि प्रसेंजीत दास और तुषार पटेल जैसे व्यक्तियों ने कई डमी कंपनियों के जरिए निवेशकों को ठगने की योजना बनाई। उन्हें फॉरेक्स ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का झांसा देकर निवेश कराया गया। वहीं, आईएक्स ग्लोबल के निदेशक और प्रमोटर ऽ सुहास पाटिल और जोसेफ मार्टिनेज ऽ सहित कई प्रभावशाली लोग टीपी ग्लोबल एफएक्स को 'पसंदीदा ब्रोकर' ● शेष पेज 11 पर



# बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट-ढाबों, मिष्ठान दुकान पर घरेलू सिलेंडरों से पक रहा खाना, प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

**प्रयागराज में खाद्य सुरक्षा नियमों की उड़ रही खुली धज्जियां, दुकानों में होता टैक्स चोरी,नहीं कटते है बिल, कैश का होता है कारोबार,दिन भर में होती है लाखों की बिक्री**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । नगर निगम क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। शहर में दर्जनों रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, मिठाई की दुकानें और ठेले बिना फूड लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। थाना धूमनगंज के मुंडेरा क्षेत्र में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है, जहां कुशवाहा स्वीट हाउस, राजस्थानी दुकान, धर्मवीर चौराहा और आसपास की कई दर्जन दुकानों, होटलों और ठेलों पर खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।खाने-पीने की वस्तुएं खुले में धूल-मिट्टी, मक्खियों और गंदगी के बीच तैयार की जा रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि इन दुकानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है, जो गैस नियमों का सीधा उल्लंघन है। इससे आगजनी और धमाकों जैसी बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। विभागीय मिलीभगत और लापरवाही पर सवालस्थानीय लोगों का आरोप है कि फूड इंस्पेक्टर और नगर निगम अधिकारी नियमों के उल्लंघन की जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह लापरवाही इसलिए और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि स्वास्थ्य सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ हो रहा है।सूत्रों के अनुसार, विभागीय अधिकारियों की महीना वसूली के कारण इन अवैध कारोबारों पर रोक नहीं लगाई जा रही। ना तो दुकानों की सैंपलिंग की जा रही है, ना ही लाइसेंस की जांच। यह मिलीभगत न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रही है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रही है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि गंदगी और अस्वच्छ माहौल में बने खाने से फूड प्वॉइजनिंग, आंत्र संक्रमण और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अगर स्थिति पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में बदल सकता है। क्या होनी चाहिए सख्त कार्रवाईजनता की ओर से जिला प्रशासन से मांग की गई है कि इस पूरे मामले में तुरंत जांच शुरू की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी दुकानों, ढाबों और ठेलों पर सख्त कार्रवाई की जाए।बिना लाइसेंस संचालित हो रहे रेस्टोरेंट, होटलों और मिठाई की दुकानों को तुरंत सील किया जाए।घरेलू सिलेंडरों का उपयोग करने वालों पर गैस नियमों के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए।खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले कारोबारियों पर भारी जुर्माना लगाया जाए।फूड इंस्पेक्टरों और विभागीय अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए। अगर मिलीभगत साबित होती है तो निलंबन और भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई हो।जनता का कहना है कि जब तक प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाएगा, तब तक यह अवैध कारोबार फलता-फूलता रहेगा और आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ होता रहेगा।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग कब हरकत में आते हैं। क्या दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी, या फिर यह लापरवाही और मिलीभगत का खेल यूं ही चलता रहेगा, जिससे उपभोक्ताओं की जिंदगी दांव पर लगती रहेगी।

# जलभराव का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे विधायक डॉ. नीरज बोरा

**दिया तत्काल 50 डम्फर मलबा डालने का निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । फैजुल्लागंज के जलभराव वाले क्षेत्र में पहुंचे विधायक डा. नीरज बोरा ने नगर निगम अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। शुक्रवार को फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड अन्तर्गत दाऊद नगर की मामा कालोनी में हुए जलभराव का स्थलीय निरीक्षण करते हुए विधायक ने मौके पर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये और कहा कि जनसमस्याओं का निदान प्राथमिकता पर किया जाये। विधायक डा. बोरा ने बताया कि मामा कालोनी का क्षेत्र नीचा होने के कारण जलभराव है। जल निकासी के लिए नगर निगम द्वारा पम्प लगाया गया है किन्तु सड़कों पर अब भी पानी भरा है। उन्होंने निगम कर्मियों को कालोनी की सड़क पर तत्काल पचास डम्फर मलबा डालने का निर्देश दिया जिससे कि आवागमन में हो रही समस्या का फौरी निदान हो। उन्होंने मामा कालोनी से नाला बनाकर उसे निर्माणाधीन बड़े नाले में जोड़ने का कार्य अवस्थापना मद से प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश भी दिये, जिससे जलनिकासी सुगम हो। इसके साथ ही विधायक डा. बोरा ने आरआर प्रभारी को सड़क पर मार्ग प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने को कहा जिससे कि आवागमन में व्यवधान न हो तथा दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उप नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और नगर निगम के जोनल अधिकारियों की उपस्थिति में विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र संक्रामक रोगों की दृष्टि से संवेदनशील रहा है। यह जानते हुए भी साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सन्तोषप्रद नहीं कही जा सकती। फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड का क्षेत्रफल बड़ा तथा लगभग 25 किमी लम्बा है।

## अधिवक्ताओं को दी जाने वाली धनराशि में हुई वृद्धि

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ को अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और अधिवक्ता सदस्यों के स्वर्गवास के पश्चात दी जाने वाली आर्थिक धनराशि रुपया 50000 को 1 वर्ष का चंदा बकाया रहने पर भी दिए जाने का अनुरोध किया गया था जबकि लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ की नियमावली के अनुसार 3 माह से अधिक का चंदा बकाया होने पर रुपया 50000 नहीं दिए जाने का प्रावधान रहा है तथा एक वर्ष का चंदा बकाया होने पर रुपया 10000 दिए जाने तथा चिकित्सकीय सहायता रुपया 5000 दिए जाने का प्रावधान रहा है 28 अगस्त को लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता सदस्यों के स्वर्गवास के पश्चात दी जाने वाली धनराशि 50000 के स्थान पर 100000 रुपये तीन माह से अधिक का चंदा बकाया न होने पर उनके परिवार को दिया जाएगा तथा रुपया 10000 के स्थान पर 20000 विगत हुए चुनाव की वोटर लिस्ट में जिसका भी नाम होगा उसको दिया जाएगा एवं गंभीर बीमारी के लिए चिकित्सकीय सहायता रुपया 5000 के स्थान पर अधिकतम रुपया 10000 दिया जा सकता है तथा लखनऊ बार एसोसिएशन के सदस्यों का चंदा अगस्त 2025 तक रुपया 50 प्रतिमाह की दर से व 1 सितंबर 2025 से रुपया 100 प्रतिमाह चंदा जमा करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है इस प्रस्ताव का क्रियान्वयन दिनांक 1 सितंबर 2025 से प्रभावित होगा

## स्कूल जा रही नाबालिग़ छात्रा का अपहरण,ग्रामीणों ने किया सकुशल बरामद

माल/लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। घर से पैदल स्कूल जा रही नाबालिक छात्रा का एक बेख़ौफ़ दरिंदे ने अपहरण करके झाड़ियो में ले गया। नाबालिक छात्रा के चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीणों ने युवक के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया। माल पुलिस ने पिता की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 9 वर्षीय पुत्री ग्राम लतीफपुर स्थित एक इंटर कालेज में पढ़ने जाती है। जो प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे स्कूल पढ़ने जा रही थी। रास्ते में ग्राम रनीपारा व दनौर के बीच सजिया तालाब के निकट माल थाना क्षेत्र के ग्राम आंट गढ़ी सौरा निवासी पिंकू नें बाइक यूपी 32 जेए 7954 से आकर नाबालिक छात्रा को रोक उसे स्मार्ट फोन दिखाकर झाड़ियों में चलने की बात कहने लगा जिस पर नाबालिक छात्रा नें युवक से मना करके रोने लगी। जिसके बाद युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर अपहरण की नियत से दनौर निवासी राजू के बाग तक ले गया। तभी रास्ते से गुजर रहे रनीपारा निवासी संजय सिंह, भीम सिंह ने नाबालिक छात्रा के रोने की आवाज सुन उसे युवक के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया। माल पुलिस ने नाबालिक छात्रा के पिता की तहरीर पर पास्को एक्ट सहित अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है।

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज लखनऊ में प्राचार्या प्रोफ़ेसर सारिका दुबे के निर्देशन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के सक्रिय सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. सुषमा मिश्रा के द्वारा कबूतरों एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ाकर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई।

## जनसेवा के उद्देश्य से जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रही समाजसेवी संस्थाएं

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफ़ेयर फाउंडेशन अपनी टीम परिवार के साथ जनसेवा में लगा हुआ है। इसी जनसेवा के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं ने शुक्रवार को अमीनाबाद पहुंचकर एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे को स्कूल जाने के लिए नई साईकिल उपलब्ध कराई गई। राजाजीपुरम क्षेत्र में रहने वाली आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी को स्कूल जाने के लिए एक नई साइकिल प्रदान की। वहीं गोमतीनगर क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चे के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई, तो वही एक मिडिल क्लास फैमिली में पति के इलाज के लिए 15000 रुपए का गुप्त दान भी दिया और एक आर्थिक रूप से कमजोर अनाथ बच्ची की फीस के लिए 2000 रूपये का आर्थिक सहयोग व जरूरतमंद महिला को अपने पैरों पर खड़ा होकर रोज़ी रोटी के लिए एक सिलाई मशीन भी दी।

## बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने बिखेरी रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत छठा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के तीसरे दिन बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत छठा बिखेरी, पूरा कार्यक्रम विघ्न विनाशक गजानन गणपति को समर्पित रहा। महोत्सव में बी0बी0डी0 एजूकेशनल ग्रुप के छात्र छात्राओं एवं आसपास के गांवो से हजारो की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनन्द लिया।

## शारदा सहायक नहर में विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा लगातार खनन

काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदा सहायक नहर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से लगातार मिट्टी खनन माफिया खनन कर रहे हैं।लेकिन विभागीय अधिकारी सबकुछ जानकार भी अनजान बने हुए हैं। काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शारदा सहायक नहर खण्ड-दो के अंतर्गत नहर पर बहरू गाँव में हाल ही में पुलिया का सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण कराया गया है।वहीं पर पास में नहर की पटरी व नहर में मिट्टी (बालू) खनन लगातार कई सप्ताह से रात में किया जा रहा है।जिसकी शिकायत लोगों स्थानीय सिंचाई विभाग के जेई से कई बार फोन पर किया।लेकिन जेई ने अबतक विभागीय कार्यवाही करना तो दूर,बताया जा रहा द्धद्ग की खननबकराने वालों के विरुद्ध काकोरी कोतवाली में मोनू व आदित्य नाम के व्यक्तियों के द्वारा किए गए खनन पर एक लिखित तहरीर तक देना उचित नहीं समझा।बताया जाता है कि करीब यहां पर सौ से अधिक डम्फर नहर की बालू का खनन किया गया हैं।वहीं गुरुवार/शुक्रवार की रात में जेसीबी और डम्फरों से थाना काकोरी/पारा की सीमा के पास रात भर नहर की जमीन पर खनन होता रहा है।जिस पर अबतक किसी प्रकार की कार्यवाही सिंचाई विभाग द्वारा नहीं की गई।काकोरी/पारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने इस सम्बंध में बताया कि अबतक सिंचाई विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कोई लिखित सूचना नहीं मिली है,शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# रेलवे प्रशासन ने विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की जारी की सूची

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 15203/15204 बरौनी-लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस,गाड़ी संख्या 15909/15910 डिब्रूगढ़-लालगढ़- डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का 02 मिनट का स्थाई ठहराव मैरवा स्टेशन पर तथा गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का दूरौंधा स्टेशन पर 02 मिनट का स्थाई ठहराव प्रदान किया गया है। परिणामस्वरूप गाड़ी संख्या 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस दिनांक 04 सितम्बर 2025 से प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर 02:38 बजे पहुँचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 02:40 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्री में गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर दिनांक 05 सितम्बर 2025 से 00:26 बजे पहुँचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 00:28 बजे प्रस्थान करेगी ।गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस प्रतिदिन मैरवा स्टेशन पर दिनांक 05 सितम्बर 2025 से 21:08 बजे पहुँचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 21:10 बजे प्रस्थान करेगी ।वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 15910 लालगढ़- डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस मैरवा स्टेशन पर दिनांक 05 सितम्बर 2025 से 02:05 बजे पहुँचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 02:07 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 04 सितम्बर 2025 से प्रतिदिन दुरौंधा स्टेशन पर 05:53 बजे पहुँचकर दो मिनट का ठहराव लेकर 05:55 बजे प्रस्थान करेगी।

# त्योहरों पर विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय

**भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। त्योहारों का मौसम शुरू होते ही रेल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जाती है। इसी बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई जा चुकी है। जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है । 21 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फ़ेरे (ट्रिप्स) सुनिश्चित किए जाएंगे।भारतीय रेल द्वारा यह निर्णय त्योहारों के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और उन्हें अपने प्रियजनों के साथ उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है।पूजा स्पेशल इन ट्रेनों की श्रृंखला के तहत दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा सर्वाधिक 48 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो 684 ट्रिप्स पूरा करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की हैं, जो पटना, गया, दरभंगा और मुज़फ़्फ़रपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी और कुल 588 ट्रिप्स लगाएंगी। पूर्व रेलवे द्वारा कोलकाता, सियालदह, हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनके मदद से 198 ट्रिप्स संचालित होंगी। वहीं पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत, वडोदरा जैसे शहरों से 24 स्पेशल ट्रेनें घोषित की हैं जो 204 ट्रिप्स पूरी करेंगी। दक्षिण रेलवे द्वारा चेन्नै, कोयंबत्तूर, मदुरै जैसे स्टेशनों से 10 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनसे 66 ट्रिप्स होंगी। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे से भुवनेश्वर, पुरी और सम्बलपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची, टाटानगर, उत्तर मध्य रेलवे से प्रयागराज, कानपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से बिलासपुर, रायपुर और पश्चिम मध्य रेलवे से भोपाल, कोटा जैसे स्टेशनों को जोड़ते हुए विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी।त*स्पेशल ट्रेनों की सूची, समय सारणी, रूट और ठहराव की विस्तृत जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, ऋएट्डुए और नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे इन विशेष ट्रेनों में यात्रा करने के लिए अग्रिम बुकिंग कराएं और अपने टिकट की पुष्टि सुनिश्चित करें। साथ ही यात्रियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि सफर के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा जारी सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रयागराज में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त 2025) के अवसर पर विभिन्न संस्थानों और खेल परिसरों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज की ओर से विशेष खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन सचिव दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह और सम्प्रेक्षण गृह की प्रशिक्षक कु. अंकिता सिंह के मार्गदर्शन में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अग्रसेन इंटर कॉलेज विजेता रहा, जबकि सम्प्रेक्षण गृह के किशोर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मात्र दो अंकों (25:23) से मुकाबला गंवाया। गौतम ने कहा कि ‘खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है।’इसी कड़ी में मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में जिला स्तरीय अंडर-14 बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्टेडियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

# हरिशंकरी महोत्सव के अन्तर्गत विधायक ने किया वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद में हरिशंकरी महोत्सव के अन्तर्गत विधायक जयदेवी कौशल ने नगर पंचायत के 15 वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर पीपल, बरगद व पाकड़ (पचपकड़िया) के वृक्ष लगा उनके महत्व के बारे में बताते हुए उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। शुक्रवार को विधायक जयदेवी कौशल ने वृक्षारोपण कर उनके महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि मानव जीवन में वृक्षों का अधिक महत्व है। हरे भरे पौधों से हमे स्वच्छ हवा के साथ शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए हमें अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षों को लगाना चाहिए। वृक्ष मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसडीएम, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत राजकुमार चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कस्बा इंचार्ज अमन श्रीवास्तव व रेंजर आलोक तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज नगर निगम में 1.44 करोड़ रुपये का टैक्स घोटाला

**फ़ाइलों तक है सीमित जीआईएस सर्वे में भी गड़बड़ियां, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । नगर निगम में 1.44 करोड़ रुपये के टैक्स घोटाले और जीआईएस आधारित भवन कर सर्वेक्षण में अनियमितताओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जोन-3 और जोन-7 में तैनात दो आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर ऽ आकाश श्रीवास्तव और सत्यम शुक्ला ऽ पर आरोप है कि उन्होंने जनता से वसूले गए टैक्स की राशि निगम के खाते में जमा नहीं की। जांच में खुलासा हुआ कि आकाश ने 88 फर्जी रसीदों के माध्यम से 18.06 लाख रुपये की हेराफ़ेरी की, जबकि सत्यम ने 387 रसीदों से 1.26 करोड़ रुपये की राशि गबन की। सूत्रों का दावा है कि इस घोटाले में कुछ पार्षदों की भी संलिप्तता हो सकती है।यह मामला तब उजागर हुआ जब एक नागरिक द्वारा टैक्स भुगतान की पुष्टि के दौरान रसीद निगम रिकॉर्ड में अनुपलब्ध पाई गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी.के. द्विवेदी ने 30 अप्रैल 2025 को थाना कर्नलगंज में एफआईआर संख्या 152/2025 दर्ज कराई। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 314, 316(4), 318(4) और 319(2) में मुकदमा दर्ज है। इसके बावजूद अब तक कोई गिरफ्तारी या ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।साल 2022 में लागू किया गया जीआईएस आधारित भवन कर सर्वेक्षण भी विवादों में घिर गया है। निओ जिओ इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड को सर्वे का जिम्मा दिया गया था, लेकिन जमीनी सर्वे अधूरा और जियो टैगिंग संदिग्ध रही। कई नागरिकों को गलत नाम और पते पर टैक्स बिल भेजे गए हैं।नगर निगम की तरफ से न तो खर्च का कोई स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराया गया है, न ही वसूली या सुधार की प्रक्रिया शुरू हुई है। करोड़ों रुपये की गड़बड़ी और जीआईएस सर्वे की अनियमितताओं के बावजूद प्रशासन की उदासीनता ने जनता का विश्वास डगमगा दिया है। अब यह सवाल है कि नगर निगम कब तक दोषियों से वसूली करेगा और जवाबदेही तय करेगा। इस मामले में जब के चीफ फाइनेंस ऑफिसर और अकाउंट ऑडिट अफसर से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नहीं उठा है ।

## प्रयागराज के गंगानगर में कानून व्यवस्था की चिंता, लगातार हत्याओं से दहशत

प्रयागराज । गंगानगर क्षेत्र की कानून व्यवस्था फिर से चर्चा में है। हण्डिया थाना क्षेत्र में एक युवक का शव नग्न अवस्था में मिलने से स्थानीय लोगों में डर और चिंता बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोग लगातार बढ़ रही हिंसा और हत्या की घटनाओं को लेकर असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि युवक की हत्या किस कारण से हुई और हत्या में किसी तीसरे पक्ष का हाथ तो नहीं है।पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान और मौत के कारण का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।स्थानीय प्रशासन और पुलिस से अब जनता को सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था की उम्मीद है। अधिक जानकारी और जांच रिपोर्ट आने पर ही मृतक की शिनाख्त और हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई-प्रापण निविदा सं.: NER-GKP-RSP-2025-12** शुद्धि पत्र सं. 01 सहित; **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मैजापुर-कर्नलगंज रेलवे स्टेशनों के बीच किमी 679/2-3 पर एल.सी. संख्या 276/सी के स्थान पर एलएचएस के साथ दो लेन के एंड-टू-एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुंच मार्ग में आरई वॉल/पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जाएगा।; **अनुमानित निविदा मूल्य (₹):** ₹51,18,85,717.14; **बयाना राशि (₹):** ₹27,09,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 0.00 शून्य; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 महीने। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि – दिनांक **09.09.2025.** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि-दिनांक **23.09.2025,** 15:00 बजे तक. • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि – दिनांक **23.09.2025,** 15:00 बजे. • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**अधिशासी अभियंता/निर्माण/आर.एस.पी.**
**मुजाधि/डब्ल्यू-231 गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# रावतपुर चौकी से गायब हुए बुध नरेश, धरती खा गई या आसमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रयागराज ।** एक सप्ताह से बुध नरेश के चौकी से गायब होने की सूचना से परिजन परेशान है । 22 अगस्त की रात प्रयागराज के रावतपुर चौकी इंचार्ज और उनके हमराही के खिलाफ एक गंभीर मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उनके पति, बुध नरेश, को घर से उठाकर चौकी ले जाया गया, जहां उन्हें शराब बनाने के आरोप में लाया गया था। लेकिन अब 7 दिनों से उनका कोई अता-पता नहीं है।महिला ने कहा कि उनके पति को चौकी ले जाने के बाद पुलिस ने उनकी कोई जानकारी नहीं दी और अब वह कहीं भी नहीं हैं, जिससे परिवार और आस-पास के लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है और न्याय की मांग की है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी एयरपोर्ट ने कहा कि मामला जांच के अधीन है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी। वहीं, परिवार का आरोप है कि चौकी इंचार्ज और दो सिपाही बृजेश यादव और अश्वनी कुमार शराब बनाने के जुर्म में उन्हें उठा कर ले गए थे, लेकिन अब उनके पति की बद्धद्गन्द्मथध्धफ्र्प्प अज्ञात हैं। पुलिस 15 हजार रुपए मांग रही थी नहीं देने पर उठा ले गए।स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस घटना को लेकर चिंतित हैं और तत्काल निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिवार ने कहा कि 7 दिनों से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है और यह लापरवाही और गंभीरता को दर्शाता है।यह मामला अब प्रयागराज पुलिस के उच्च अधिकारियों के ध्यान में है और जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही बुध नरेश का पता लगाकर परिवार को सूचित किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1176-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 28.08.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | वाराणसी यार्ड में पुरानी वाशिंग लाइन संख्या 2 और 4 में क्षतिग्रस्त बेड ब्लॉकों के सुधार/उन्नयन और LC-5 पर नई वाशिंग लाइन में पंप हाउस के साथ ट्यूबवेल का प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,14,09,467.01 (एक करोड़ चौदह लाख नौ हजार चार सौ सरसठ रुपये एवं एक पैसे मात्र) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,07,100/- (दो लाख सात हजार एक सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.09.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1176-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ
दिनांक: 25.08.2025 2619/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राहुल राज IPS (R) ने संभाला मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के नव-नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष राहुल राज (IPS) ने कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया। राहुल राज भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं तथा अपने सेवाकाल में अनेक उच्च पदों पर उल्लेखनीय सेवाएँ प्रदान कर चुके हैं। इस अवसर पर काउंसिल के सचिव श्रीश सिंह, उपाध्यक्ष रोहित कश्यप, एसीईओ अखिल त्रिपाठी एवं क्रिएटिव डायरेक्टर शिवम सिंह ने उनके आवास पर पहुँचकर भेंट की और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उपाध्यक्ष रोहित कश्यप ने नव-नियुक्त अध्यक्ष को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया, वहीं एसीईओ अखिल त्रिपाठी ने उन्हें कलम भेंट की। इस मौके पर काउंसिल के अन्य पदाधिकारियों ने भी उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया।

# किसी दोषी का छूट जाना उतना घातक नहीं , जितना किसी निर्दोष को सजा मिलना : राज्यपाल

### राज्यपाल से प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों की शिष्टाचार भेंट व संवाद कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को राजभवन में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों का शिष्टाचार भेंट एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।

राज्यपाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। कई बार ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, जिन पर कोई स्पष्ट कानून नहीं होता। ऐसे मामलों में न्यायाधीश को अपने विवेक, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण से निर्णय लेना होता है।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, इसलिए सही निर्णय के लिए तकनीक का उपयोग व हर मामले को बारीकी से देखना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को कहा कि निर्णय देते समय विभिन्न प्रकार के दबाव आ सकते हैं, परंतु निष्पक्ष रहकर ही सही न्याय किया



जा सकता है।

राज्यपाल ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेलों में बंद अधिकांश कैदी दहेज प्रथा, भूमि विवाद तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों से जुड़े पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद स्तर पर, विशेषकर महिलाओं, बेटियों तथा विश्वविद्यालयों में ऐसे मुद्दों पर चर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों को इन अपराधों के परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज को इन बुराइयों से मुक्त किया जा सके।

राज्यपाल ने अनाथ बच्चों, बाल सुधार गृहों में रह रहे बालकों एवं बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने गुजरात में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपने कार्यानुभव साझा किए और नारी अदालत एवं महिला सुरक्षा समितियों के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि किसी दोषी का छूट जाना उतना घातक नहीं है जितना किसी निर्दोष को सजा मिलना। न्यायिक अधिकारी को हर परिस्थिति में निष्पक्ष रहकर निर्णय करना चाहिए।

राज्यपाल ने प्रशिक्षुओं को सलाह दी कि वे हमेशा जनता की समस्याओं को सुनें, सहानुभूति रखें, और समाज से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर हो, लेकिन वे समाज का हिस्सा होते हैं, उनका धरती से जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा का दायित्व भी आप पर है। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों पर भी बल देते हुए कहा कि वृद्धाश्रम की आवश्यकता ही न पड़े, इसके लिए सभी को अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक दिवेश चंद्र सामंत ने संस्थान की स्थापना, उपलब्धियों, प्रशिक्षण के अनुभव एवं नवाचारों की जानकारी राज्यपाल को दी। प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने भी अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए और न्यायिक शिक्षा, मानवीय मूल्यों तथा संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निदेशक श्री सामंत ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न स्वरूप पुस्तक, छोटे बच्चों हेतु लेखन सामग्री एवं बाल कहानियों का संग्रह भेंट किया। इस अवसर पर विधि परामर्शदाता प्रशांत मिश्रा, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु न्यायाधीश उपस्थित रहे।

# नहाने के दौरान दो मासूम बच्चों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज की लोनी नदी में शुक्रवार को नहाने के दौरान दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। एक बच्चे को बचा लिया गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईगंज के लोधपुरवा मजरा सलेमपुर निवासी मजदूर गुड्डू का बेटा विराट (04) पड़ोसी अंकित की बेटी हिमानी (04) और साजन के बेटे गौरव (04) के साथ शुक्रवार सुबह नहाने के लिए गया था। बहाव तेज होने के कारण तीनों नदी में बह गए। खेत में काम कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने बच्चों की चीख-पुकार सुनी तो उन्हें बचाने के लिए दौड़े।




इधर घटना की जानकारी पर पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारी और बच्चों के परिवार के लोग भी आ गए। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया। हिमानी और गौरव की नदी में डूबने से मौत हो गई, जबकि विराट की हालत स्थिर है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार गोसाईंगंज गुरप्रीत सिंह ने भी मौका मुआयना किया है।

# लोक भारती द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। नगर पंचायत द्वारा आयोजित लोक भारती द्वारा चलाए जा रहे। अभियान (हरीशंकरी) पेड़ पीपल बरगद, पाकर वृक्षारोपण पूरे सांस्कृतिक रूप से पूजन अर्चन कर संकल्प लेकर इमामबाग से प्रारंभ होकर पूरे 13 वार्डो में पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के समरसता संयोजक आदरणीय श्रीमान नरेंद्र जी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर काकोरी नगर पंचायत के चेयरमैन रोहित साहू ,फारेस्ट अधिकारी मोईन खान,अधिशाषी अधिकारी सुदेश यादव ,काकोरी खंड पचारक धीरेंद्र विभाग पर्यावरण संयोजक पुरुषोत्तम,अवधराम गुप्ता जी लोक भारती,मंडल अध्यक्ष विपिन गोपी मंडल महामंत्री कपिल , मंडल मंत्री दयाराम ,वार्ड के सभासद लाल



मुजीब ,बेबी सभासद के पुत्र अर्जुन रावत, नवनीत रावत,आनंद कश्यप ,लवकुश यादव,आजाद ,इमरान ,अर्जुन रावत , बृजेश कुमार, नईम मून मिर्ज़ा, आरिफ, महेंद्र यादव, कार्यक्रम सह संयोजक दीपांशु ,विक्रम यादव ,आदि सभी लोक भारती भाजपा व अन्य संगठन के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिसाब से विकसित होंगे राज्यों के मुख्य हवाई अड्डे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। देश में उड़ान योजना को विस्तार देने के लिए अब राज्यों के प्रमुख हवाई अड्डों को आसपास के छोटे एवं मझोले शहरों एवं कस्बों को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा।

केन्द्र सरकार की उड़ान योजना में सरकार ने बीते 11 साल में देश को 74 हवाई अड्डों से 162 हवाई अड्डों तक पहुंचा दिया और इस दौर में हवाई यात्रियों की संख्या 16.8 करोड़ से बढ़ कर 41.2 करोड़ तक हो गई है।

इस योजना के अगले चरण में उड़ान एवं यात्री संख्या की दृष्टि से छोटे हवाई अड्डों वाले शहरों एवं आसपास के शहरों, कस्बों के निकट अपेक्षाकृत बड़े हवाई अड्डे को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिसाब से विकसित करने की योजना पर निजी हवाई अड्डा आपरेटर भी काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश



सरकार की मदद से राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन कर रहा अडाणी समूह इस हवाई अड्डे को वाराणसी, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, कुशीनगर आदि शहरों एवं क्षेत्र के अन्य कस्बों के लिए भी कनेक्टिविटी का केंद्र बनाने के जुटा हुआ है। अडाणी समूह को निजी सरकारी साझीदारी के मॉडल पर लखनऊ का हवाई अड्डा नवंबर 2020 में 50 साल के पट्टे पर सौंपा गया था। अडाणी समूह के अधिकारियों के अनुसार इस हवाई अड्डे की यात्री क्षमता करीब 40 लाख यात्रियों की थी जो अब 70 लाख यात्रियों की हो चुकी है। वर्ष 2026-27 में यह क्षमता 80 लाख करने का काम चल रहा है। इसमें नये टर्मिनल भवन का निर्माण, 15 विमानों के एकसाथ हैंडलिंग की व्यवस्था, रनवे पर कैट-3 से भी आधुनिक तकनीक से खराब मौसम और शून्य दृश्यता में भी आसान लैंडिंग का इंतजाम शामिल है। नये टर्मिनल भवन के निर्माण में 2401 करोड़ रुपए, रनवे के विस्तार एवं रनवे पर नये कारपेट और लाइटों एवं कैट-3 के उन्नयन पर करीब 184 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है तथा उसकी क्षमता विस्तार के लिए 900 करोड़ रुपये और व्यय करने की योजना है। अधिकारियों के अनुसार लखनऊ हवाई अड्डे को आने वाले समय में उन्नाव, कानपुर, अयोध्या, प्रयागराज, कुशीनगर, वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, सीतापुर, बरेली आदि शहरों की कनेक्टिविटी देने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के साथ मिल कर लग्ज़री बस सेवाओं को शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में अडाणी समूह के अधिकारियों ने कहा कि सरकार की नयी एविएशन नीति में हवाई अड्डों को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के हिसाब से विकसित करने की बात कही गई है और वे इस पर अमल कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को हवाई यात्रा का अवसर मिले।

# पत्रकार से गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

### पुलिस ने मुख्य आरोपित को किया गिरफ्तार अन्य आरोपित पुलिस पकड़ से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ जानकीपुरम निवासी वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद को धमकी देने और गाली गलौज करने वाले दबंग ई रिक्शा चालक इरशाद उर्फ दादू को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद पुत्र स्वर्गीय सगीर अहमद निवासी सेक्टर 3 जानकीपुरम द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि विपक्षी गणों ने एक राय होकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी थाना जानकीपुरम पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को सौपी 27 अगस्त को पुलिस ने इरशाद उर्फ दादू को पकड़ लिया आरोपी मुकदमा दर्ज होने की रंजिश को लेकर वरिष्ठ पत्रकार जुबेर अहमद से विवाद कर रहा था और अधिक



उत्तेजित होकर फौजदारी पर अमादा हो गया शांति भंग की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया गिरफ्तार आरोपी इरशाद उर्फ दादू पेशे से ई रिक्शा चालक है पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पहले से भी उस पर गंभीर मुकदमे दर्ज हैं जिनमे मुकदमा संख्या 323/19 धारा 354 क/376/506 भादवि व पाक्सो एक्ट थाना जानकीपुरम में दर्ज है फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस छानबीन कर रही है अभी तक पुलिस के हाथ खाली है जिससे पत्रकारों में रोष व्याप्त है इस कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रवीण कुमार कांस्टेबल रवि शंकर कांस्टेबल राहुल तिवारी शामिल रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे दबंग लंबे समय से क्षेत्र का माहौल बिगाड़ रहे हैं जिन पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है ।

# उत्तर प्रदेश से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25,000 लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। जनता हमारे लिए




केवल जनता नहीं बल्कि जनार्दन है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होना लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव की विशाल प्रक्रिया को आयोग अब और बेहतर तरीके से संपन्न कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में अकेले 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की कुल आबादी से अधिक है।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है। योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता केवल मतदाता नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की जनार्दन है। उसकी आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है।

**जनता की आवाज सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व**

**नए भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास-50 करोड़ की लागत से छह मंजिला भवन होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस**

यदि कोई जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी करता है तो पांच साल बाद जनता उसे नकार देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी व्यवस्था ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य निर्वाचन आयोग किराए के भवन से कामकाज कर रहा था, जिससे कई प्रकार की कठिनाइयां आती थीं लेकिन अब नए भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राजकीय निर्माण निगम 18 महीनों से भी कम समय में इस छह मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण पूरा कर देगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा जिनके पास निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होगा।

नये भवन में होंगी ये सुविधाएभवन की विशेषताओं की बात करें तो परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। 25 के.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। पूरे भवन में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिस्टम होगा। कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए 13 यात्री क्षमता वाली दो लिफ्ट और 8 यात्री क्षमता वाली एक लिफ्ट लगाई जाएगी। इसके साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण और पावर वायरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। यह भवन न केवल निर्वाचन आयोग के कामकाज को गति देगा बल्कि तकनीक और सुविधाओं से लैस होकर एक मॉडल ऑफिस के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य निर्वाचन आयुक्त राजन प्रताप सिंह, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, एससी-एसटी आयोग की अध्यक्ष, पंचायती राज्य आयोग के

# ट्यूलिप ग्राउंड कॉलोनी में कवि सम्मेलन का आयोजन

**कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु बरेली हुए शामिल**

**मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता हैः कमलेश मौर्य मृदु**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। ट्यूलिप ग्राउंड कॉलोनी में गणेश उत्सव समिति बरेली के तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि का दायित्व जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु जी को दिया गया। गणेश वंदना और माँ शारदे की वंदना के पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ने अपनी ग़ज़ल पढ़ते हुए कहा कि,,,,.ग़ज़ब का ज्ञान वेदों की पढ़ाई में निकलता है,जगत में सच सनातन की दुहाई में निकलता है।कहीं केशव कहीं शंकर कहीं देवी निकलती हैं,खुदाई का करिश्मा हर खुदाई में निकलता है।इसके उपरांत राजेश गौड़ ने बेटियों पर अपनी प्रसिद्ध कविता इस तरह पढ़ी,,,बेटी क्या है एक लता है इस घर से उस घर चढ़ जाती। जड़ें छूट जातीं गमले में दूजे के घर फूल खिलाती।कवि गीतकार कमल सक्सेना ने श्रृंगार के कई मुक्तक पढ़े जिन पर पंडाल में बैठे हुए सभी श्रोताओं ने दिल खोलकर तालियाँ बजायी। अपनी कविता पढ़ते हुए कमल सक्सेना ने कहा कि,,पतझर जो आ गया तो बहारों की क्या खता। जो चाँद छुप गया तो सितारों की क्या खता। था दोष किसी और का तो हमको क्यों लगा, डूबी है नाव तो है किनारों की क्या खता। श्रोताओं की तालियों की बीच कमल सक्सेना ने अपनी ग़ज़ल इस तरह से पढ़ी,,,मिटेंगी हस्तियाँ तेरी अमन तब याद आयेगा। मिलेंगी ठोकरें अपना वतन तब याद आयेगा।विदेशी रंग में रंगकर तेरी बेटी जवाँ होगी,तुझे इस देश का चालो चलन तब याद आयेगा।साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने गणेश जी से प्रार्थना करते हुए कहा कि,,,,छद्मवेशी भेडिये पले हैं ठांव ठांव यहां उन भेड़ियों को प्रभु पहचान लीजिए।गजवाये हिंद का जो सपना हैं देख रहे उन जेहादियों पे सर संधान कीजिए। जिस पर सभी श्रोताओं ने जोरदार तालियाँ बजाईं।श्री मृदु ने भारत के वर्चस्व को रेखांकित करते हुए कहा मिलाकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है।पटखनी पर पटखनी दे जो इससे घात करता है।बुलेट एके सैंतालीस की कभी आयात करता था,वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्यात करता है।।कवि सम्मेलन का संचालन गीतकार कमल सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में एम सी अग्रवाल, महेश परवाल, डॉ नीरज सक्सेना, राक्षपाल सिँह, अमित सिँह, पारस जैन, राजीव गुप्ता, धर्मेन्द्र सक्सेना, नवल सेन व कमल उप्पल सहित सभी कॉलोनी वासी देर रात तक जोरदार तालियाँ बजाते रहे। अंत में अध्यक्ष डा एम सी अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों ने कवियों को सम्मानित किया व सबका आभार प्रकट किया।

## फीता काटकर प्रधान जनक कुमारी सिंह ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

कमलापुर, सीतापुर। क्षेत्र की ग्राम पंचायत नयागांव में प्रधान जनक कुमारी सिंह ने फीता काटकर और नौनिहाल बच्चों को मिष्ठान खिलाकर किया आँगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन! शासन के आदेशानुसार खाली पड़े प्राथमिक विद्यालय नयागांव द्वितीय में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन ग्रामीण ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रधान जनक कुमारी सिंह ने किया! प्रधान ने कहा नौनिहाल बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में खाली स्कूल भवन मिल गया है! ग्राम पंचायत नयागांव में केंद्र नयागांव नहीं बना था अब इस खाली भवन का सदुपयोग अच्छे ढंग से होगा! जबकि भौली और जल्लाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है!इस अवसर पर आंगनवाड़ी सहायिका बब्बी सिंह, शिवेंद्र मिश्रा प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय नयागांव प्रथम, स्मृति पांडेय ,जैनेंद्र गौतम शिक्षामित्र, शिक्षिकाएं,हैसिला बक्श सिंह,सूरज राजवंशी ,महेश सिंह, बबलू सिंह, अरुण पाल सिंह, शिव प्रताप सिंह रमेश सिंह,पूर्व प्रधान मग्नू राजवंशी,भोला सिंह, रिया सिंह,गोदी सहित गणमान्य लोग एवं नौनिहाल बच्चे उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा संकल्प पत्र



**1 सितम्बर को सभी विद्यालयों में होगा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद, सीतापुर । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बिसवां व रेउसा इकाई द्वारा क्रमशः ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार वर्मा और अनूप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी बिसवां को आगामी एक सितम्बर को आयोजित होने वाले ़हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमानङ्क कार्यक्रम के अनुक्रम में संकल्प पत्र सौंपा गया।बताया गया कि बिसवां ब्लॉक के सभी 212 विद्यालयों तथा रेउसा ब्लॉक के सभी 186 विद्यालयों सहित पूरे जनपद में यह कार्यक्रम मनाया जाएगा।इस अवसर पर बिसवां इकाई से महामंत्री रोहित वर्मा, ब्लॉक सह संयोजक राजशेखर, मीडिया प्रभारी अरुण मौर्य, नरेन्द्र कुमार, वसीक अहमद, रमेश कुमार, रामकुमार व प्रभाकर पाल मौजूद रहे। वहीं रेउसा इकाई से जिला सह संयोजक मनीष शाक्य, ब्लॉक महामंत्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल, संगठन मंत्री राजेश कुमार राजू, कोषाध्यक्ष नासिर अली समेत अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बेसिक शिक्षा के उत्थान में ़मील का पत्थरङ्क साबित होंगे और जन समुदाय को विद्यालयों से जोड़ने का कार्य करेंगे।

# फरार अपराधी इरशाद खां गिरफ्तार अपराधियों के लिए अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मैलानी, खीरी। खीरी पुलिस ने जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज वांछित अभियुक्त इरशाद खां पुत्र नौशाद खां को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी थाना मैलानी पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी के नेतृत्व में की।गिरफ्तारी मु0अ0सं0 350/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत हुई। आरोपी अंगदपुर, थाना मैलानी का निवासी है और लंबे समय से पुलिस की निगाह में था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है और उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा।थाना मैलानी पुलिस ने इस कार्रवाई को जिले में अपराधियों के लिए एक सख्त चेतावनी बताया। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा ने कहा कि जनपद में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी हाल में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में प्रमुख रूप से उ0नि0 ब्रज मोहन सैनी और हे0का0 अमरीश कुमार पटेल ने भूमिका निभाई। पुलिस ने जनता से अपील की कि अगर किसी को अपराधियों की जानकारी हो, तो तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करें।इस गिरफ्तारी के बाद जिले में अपराधियों में हड़कंप मचा है और पुलिस की सक्रियता के चलते लोगों में कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास बढ़ा है। यह कार्रवाई जिले में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान की एक अहम सफलता मानी जा रही है।पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी अपराधियों के खिलाफ अभियान इसी तरह तेज़ गति से जारी रहेगा और खीरी पुलिस हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

## आखिर ऐसा क्या हुआ कि साहब ने एक ही तारीख में लगाई दो जाचें

कमलापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतनपुर में जनपद मुख्यालय से जांच नामित अधिकारी एडीओ पंचायत सिधौली प्रेम प्रकाश चौधरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें 23 अगस्त को दो जांच आख्या प्रस्तुत की गई। पहले जांच आख्या में यूजर नमक सफाई कर्मी उपस्थित मिला। जबकि इसी ग्राम पंचायत में तैनात महिला सफाई कर्मी अनुपस्थित थी। जांच आख्या में ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति गवाही के रूप में भी प्रेषित है।फिर *अचानक ऐसा क्या हुआ?* वहीं तारीख में उन्ही साहब द्वारा दूसरी जांच आख्या प्रेषित की जाती है। जिसमें उक्त लोगों के उपस्थिति की गवाही में उजैर नामक व्यक्ति (सफाई कर्मी) को अनुपस्थित दिखाया जाता है। किसी सूत्र के द्वारा जांच की जानकारी होने पर आ गए । और अनुपस्थित महिला सफाई कर्मी का नाम ही जांच आख्या से गायब कर दिया जाता है। शायद उनकी रहीसी का यही कारण है एडीओ पंचायत साहब इस तरह के खेल खेलने में काफी माहिर हैं।

# बड़ा हादसा टलाः स्टेयरिंग फ़ेल होने से तालाब में गिरी बस

**हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला बाहर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी, धौरहरा। शुक्रवार सुबह धौरहरा कस्बे के उत्तर दिशा में पलिया-धौरहरा नेशनल हाईवे पर एक बड़ा हादसा टल गया। एक प्राइवेट यात्री बस का स्टेयरिंग गुल्ला अचानक टूट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे तालाब में जा गिरी। सौभाग्य से इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।घटना विश्वनाथ फिलिंग स्टेशन के पास समदरहा तालाब के सामने की है। बस ढखेरवा चौराहे से सिसैया चौराहे की ओर सवारियां लेने जा रही थी। जैसे ही बस पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, अचानक स्टेयरिंग का गुल्ला टूट गया और ड्राइवर का नियंत्रण बस पर से हट गया।बस में उस समय केवल चालक बब्बन और कंडक्टर शोभित शुक्ला सवार थे। दोनों को मामूली चोटें आईं, लेकिन कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ।स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे की खबर तेजी से पूरे कस्बे में फैल गई, और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। तालाब में गिरी बस को बाद में क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया।ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ और किस्मत के चलते यह हादसा बड़ा बनते-बनते टल गया। स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई है और हादसे की जांच की जा रही है।कोतवाल सुरेश मिश्रा किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# गलत ऑपरेशन से महिला की मौत

**हंगामे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सील किया हॉस्पिटल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर में स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही एक बार फिर सामने आ गई है। कपूरथला चौराहा स्थित श्री शिव शक्ति हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में प्रसव के दौरान महिला का गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं नवजात बच्चे की हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है।महिला की मौत की खबर फैलते ही परिजन और स्थानीय लोग गुस्से से उबल पड़े और अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एम. गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित शिव शक्ति हॉस्पिटल को सील कर दिया गया।इस घटना से पूरे मोहल्ला कपूरथला और शहर में सनसनी फैल गई है। लोग कह रहे हैं कि यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि जिले में कई अस्पताल बिना पंजीकरण और बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों के धड़ल्ले से चल रहे हैं और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब ये अस्पताल लंबे समय से खुलेआम अवैध तरीके से काम कर रहे थे, तो स्वास्थ्य महकमा अब तक चुप क्यों बैठा था?स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ बड़ी घटनाओं और मौतों के बाद ही हरकत में आते हैं। जब तक कोई जिंदगी नहीं चली जाती, तब तक विभाग आंखों पर पट्टी बांधे रहता है। यही वजह है कि ऐसे अवैध अस्पताल पनपते हैं और आए दिन गरीब व लाचार मरीजों की जान जोखिम में डालते हैं।इस दर्दनाक हादसे ने पूरे लखीमपुर में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। लोग प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक ऐसे ़मौत के सौदागरङ्क अस्पताल बिना रोक-टोक के चलते रहेंगे और कब तक जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटेगी।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया खेल दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। एल्पिस ग्लोबल स्कूल में खेल दिवस का कार्यक्रम बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ किया ,विद्यालय परिसर में शिक्षकों व छात्रों के मध्य वॉलीबॉल का अत्यंत रोमांचक खेल खेला गया जिसमें मैच तीन सेट में खेला गया पहले वह तीसरे सेट में बच्चों ने दो प्वाईंट से बढ़त बनाकर खेल परिणाम अपने पक्ष में किया छात्र टीम के कप्तान पीयूष कश्यप व सिद्धेश तिवारी ने अत्यंत शानदार प्रदर्शन किया तथा शिक्षक टीम के कप्तान विशाल मिश्र का प्रदर्शन अत्यंत प्रशंसनीय रहा विद्यालय के डायरेक्टर तथा प्रधानाचार्य दीपा चंद्रा ने विजयी छात्र टीम को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा खेल हमें शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं तथा कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त छात्रों अध्यापकों व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन भी किया ।

## सूचना न देने पर जिला पंचायतराज अधिकारी पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

लखीमपुर खीरी। लखनऊ राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने की कार्रवाई, अधिरोपित 25,000 अर्थदण्ड की वसूली का आदेश पारित करते हुए साथ ही उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा-20 (2) के तहत विभागीय / अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए विभागाध्यक्ष / नियोक्ता से संस्तुति के भी दिए आदेशअपीलकर्ता/व उनके प्रतिनिधि श्री रोहित त्रिपाठी ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत अपीलकर्ता को सूचना न देने पर राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने लखीमपुर खीरी के पंचायती राज अधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस रकम की वसूली उनके वेतन से की जाएगी। दण्डादेश की वसूली के क्रम में रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ को निर्देशित किया गया है कि प्रतिवादी जनसूचनाधिकारी / जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद- लखीमपुर खीरी के उक्त दोनों जनसूचनाधिकारियों के वेतन से आयोग द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड रु0 25,000/- की कटौती कराई गयी वसूली की आख्या पत्रावली पर संरक्षित की गयी। ट्रेजरी, लखीमपुर खीरी को भी निर्देशित किया गया है कि अर्थदण्ड की धनराशि उक्त दोनों जन सूचनाधिकारियों के वेतन से कटौती करते हुए आयोग को अवगत कराया जाये। विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के क्रम में प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को इस आशय से पारित आदेश की प्रति प्रेषित किया गया है कि कृपया उक्त दोनों प्रतिवादी जनसूचनाधिकारी / जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद- लखीमपुर खीरी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के क्रम में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अपनी आख्या से आयोग को अवगत कराएं। पारित आदेश की प्रति रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ तथा प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गयी। अपीलकर्ता ने संबंधित दण्ड अधिरोपित/विभागीय कार्यवाही में न्यायिक विधिक बाधा न उत्पन्न हो इसके सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में संबंधित आदेश दिनांकित 19- 08-2025 अपील संख्या एस 5/ए/0414/2024 में केविएट भी फाइल कर दी गयी है।

## नकब लगाकर चोरी, लाखों का माल पार




मानपुर, सीतापुर। मानपुर थाना इलाके के एक गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने कमरे की पिछली दीवार में नकब काटकर कमरे में रखी अलमारी के लॉक तोड़कर जेवरात व 50 हजार रुपये उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को तहरीर दी गई। जानकारी के मुताबिक गांव बन्नीराय निवासी छोटेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया शुक्रवार की रात घर के सदस्य कमरे के बाहर सो रहे थे। रात के किसी पहर चोरों ने कमरे की दक्षिण की दीवार में नकब काट दी। नकब से चोर कमरे में घुसे जहां बक्से व अलमारी में रखे सोने के झाला, सोने की माला,चांदी की पायल व पचास हजार की नकदी उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। गांव में दहसत का माहौल है। पीड़ित ने मानपुर थाने पर तहरीर दे दी है। प्रशिक्षु पी पी एस अभिषेक कुमार ने बताया मेरे द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गई है। मुकदमा पंजीकृत कर जल्द ही चोरों का सुराग लगाया जाएगा।

# धौरहरा तहसील में अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने की पहल

**पंजीकृत टाइपिस्टों और अर्जीनवीसों को मिल सकती है राहत**

**उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौपा ज्ञापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। खीरी जिले की धौरहरा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध कार्यों के विरुद्ध एक ठोस कदम उठाया गया है। पंजीकृत टाइपिस्टों और अर्जीनवीसों की आजीविका की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र सौंपा गया, जिसमें तहसील परिसर में नियमों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। यह पहल स्थानीय न्यायप्रिय नागरिकों और पेशेवरों की जागरूकता और हिम्मत का प्रतीक है, जो व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सक्रिय हो रहे हैं। मुख्य बिंदुओं :अवैध रूप से दस्तावेज तैयार करने और स्टाम्प बेचने वालों के खिलाफ शिकायत।नायब नाजिर पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप।पंजीकृत पेशेवरों की रोज़ी-रोटी पर संकट।मुख्यमंत्री से न्यायिक जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग।ज्ञापन देने वालों में रमाकांत अवस्थी, केशव तिवारी, इकबाल, सलीम, राजू खा, सचिन साहू, जनमेजय मिश्रा , मुन्ना त्रिवेदी आदि टाइपिस्ट और अर्जीनवीस सजग नागरिक शामिल रहे।

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं, विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर कमिश्नर की फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत लखीमपुर खीरी पहुंचीं। जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद आयुक्त सीधे कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार पहुंचीं, जहां उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की गहन समीक्षा की।बैठक में आयुक्त ने विभागवार सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों को खंगालते हुए अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी और कई विभागों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने, नालों की सफाई और जलभराव की समस्या दूर करने पर विशेष जोर दिया। सड़क चौड़ीकरण कार्यों में बाधा बन रहे बिजली के पोल और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई और अफसरों को चेतावनी दी कि यदि काम समय पर नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट सीधे उनके पास भेजी जाएगी।बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए बिजली दफ्तरों और तहसीलों में विशेष काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी कॉलोनियों और कार्यालयों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का आदेश भी दिया। कृषि क्षेत्र की समीक्षा में उन्होंने हाईटेक नर्सरी और मशरूम इकाइयों की प्रगति जानी और किसानों को योजना से अधिकाधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया।सीएम आवास योजना को लेकर उन्होंने साफ निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाए। अब तक 812 परिवारों की सूची दैवीय आपदा मद में दर्ज की गई है। उन्होंने एफएसटीपी यूनिट और डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की भी समीक्षा की और जल्द कार्ययोजना पूर्ण करने को कहा। गोला कॉरिडोर निर्माण की रफ्तार तेज करने और जर्जर परिषदीय विद्यालय भवनों को नियमानुसार सील व ध्वस्त करने के निर्देश भी दिए।स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देते हुए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि अस्पतालों की रेड-जैसी चेकिंग की जाए और हर हॉस्पिटल का पंजीकरण अनिवार्य रूप से वेरिफाई कराया जाए। सीएमओ ने उन्हें बताया कि जांच और कार्रवाई के लिए 16 टीमें गठित कर दी गई हैं जो अभियान चलाकर नियमित निगरानी करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान, आशा बहुओं की चयन प्रक्रिया और चिकित्सकों की नियुक्तियों की जानकारी भी दी।आयुक्त ने साफ कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोतवाली के चक्कर लगाकर पीड़ित हुआ परेशान,नही मिल रहा न्याय



गोला गोकरणनाथ खीरी। जिले के गोला कोतवाली क्षेत्र में एक आम के पेड़ का अवैध कटान हुआ है। यह पेड़ दिलेर नगर निवासी राम लाखन के आम के बाग में था। दूसरे पक्ष ने बिना अनुमति के इस पेड़ को काट दिया और लकड़ी को बेच दिया।जब राम लाखन को इस बात की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को गोला कोतवाली बुलाया और उनके नाम लिखकर घर भेज दिया। लकड़ी को गोला कोतवाली में रखने को कहा गया, लेकिन जिस व्यक्ति ने पेड़ को बेचा था, उसे कोई कार्रवाई नहीं की गई।यह घटना गोला कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाती है। पीड़ित व्यक्ति न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन उसे न तो न्याय मिला है और न ही उसकी समस्या का समाधान हुआ है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डुप्टा गाँव में आयोजित हुआ गांव की समस्या, गाँव में समाधान कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प लगाये जिसमे ग्रामीणो को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी**

सम्भल, बहजोई। विकासखंड रजपुरा के ग्राम पंचायत डुप्टा कलाँ में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुप्टा कलाँ का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं संतोषजनक न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चे ड्रेस में आयें तथा शैक्षिक गुणवत्ता एवं विद्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्रत्येक बच्चे की मेरी त्रुटि मेरी सीख की कॉपी बनी हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में मनरेगा के माध्यम से भी कार्य कराया जाए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों को संयुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर लगाया गया। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान शकुंतला देवी के प्रतिनिधि द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर का शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पुरस्कार स्वरूप पुस्तक दी गयीं। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया।पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पहले लाभार्थी को 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसको बढाकर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं आयुष्मान गोल्डन कार्ड, टीकाकरण, एएनसी जांच आदि के विषय में ग्रामीणों को बताया। उप निदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी दी ।कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, तथा एफपीओ के गठन तथा उसके लाभ के विषय में भी बताया। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की तथा आशा डायरी को चेक किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती माताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रामीणों से अनुरोध किया कि गाँव में प्रसव न करायें। डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन की जांच के विषय में भी जानकारी प्राप्त की तथा सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच शत प्रतिशत हो। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड शत प्रतिशत बने। आईसीडीएस के पुष्टाहार वितरण एवं सैम मैम बच्चों को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। पूर्व सेवानिवृत्त डीआईजी आनंद कुमार ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान शिक्षा है, शिक्षा पर सभी को ध्यान देना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने गांव को साफ स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम वासियों से संकल्प लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा की ग्राम के कचरा निस्तारण के लिए प्रत्येक ग्राम वासी 1 रुपये प्रतिदिन देकर अपने घर का कचरा उठवायें ताकि आपका घर एवं गाँव स्वच्छ रह सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सवा वर्ष से अधिक समय से ग्राम चौपाल सक्रिय रूप से संचालित की जा रही है जिनमें उनके स्वयं एवं मुख्य विकास अधिकारी जनपदीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शिक्षा रूपी दीपक जलाने से अंधेरा हट जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल अगर ग्राम की किसी सरकारी भूमि पर कब्जा हो तो उसको हटवाएं। ग्राम में कोई तालाब हो तो उसका अमृत सरोवर के रूप में सौन्दर्यीकरण किया जाए। ग्राम में एक रुपये प्रतिदिन प्रति घर कूड़ा कलेक्शन प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम के विद्यालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सुंदर रहें।

## घर के बाहर से नाबालिग लड़की को अगवा कर ले गए बदमाश

बदायूं। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में सात दिन पहले घर के बाहर खड़ी नाबालिग लड़की को सात बदमाश कार से अगवा कर ले गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। लड़की के पिता ने बताया कि 22 अगस्त को वह अपने काम से सिलसिले से बाहर गए हुए थे। इस दौरान उनकी नाबालिग बेटी घर के बाहर खड़ी थी। तभी सुमित, अमरवती, सत्तो, सौरभ, ममता, गौरव और गोपी गाड़ी से आए और बेटी को जबरन उठाकर ले गए। जब वह घर पहुंचे तो पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दी। वह थाने पास पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि कचहरी चौकी प्रभारी मामले की विवेचना कर रहे हैं।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में रक्तदान जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

बदायूँ। राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में आज रक्तदान जागरूकता अभियान 2025 का भव्य शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का महान अवसर भी है। हमारे कॉलेज के छात्र-छात्राएं केवल शिक्षा में ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी आगे बढ़ रहे हैं। इस अभियान को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस को समर्पित करना हमारे लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि यह पहल छात्रों को समाजसेवा और मानवता की दिशा में प्रेरित करेगी।कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सुचेता यादव, विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग तथा स्पर्श संस्था के संस्थापक राजन मेहंदीरत्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने हेतु सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अभियान के अंतर्गत एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें छात्रों को ह्यरक्तदान जागरूकताङ्ख विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लिए 75 शब्दों में संदेश लिखना होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य और उसे प्राप्त करने की योजना पर निबंध भी प्रस्तुत करना होगा। विजेताओं की घोषणा एवं सम्मान समारोह आगामी 16 सितंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। उसी दिन कॉलेज में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह ने किया। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग के डॉ. श्रवण कुमार भार्गव, डॉ. श्वेता कनौजिया, डॉ. ममता कनौजिया, डॉ. मयंक, डॉ. संदीप, ब्लड बैंक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह अभियान न केवल रक्तदान के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी जागृत करता है।

## बाबा साहब आप्टे व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर संगोष्ठी

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में बाबा साहब आप्टे व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में उनके द्वारा भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में दिये गए योगदान को रेखांकित किया।शुक्रवार को डीपीबीएस कालेज में बाबा साहब आप्टे व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने कहा कि बाबा साहब आप्टे जैसे महान व्यक्तित्वों का अध्ययन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सेवा भावना को प्रबल करता है। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. नरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि बाबा साहब आप्टे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख चिंतकों में से एक थे। जिन्होंने सामाजिक समरसता, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति को जीवन का मूल मंत्र बताया। प्रो. पी के त्यागी ने कहा कि बाबा साहब आप्टे जैसे महान व्यक्तित्वों का अध्ययन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सेवा भावना को प्रबल करता है।इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन

अनूपशहर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मान सिंह मोंटू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार संजय कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें बुलंदशहर से होकर गुजरने वाले गंगा यमुना लिंक एक्सप्रेस वे के लिए भूमि अधिग्रहण से पहले जमीनों का सर्किट रेट बढ़ाने, गरीबों व किसानों के हित में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का अनुदान दिलाने, कुछ राजनीतिक दलों के नेता यूनियन की टोपी लगाकर अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार कर रहे हैं ऐसे नेताओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, गन्ने का मूल्य 500 रुपए प्रति कुंटल, जर्जर बिजली तारों को बदलने, डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाने, मिलावटी दूध का व्यवसाय करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। भाकियू 1-3 सितंबर तक बाबा मस्तराम घाट से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा करेगी। तहसीलदार संजय कुमार ने ज्ञापन को जिलाधिकारी को भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, कीरत पवार, विजेंद्र सिंह, दयावीर, किरन पाल, रोहित कुमार, राजकुमार, दुर्योधन शर्मा, सोमवीर सिरोही आदि मौजूद रहे।

## 29 सितम्बर 2025 तक घर-घर जाकर फार्म 11 तहसील कार्यालय में करे जमा

बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में लगे बी0एल0ओ0 को व्यापक जानकारी देने हेतु अर्बन हार्ट स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग गांव-गांव जाकर डोर टू डोर सर्वे उचित प्रकार से करें, जिससे वोटर लिस्ट सही बने तथा तरह-तरह की भ्रांतियां न फैलें। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट बनाने हेतु जिस बी0एल0ओ0 को जो लक्ष्य दिया जाये उसे शत प्रतिशत पूर्ण करें, वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार का भेदभाव ना किया जाए। निर्वाचन प्रक्रिया में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे पूरी ईमानदारी व गंभीरता के साथ निभाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बी0एल0ओ0 जो पुनरीक्षण कार्य हेतु सर्वाधिक ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप का प्रयोग करेंगे उन बी0एल0ओ0 को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी तथा मोबाइल ऐप से मतदाताओं की एंट्री करने वाले बीएलओ को सामान्य मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जायेगा।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि समस्त बी0एल0ओ0 निष्ठा पूर्वक कार्य करें और आगामी 29 सितम्बर 2025 तक घर-घर जाकर फार्म 11 पर सूचनाएं एकत्रित कर सम्बन्धित तहसील कार्यालय में एक प्रति अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समस्त बी0एल0ओ0 के मोबाइल पर ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, घर-घर जाकर गणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/बी0एल0ओ0 उपस्थित रहे।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से आमजन को मिल रही है निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि नगरों से लेकर गाँव तक के सभी लोगों को निःशुल्क इलाज मिले। इसके लिए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी विस्तार किया है। प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, विशेष कर गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सुलभ, सस्ती, प्रभावी और विश्वसनीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मरीजों को निःशुल्क इलाज व मुफ्त दवायें दी जा रही हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत प्रदेश के 1.80 करोड़ से अधिक परिवारों के लाभाथियों को प्रतिवर्ष प्रतिपरिवार 05 लाख रूपये तक का चिकित्सा बीमा कवर देते हुए निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत 5.32 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किये गये है। वरिष्ठ नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना से कवर किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत इलाज के लिए पूरे देश में सर्वाधिक 5,854 सरकारी व निजी अस्पतालों को सम्बद्ध किया गया है। इस योजनान्तर्गत अब तक 67.11 लाख से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने 11 जिलों में 50 बेड के एकीकृत चिकित्सालय स्थापित किये है, जिसमें जनता को सभी रोगों की चिकित्सा जाँच आदि का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 4890 विभिन्न एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है। देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गर्भवती, स्तनपान कराने वाली, काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए उन्हें लाभान्वित करने और उनके उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना लागू की है। प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत लाखों कामकाजी/मजदूरी करने वाली मातायें लाभान्वित हुई है। प्रदेश में प्रसव के समय मातृ मृत्युदर में भारी कमी आई है। उसी तरह विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान चलाकर ए.ई.एस/जे.ई. रोग पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए बीमारी से होने वाली मृत्युदर में 98 प्रतिशत से अधिक कमी लाई गई है। प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों, गर्भवती महिलाओं को घर से चिकित्सालय तक लाने व वापस ले जाने हेतु निःशुल्क एम्बुलेन्स सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश में 102 एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 2,270 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं जिनके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल, 2024 से दिसम्बर, 2024) में 1,21,94,148 लाभार्थियों को परिवहन सेवा प्रदान की गयी है। इस सेवा का एवरेज रेस्पांस टाइम 2017 में 09 मिनट 05 सेकण्ड था, जिसे घटाकर वर्तमान में 06 मिनट 25 सेकण्ड हो गया है।उसी तरह 108 एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 2,200 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं।

# खेल सिखाते हैं अनुशासन व टीम भावना, बढ़ता है आत्मविश्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस व राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बहेड़ी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन व टीम भावना सिखाते है तथा आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ तन व स्वस्थ मन बनाने के लिए कहा। केन्द्रीय राज्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आगामी सांसद खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए पोर्टल का लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खेलेगा इंडिया तो खेलेगा इंडिया। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी ने हॉकी को लोकप्रिय बनाया तथा विश्व पटल पर उन्होंने भारत का नाम रोशन किया।उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जाता है अगर युवा खेल से जुड़ेंगे तो नशे से दूर होंगे। उन्होंने युवाओं से खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आवाहन भी किया। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री कहते हैं जब हमारे देश के 140 करोड लोग एक कदम चलते हैं तो देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ता है।मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि जनपद बदायूँ में सांसद खेल महोत्सव-फिट युवा फोर विकसित भारत का आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा, जिसमें 10 खेलों को अभी तक चिन्हित किया गया है इन खेलों की संख्या को बढ़ाया भी जा सकता है, जिसके लिए पंजीकरण प्रारम्भ हो गए हैं।

# पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ करें ई-बीएलओ ऐप का प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संतोष कुमार सिंह ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 के पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण में जो बी0एल0ओ0 सर्वाधिक ई-बी0एल0ओ0 ऐप का प्रयोग को प्रयोग कर पुनरीक्षण का कार्य करेंगे, उनको पुरस्कृत किया जायेगा।मा0 आयोग द्वारा ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप के संचालन हेतु दिशा निर्देश दिये गये हैं, जिसके अंतर्गत ई-बी0एल0ओ0 ऐप के संचालन के सम्बन्ध में ऐसे बी0एल0ओ0 जो ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप से मतदाताओं की इन्ट्री करेंगे उनको सामान्य मानदेय के साथ-साथ मतदाता इन्ट्री हेतु रू0 200/- का अतिरिक्त प्रोत्साहन भत्ता दिया जायेगा साथ ही जनपद के अन्तर्गत ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप सर्वाधिक प्रयोग करने वाले 08 बी0एल0ओ0 को प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी बशर्ते वह बी0एल0ओ0 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की इन्ट्री ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप से करेंगे। जनपद में ऐसे सर्वोच्च 08 बी0एल0ओ0 को अधिकतम मतदाता इन्ट्री हेतु ई-बी0एल0ओ0 मोबाइल ऐप का प्रयोग करने पर निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जायेगी यथा- प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार रूपए 10000/-, द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 8000/-, तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार रुपए 6000/- एवं सांत्वना प्रोत्साहन धनराशि (05 बी0एल0ओ0 को) रुपए 3000/- प्रदान की जाएगी। उक्त के क्रम में समस्त उप जिलाधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 को निर्देशित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण में बी0एल0ओ0 ऐप का प्रयोग किए जाने पर प्रोत्साहन धनराशि के संबंध में अपने स्तर से समस्त बी0एल0ओ0 को अवगत कराते हुए मा0 आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# विद्युत विभाग की जमीन को 20 साल पुराने अवैध कब्जे से कराया गया मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रामपुर बाग स्थित आवासीय बिजली विभाग कॉलोनी और कार्यालय परिसर की जमीन की कीमत करीब 50 करोड़ थी जिस अवैध कब्जा था**

बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रबल हस्तक्षेप व जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति में रामपुर बाग बरेली स्थित विद्युत विभागीय आवासीय कॉलोनी में लगभग 20 साल पुराने अवैध कब्जे को हटवाया गया।


रामपुर बाग स्थित आवासीय बिजली विभाग कॉलोनी और कार्यालय परिसर में कुछ लोगों द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपए की कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर डेयरी चलाई जा रही थी। डेयरी संचालक बिजली विभाग की जमीन पर कब्जा कर नगर निगम से मुकदमेबाजी कर रहे थे। उनके द्वारा अवैध डेयरी संचालन से परिसर में सुरक्षा अतिक्रमण और गंदगी जैसा माहौल बन गया था। बिजली विभाग ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से सहयोग लेकर बरसों पुराना अवैध कब्जा हटवा दिया है।जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विगत दिवस बिजली विभाग, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार, पुलिस आदि ने मिलकर भूमि से अतिक्रमण और कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की। इसका विरोध डेयरी संचालक व अतिक्रमणकर्ताओं ने किया। उन्होंने बताया कि उनके पास स्टे आर्डर है लेकिन दिखा नहीं पाये।रामपुर बाग स्थित बिजली विभाग कॉलोनी परिसर से डेयरी और अतिक्रमण हटाना एक चुनौती थी लेकिन चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश ने सूझबूझ से काम लिया। उन्होंने तेज तर्रार जिलाधिकारी अविनाश सिंह से संपर्क किया और पूरी स्थिति से अवगत कराया। फिर अतिक्रमण हटाने संबंधी योजना बनी, जिससे 50 करोड़ रूपये कीमती जमीन कुछ ही घंटे में फ्री हो गई। डेयरी ध्वस्त कर अवैध गेट भी बंद कराया गया। जिला प्रशासन सहयोग से हुई संयुक्त कार्यवाही में दो दर्जन से अधिक गाय, भैंसों की डेयरी हटा दी गयी है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा बनाई गई प्लानिंग व मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश द्वारा की गयी पहल काम आयी।कार्यवाही के दौरान उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार लगातार कार्यवाही पर निगरानी रखे हुए थे और पल-पल खबरें ले रहे थे। सिविल अधिशासी अभियंता जुनेद आलम और विभागीय टीम मौजूद रही। पुलिस बल तैनाती होने से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। कार्यवाही ऐतिहासिक उदाहरण बन गई है। उक्त कार्यवाही से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे लोग अब सतर्क हो जाएं, अवैध कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

# झोलाछाप की फौज कर रही मौज

**झोलाछाप टीम की उगाही मामले में हो चुकी है फजीहत**

**नवादा क्षेत्र में अवैध अस्पताल कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बदायूं। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात झोलाछाप बाबू, नोडल ऑफिस में गाड़ी में नहीं बैठते है। गाड़ी को लावेला चौक पर बुलाकर बैठकर क्षेत्र में निकलते हैं। जिससे किसी को कोई जानकारी नहीं हो सके। झोलाछाप टीम कहां जा रही है। सूत्र बताते है कि उसके बाद झोलाछापों को नोटिस देकर आते है फिर उन्हें ऑफिस बुलाकर बाबू झोलाछापों से सेटिंग करके मोटी रकम वसूलता हैं। वहीं आईजीआरएस पर झूठी आख्या लगाकर निस्तारित कर देता है। जिसका एक मामले में खुलासा हुआ है। निस्तारण में अवैध नर्सिंग होम बंद दिखाया है। लेकिन वह अनवरत कार्यकर रहा है। आर्थिक समझौते के चलते कार्रवाई औपचारिक मात्र हो रही है। झोलाछाप बाबू की उच्च अधिकारियों द्वारा अगर जांच होती है। तो भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाएगा। कुछ समय पूर्व झोलाछाप का चार्ज पर रहा था लेकिन विवादित होने के कारण चार्ज छीन लिया गया था। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता से मिलकर बीएएमएस डाक्टरों ने झोलाछाप टीम पर अवैध उगाई का आरोप लगाया था जिसको संज्ञान लेते हुए सीएमओ ने झोलाछाप टीम को तत्काल प्रभाव हटा दिया था। उसके कुछ समय बाद पुनः उसी टीम को चार्ज दे दिया जिसकी वजह से क्षेत्र में झोलाछापों से उगाही का सिलसिला बदसूरत जा रही है। जिसकी बजह से पटल बाबू की तानाशाही चल रही। सीएमओ इस मामले से बेखबर है। डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाने का आदेश हुआ था। जिसमें टीम ने अभी तक झोलाछाप डॉक्टरों, निजी अस्पताल संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। बल्कि नोटिस के नाम पर झोलाछापों से अवैध हो रही है शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में हजारों की संख्या में निजी अस्पताल झोलाछाप डॉक्टर अपने-अपने अस्पताल धड़ल्ले से संचालन कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की मानें तो झोलाछाप के नोडल अधिकारी ने अब तक किसी निजी अस्पताल संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि जिलेभर में लगभग एक हजार से ज्यादा अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप क्लीनिक संचालित हो रहे है। ग्रामीण इलाके के अलावा शहरी क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिक की भरमार है। सवाल उठता है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टरों कार्रवाई नहीं हो रही है। सूत्रों के मुताबिक लगभग आधा दर्जन निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान को भी खतरा रहता है।

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप मनायी

अनूपशहर। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए अनेक स्कूलों में उनकी जयंती मनाकर जीवन पर प्रकाश डाला। शुक्रवार को नगर के पीएसपीए विद्या मंदिर विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी, विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, प्रबंधक धीरज सिंह, प्रधानाचार्य पी बाला आदि मौजूद रहे। जेपी विद्या मंदिर मुख्य परिसर में मेजर ध्यानचंद के खेल कौशल और समर्पण का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य नीना चतुर्वेदी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। परदादा परदादी इंटर कालेज में विविध खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य कृष्णकांत शर्मा ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीपीबीएस कालेज में प्राचार्य डा. जीके सिंह के निर्देशन में मेजर ध्यानचंद जयंती मनाई गई।

# शारीरिक व मानसिक रूप से रहे फिट- एसएसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी।शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर समस्त शाखाओं एवं पुलिस परिसर निर्माणाधीन कार्यों आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक व अन्य व्यवस्थाओ को चैक किया गया। अपराध सुलझाने में मददगार और जाँच-पड़ताल को नई रफ्तार देने वाली आधुनिक तकनीक से सुसज्जित नई मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा किया गया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ ''डॉ0 बृजेश कुमार सिंह'' द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षणाधीन गौरव उपाध्याय द्वारा किया गया। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत आगामी रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक का निरीक्षण कर बैरक को दुरुस्त करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# छोटे-मोटे तूफानों से अर्थव्यवस्था पर असर नहीं: केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री

**दुनिया की परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आयात-निर्यात और कारोबारी माहौल में बड़े बदलाव आ रहे है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने भारत-अमेरिका टैरिफ विवाद पर कहा- दुनिया की परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आयात-निर्यात और कारोबारी माहौल में बड़े बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।ऐसे छोटे-मोटे तूफानों से हमारी अर्थव्यवस्था को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।सरकार की जिम्मेदारी है कि नाग रिकों को नुकसान न होने पाए।जहां बेहतर बाजार मिलेगा,वहां हम प्रवेश करेंगे और मज बूती से आगे बढ़ेंगे।ये बातें केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आरपी इंटर कॉलेज में कहीं।

### ग्लोबल साउथ के देश भारत को लीडर मानते

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की वर्षों की मेहनत का परिणाम है कि कई देश अ ब भारत के साथ खड़े हैं।दक्षिण और ग्लोबल साउथ के देश भारत को अपना नेता मानते हैं और उनके साथ मिलकर भारत आर्थिक मज बूती की दिशा में और आगे बढ़ेगा।उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ विवाद नया नहीं है।''हमारे ट्रेड बैलेंस में लंबे समय से भारत के पक्ष में स्थि ति रही है।हम जितना अमेरिका से खरीदते नहीं थे,उससे कहीं ज्यादा हम अमेरिका को एक्स पोर्ट करते थे।इसका लाभ भी हमें मिला है, सि र्फ नुकसान नहीं हुआ।दुनिया में सरकारें और उनकी नीतियां बदलती रहती हैं, स्थायी कुछ नहीं होता।

### कांग्रेस देश की इमेज को नुकसान पहुंचा रहा

भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी पर कांग्रेस की आलोचना को लेकर मंत्री ने कहा- कांग्रेस का नजरिया बहुत सीमित हो गया है,उनका ध्यान सिर्फ प्रधानमंत्री की कुर्सी पाने पर है।संसद नहीं चलने देते,तरह-तरह के बयान देकर देश की इमेज को नुकसान पहुंचा रहे हैं।यह गलत है। उन्होंने कहा-जापान ने भारत में ट्रिलियन येन के निवेश का ऐलान किया है।यह संबंधों की मजबूती का प्रमाण है और इसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री की कूटनीति को जाता है।

### राज्यमंत्री ने कहा- भारत झुकने वाला नहीं

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़राजा भैया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संदेश साफ कर दिया है कि भारत झुकने वाला नहीं है।उनके निर्णय ही इस बात का संके त हैं।बिहार में पीएम मोदी की मां के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर उन्होंने कहा- ऐसी स्तर हीन गतिविधियों पर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर ना चाहता। देश की जनता समय आने पर वोट के रूप में इसका सही जवाब देगी। बता दें कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने शुक्रवार को आरपी इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करने पहुंचे थे।वॉलीबॉल और खो-खो सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। हजारों बच्चों ने इसमें भाग लिया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर सम्मानित किया गया, खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए मंग ल दल टोलियों को अलग-अलग खेलों की किट भी दी गईं।

# इन्दिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी की जयन्ती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड ने नगर पलिका परिषद के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, बहराइच उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी बृजमोहन मातनहेलिया, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, जिला क्रीडाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य महराज सिंह इण्टर कालेज संतोष शुक्ला सहित खेल संगठनों के पदाधिकारी व अन्य अतिथियों के साथ मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का शुभारम्भ कर मौजूद विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों व अन्य अतिथियों को शपथ भी दिलायी।इसके पश्चात पूर्व सांसद ने अन्य अतिथियों के साथ जनता माण्टेस्री स्कूल व गोल्डेन वेल्स एकेडमी के मध्य खेले जाने वाले हाकी मैच का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान पदमश्री मोहम्मद शाहिद सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम विजयन्तखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री गोड ने कहा कि हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा है कि खेलों के माध्यम से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास हो और खेलों के प्रति उनकी रूचि बढ़े। गत वर्षो में ओलम्पिक के दौरान हमारे देश के कई होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है।

# डॉ. हुस्न तबस्सुम निहाँ को श्रीलंका में मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए नानपारा की प्रसिद्ध लेखिका डॉ. हुस्न तबस्सुम निहाँ को कालनीय यूनिवर्सिटी, कोलंबो (श्रीलंका) में सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र भेंट कर यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में हिंदी और सिंहली भाषा का सांस्कृतिक अवलोकन विषय पर भारतीय और श्रीलंकाई लेखकों व प्रोफ़ेसरों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. निहाँ अब तक दो दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुकी हैं। उनके साहित्यिक कार्यों पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मुंबई यूनिवर्सिटी, पटना यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल हिंदी साहित्य के लिए गौरव का विषय है, बल्कि नानपारा व बहराइच का नाम भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोशन कर रही है।

# अनामिका शुक्ला फर्जीवाड़ा में बीएसए समेत आठ के खिलाफ जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के चर्चित अनामिका शुक्ला फर्जी वाड़ा प्रकरण में बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने जांच शुरू हों गईं है।नगर कोतवाली पुलिस ने गोंडा बेसिक शिक्षा विभाग और वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय से मामले से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। हालांकि दो दिन बीत जाने के बाद भी ये दस्ता वेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।इस हाईप्रोफाइ ल केस की जांच का जिम्मा उपनिरीक्षक शुभम दुबे को दिया गया है।उन्होंने मुकदमा दर्ज करा ने वाले प्रदीप पांडे से भी पत्र भेजकर साक्ष्य मां गे हैं।पुलिस की नजर इस बात पर है कि आखि र बिना नियुक्ति के अनामिका शुक्ला को वेतन कैसे जारी किया गया और उनकी डिग्रियों का दुरुपयोग कर किन-किन लोगों को नौकरी दि ला ई गई।

### आरोपियों ने की हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी,पटल लिपिक सुधीर सिंह समेत अन्य आरोपी मुकदमा दर्ज होते ही छुट्टी लेकर हाई कोर्ट जाने की



तैयारी में जुट गए हैं। विभागीय स्तर पर इस घटनाक्रम ने खलबली मचा दी है।

### जिनके खिलाफ मिलेंगे साक्ष्य होंगे गिरफ्तार

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दस्तावेज मांगे गए हैं जैसे ही ये मिलेंगे,जांच आगे बढ़ेगी।जिनके खिलाफ साक्ष्य मिलेंगे, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।कोर्ट के आदेश और विधिक राय के आधार पर ही मुक दमा दर्ज हुआ है और आगे की कार्रवाई भी विधिक राय के अनुसार होगी।वर्ष 2020 में ये पूरा मामला सामने आया था।शिक्षा विभाग को पता चला था कि अनामिका शुक्ला के नाम पर ही यूपी के पचीस कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नौकरी करके करोड़ों रुपए का हर महीने वेतन लिया जा रहा था।उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पू रे मामले को संज्ञान में लेकर जांच एसटीएफ को सौंप थी।एसटीएफ के सामने सबसे बड़ी परेशानी अनामिका शुक्ला की पहचान करने की थी।ये साफ नहीं हो पा रहा था कि असली अनामिका शुक्ला कौन है और कहां की रहने वाली है...?

### अनामिका खुद पहुंची थी बीएसए ऑफिस

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के दौरान अचा नक असली अनामिका शुक्ला गोंडा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची थी, उसने वहां एक शिकायती पत्र दिया कि उसके शैक्षिक दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किया ग या है।वो बेरोजगार है,लेकिन उसके नाम पर पचीस लोग नौकरी कर रहे हैं।एसटीएफ ने जां च करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज था।वहीं मामला सामने आने के बाद सा ल-2020 में अनामिका शुक्ला को अस्थाई तौर पर भैया चंद्रभान दत्त लघु माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्रबंधक से एक नियुक्ति पत्र दिलाया गया। शिक्षा विभाग को ये दिखा दिया गया कि अनामिका शुक्ला को गोंडा में सहायक अध्याप क के पद पर नौकरी मिल गई है।लेकिन,दिलच स्प बात तब निकलकर आई,जब शिक्षा विभाग की जांच में सामने आया कि अनामिका शुक्ला भैया चंद्रभान विद्यालय में साल 2017 से तैना त है और वेतन भी ले रही हैं।फिर साल 2020 में उनकी फिर से नियुक्ति कैसे हो गई यह सब सवालों के घेरे में है।इसके बाद अनामिका शु क्ला की नियुक्ति पर रोक लग गई। साथ ही मा मले की नए सिरे से जांच शुरू हुई। युवाओं का डाटा लीक कर करते हैं दुरुपयोग इस मामले में जनसंवाद मंच के कार्यकर्ता प्रदीप कुमार पांडे य ने आरोप लगाए कि बेसिक शिक्षा विभाग में एक गिरोह है,जो सिंडिकेट की तरह काम कर रहा है।युवाओं का डाटा लीक करके उसका दुरुपयोग कर फर्जी नियुक्तियां कर करोड़ों रुपए का गबन किया जा रहा है। अनामिका शुक्ला का मामला उनमें से एक है।जनवरी तक मिली अनामिका शुक्ला को सैलरी प्रदीप पांडेय ने यह भी आरोप लगाया है कि 9 जनवरी, 20 25 को अनामिका शुक्ला के खाते में विभाग के द्वारा सैलरी भेजी गई है।इस मामले में जब जिलाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सैलरी संशोधन पत्र अगस्त 2024 को मिल ने वाले वेतन के आधार पर भेजा गया है।कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया प्रदी प पांडे ने आरोप लगाया कि जिला बेसिक शि क्षा अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में यह भी लिखा की 2024 से वेतन संशोधन टाइप कर भेजा जाता है।जिसमें पन्ने बदलकर वेतन भुग तान किया गया है तो उसके संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग को कोई जानकारी नहीं है।किन परिस्थितियों में वेतन भुगतान किया गया है औ र रोका गया है।इसके संबंध में मेरे यहां कोई जानकारी नहीं है।वही मामले में नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।उपनिरीक्षक शुभम दुबे को जांच सौंपी गई है।पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।वित्त एवं लेखा विभाग से सीधे जारी होता है वेतन गोंडा के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकायती पत्र के निस्तारण के दौरान बताया कि अनामिका शुक्ला के वेतन के लिए कोई भी बिल या प्रस्ताव वित्त एवं लेखा धिकारी कार्यालय को नहीं भेजा गया है।वित्त एवं लेखा अधिकारी से वेतन संशोधन निकल कर सीधे अध्यापकों के खाते में भेज दिया जा ता था।अनामिका शुक्ला का नाम भी बढ़ाकर वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा वेतन दिया गया है।वेतन संशोधन निकलकर सीधे अध्यापकों के खाते में भेज दिया जाता,अनामिका शुक्ला का नाम भी बढ़ाकर वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा वेतन दिया गया है।लेकिन इस मामले की बेसिक शिक्षा विभाग को कोई जानकारी नहीं है।

# डीएम ने चार डॉक्टरो का वेतन रोका, 6 सीएचसी अधीक्षक को नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने कई अधिकारियों पर कार्रवाई की है। पेंटा वैक्सीन की खराब प्रगति पर सीएचसी अधीक्षक हलधरमऊ, करनैलगंज, इटियाथोक, काजीदेवर, बेलसर और तरबगंज को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।सीएच सी पंडरीकृपाल के अधीक्षक



डॉ.आलोक सिंह का वेतन रोका गया है।साथ ही, सीआईएफ के स की पहचान न करने पर इटियाथोक के डॉ. सुनील पासवान,मनकापुर के डॉ.एस.एन.सिंह और रुपईडीह के डॉ. अजय यादव का भी वेतन रोक दिया गया है।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकि त्सा अधिकारी डॉ.रश्मि वर्मा को सभी सीएच सी अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक करने के नि र्देश दिए हैं।सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर क ड़ी कार्रवाई की जाएगी।समीक्षा में यह भी साम ने आया कि कुछ आशा कार्यकत्री पिछले छः महीने से कोई काम नहीं कर रही हैं जिलाधिका री ने ऐसी आशाओं की जांच करवाकर उन्हें ब र्खास्त करने के आदेश दिए हैं।उन्होंने कहा कि आशाओं की नियुक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं को गां व तक पहुंचाने के लिए की गई थी।अपने कर्त व्यों में लापरवाही बरतने वाली आशाओं को ब र्खास्त किया जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए स भी अधीक्षक अपने अपने सीएचसी एवं पीएच सी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के नि र्माण कार्यों की समीक्षा की गई।आयुष्मान का र्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें, साथ ही इस पर विशेष ध्यान दिया जाय,ई-कवच को पोर्टल को अपडेट करें।प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। जनपद के सभी सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

# जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य बने नरेन्द्र बहादुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । स्थाई लोक अदालत बहराइच के अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर यादव को जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री यादव सेवानिवृत्त जिला जज रहे है। श्री यादव को माह सितम्बर 2025 में प्रधानपीठ, नई दिल्ली के समक्ष पदभार ग्रहण करना होगा।

# महासंघ 1 सितंबर को मनाएगा प्रत्येक विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम : भारतेंदु यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले जनपद के समस्त विद्यालयों में 1 सितम्बर को आयोजित होने वाले ''हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान'' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर द्वारा किया गया।*राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, गोरखपुर की जिला इकाई द्वारा दिनांक 01 सितंबर 2025 को प्रस्तावित संगठन के राष्ट्रीय कार्यक्रम *हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान* के संकल्प पत्र के पोस्टर का विमोचन आज जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गोरखपुर ने किया । *विमोचन करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने जिले के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों को पंच संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया।**पंच संकल्प* हम इस विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक यह संकल्प लेते हैं कि- 1. हम मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ,अनुशासित, हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखेंगे। 2. हम विद्यालय के संपदा-संसाधन तथा समय को राष्ट्रधन मानते हुए



उनका संरक्षण और विवेक-पूर्वक उपयोग करेंगे। 3. हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे,जहां कोई भेदभाव नहीं होगा। हम सभी समभाव से सीखने और सीखने के पद पर अग्रसर रहेंगे।4. हम शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, अपितु चरित्र-निर्माण और आत्मविश्वास और समाज सेवा का साधन मानकर कार्य करेंगे।5. हम इस विद्यालय को केवल एक संस्था,नहीं अपितु संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगे।ज़ हम यह संकल्प लेते हैं कि ''हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा हमारा अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है।'' इस संकल्प के माध्यम से विद्यालय में शिक्षण कार्य के दायित्व के साथ साथ विद्यालय के परिवेश को स्वच्छ, हरित अनुशासित और प्रेरणादायक बनाने, बच्चों में अच्छे संस्कार का समावेश करने और राष्ट्र का भावी जिम्मेदार नागरिक बनाते हुए विद्यालय के गौरव को बढ़ाना है। जिला संयोजक भारतेंदु यादव ने बताया कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को देश भर के 5 लाख विद्यालयों की सहभागिता का लक्ष्य महासंघ लेकर चल रहा है, जिसमें गोरखपुर में सत प्रतिशत संकल्प कार्यक्रम की अपील महासंघ कर रहा है। संकल्प पत्र विमोचन के दौरान महासंघ के जिला संयोजक भारतेंदु यादव, सहसंयोजक रंजीत सिंह एवं रितेश सिंह उपस्थित रहे।

# कोटिया मदार, खड़ंजा निर्माण में धांधली,पीला ईंट लगाने का आरोप



गोंडा। विकासखंड कटरा बाजार ग्राम पंचायत कोटिया मदारा में ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे खड़ंजा निर्माण कार्य पर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि खड़ंजा मानक विहीन व घटिया सामग्री से बनाया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। कोटिया मदारा निवासी जग प्रसाद मौर्य पुत्र आशाराम ने जिलाधिकारी गोंडा को शिकायती पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम प्रधान मोहम्मद आरिफ द्वारा पीली ईंटों का प्रयोग कर खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा है,जो मानकों के विपरीत है।इससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और ग्रामीणों को स्थायी लाभ नहीं मिल पा रहा है।शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्रामसभा कोटिया मदारा में हो रहे इस कार्य की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी विकास कार्यों की साख पर सवाल खड़े होंगे और गांव की जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधा नहीं मिल पाएगी।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर कितनी गंभीरता दिखाता है या फिर मामले को ठंडें बस्ते में दबा दिया जाता है।

# जनपद के 14 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी गई 4200 बोरी यूरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चिलवरिया रैक पॉइंट पर आज प्राप्त होगी 1228 मै. टन एच.यू.अ.एल. कम्पनी की यूरियाजनपद में पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है उर्वरक: जिला कृषि अधिकारी**

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2976 मैट्रिक टन यूरिया, 5226 मैट्रिक टन डीएपी, 2808 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13322 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 58925 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 607 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की 14 समितियों, सहकारी संघ बालापुर, बाबागंज व कटहा, साधन सहकारी समिति खुटेहना, पयागपुर, वशेश्वरगंज, रिसिया, शंकरपुर, बाबागंज, नासिरगंज, कसेहरी बुजुर्ग, साधन, सरायजगना, रायबोझा व नाकौड़ा पर 13.5-13.5 मैट्रिक टन उर्वरक भेजा गया है। इस तरह जनपद की कुल 14 समितियों पर 189 मैट्रिक टन/4200 बोरी उर्वरक भेजी गयी है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सीमावर्ती व अन्य क्षेत्रों में लगातार छापामारी की कार्यवाही की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कालाबाज़ारी में संलिप्त 03 व्यक्तियों तथा 01 उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गई तथा 05 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 12 व्यक्तियों का लाइसेंस निरस्त किया गया है तथा 26 उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित किया जा चुका है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ए.आर. को-आपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ प्रतिदिन बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां उर्वरक भेजने की कार्वाई की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है।

# गोरखपुर के राप्ती नदी में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गगहा क्षेत्र के रकहट गांव के समीप राप्ती नदी में शुक्रवार को मगरमच्छ दिखने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी।रकहट एकौना पुल से गुजरने के दौरान कुछ लोग मगरमच्छ दिखने का दावा किया।। नदी में मगरमच्छ आने की सूचना पर नदी के किनारे और पुल पर



लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। काफी देर तक पानी की सतह पर रहने के बाद मगरमच्छ लापता हो गया। इस दौरान ग्रामीण मगरमच्छ की विडियो बनाने में जुटे गये। नदी किनारे बसे ग्रामीणों का दावा है कि एक वर्ष पहले भी बाढ़ के समय नदी में मगरमच्छ दिखाई दिया था। एक सप्ताह तक नदी में दिखा और पानी कम होने के बाद लापता हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ आने के दौरान नदी में मगरमच्छ का आना सामान्य घटना है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुशील चौरसिया का कहना है कि हमें जानकारी नहीं है। पता कर रहे हैं।

# कूटरचित दस्तावेज से जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम के द्वारा वांछित अभियुक्त महेश कपूर निवासी साहब गंज,निकट नूरामल मंदिर को साहबगंज से गिरफ्तार कर लिया गया।बताते है की (विधि भल्ला एवं निधि सेठ) के द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी पैतृ क भूमि गाटा सं.63, ग्राम इमिलिया



गुरूदयाल, जनपद गोण्डा पर उनके चाचा (स्व.शिवगोपाल कपूर) का हिस्सा वर्ष 2014 में ही विक्रय हो चुका था।इसके बावजूद विपक्षीगण हेमचन्द्र कपूर व महेशचन्द्र कपूर (पुत्र स्व.शिवगोपाल कपूर) ने अन्य विपक्षियों अरविन्द मिश्रा, दीप क मिश्रा एवं अभिनव कुमार की मिलीभगत से कूटरचना व फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थिनी गण की भूमि पर अवैध वरासत दर्ज करा ली तथा दिनांक 14,मार्च 2023 को फर्जी बैनामा करा लिया गया है।वादिनी की लिखित तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ।कोतवाली नगर पुलि स के द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गएआरोपी महेश कपूर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# बंजर की भूमि पर लगे दर्जनों पेड़ों को काटकर लकड़ी उठा ले गये कारोबारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के साथ ही एसडीएम से दर्ज कराई शिकायत

### शुकुल बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना नही समझा मुनासिब

अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव शेखपुर भण्डरा में बंजर की भूमि पर लगे दर्जनों बेशकीमती पेड़ों को रसूखदार लकड़ी कारोबारी द्वारा बगैर नीलामी के काटकर लकड़ी ठिकाने लगा दी गई है। क्षेत्र में सक्रिय बेखौफ लकड़ी कारोबारी सरकार की सुरक्षित जमीनों पर लगे पेड़ों को काटने से बाज नही आ रहे हैं। लकड़ी कारोबारियों की करतूतों की भनक स्थानीय पुलिस के साथ ही राजस्व महकमे तक को नही लग पाती है और जब लकड़ी कारोबारी मौके से लकड़ी उठा ले जाते हैं तो खेवनहारों द्वारा कागजी घोड़ा दौड़ाकर मामले की इतिश्री कर दी जाती है। थाना क्षेत्र के शेखपुर भण्डरा गांव के मोहम्मद नईम सहित अन्य कई लोगों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के साथ ही उपजिलाधिकारी को सौंपे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि सरकारी अभिलेखों में बंजर के नम अंकित भूमि गाटा संख्या एक सौ अठाइस ख रकबा 0.885 हेक्टेयर श्रेणी 6-4 अकृषिक भूमि के खाते में अंकित है जिसमें उसके पूर्वजो की कब्रे है तथा उसमें आम व महुआ के वृक्ष के साथ चिलविल व छूल काफी मात्रा में मौजूद थे जिनको एक व्यक्ति द्वारा स्थानीय लकड़ी कारोबारी के हाथों बेंच डाला गया है और लकड़ी कारोबारी मौके से अधिकांश लकड़ी उठा ले गया है जबकि उक्त पेड़ों की नीलामी तक नही हुई है जिससे सरकार को लाखों रुपये की राजस्व हानि हुई है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि सरकार की सुरक्षित भूमि से दर्जनों पेड़ों को काटकर लकड़ी ठिकाने लगा दी गई और हल्का लेखपाल और स्थानीय पुलिस को कानों कान खबर तक नही लगी। सरकारी नुमाइंदों की लचर कार्यशैली से इलाके में लकड़ी कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। शिकायतकर्ता की मानें तो थाना शुकुल बाजार पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नही की गई है। शिकायतकर्ता ने चोरी से लकड़ी काटने के इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किये जाने की मांग की है।

# शिक्षिका के पुत्र 'शानू' का एमबीबीएस में हुआ चयन गांव में खुशी की लहर गांव वालो ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के इतिहास में पहली बार किराने की दुकान चलाने वाले इन्तिज़ार उर्फ भय्ये व शिक्षा मित्र शमा अफ़रोज़ के पुत्र मोहम्मद अज़ीम उर्फ शानू ने एमबीबीएस में चयन पाकर कस्बे का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर रज़ा मैरिज हॉल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अज़ीम को ट्रॉफी और कई तरह के उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. फिरासत हुसैन अंसारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत व सोनोलॉजिस्ट, ज़िला महिला अस्पताल पीलीभीत ने अज़ीम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि कस्बे के बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और अज़ीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।शेरपुरकलां का बेटा बना मिसाल, मोहम्मद अज़ीम 'शानू' का एमबीबीएस

में चयन कस्बा शेरपुरकलां के इतिहास में पहली बार किराने की दुकान चलाने वाले इन्तिज़ार उर्फ भय्ये व शिक्षा मित्र शमा अफ़रोज़ के पुत्र मोहम्मद अज़ीम उर्फ शानू ने एमबीबीएस में चयन पाकर कस्बे का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर रज़ा मैरिज हॉल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह में अज़ीम को ट्रॉफी और कई तरह के उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. फिरासत हुसैन अंसारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी पीलीभीत व सोनोलॉजिस्ट, ज़िला महिला अस्पताल पीलीभीत ने अज़ीम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि कस्बे के बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और अज़ीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन रियाज़ अहमद खान ने किया। यहां समाजसेवी जैगम खान, तौक़ीर खां 'बिट्टू', नदीम हसन खान, डॉ आसिफ़ खान,इलियास खान एडवोकेट, नईम खा एडवोकेट,आफाक़ खां 'चिंटू', हसीब खान बंटी, साबिर खान एड.,हाजी वाजिद खान 'बबलू' ,सलमान खान, फैयाज़ अहमद,नक़ी खान, दिलनवाज़ खान, सैफ रज़ा मोंटू, मास्टर जान मो., डॉ मुश्ताक़ अली, फ़ज़ल अहमद एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# कार्यों मे लापरवाही चेयरमैन सख्त जेई सिविल,जेई जलकल और सफाई निरीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने अखबारों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए अवर अभियंता जलकल,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक और अवर अभियंता सिविल से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण नहीं मिलने की दशा में उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगते हुए लिखा है, अखबार में प्रकाशित खबर ''4 घंटे में 5 मिली मीटर बारिश तालाब बनी सड़कें''। जिससे नगर पालिका की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसलिए तीन दिन के अंदर वह अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अखबार में छपी खबर ''जल नहीं जहर पिला रही है पालिका'' के संदर्भ में अवर अभियंता जलकल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह अत्यंत खेदजनक एवं आपराधिक लापरवाही है। जल आपूर्ति विभाग का दायित्व है कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जेई जलकल से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भविष्य में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्या ठोस कार्य योजना बनाई है।अखबार में प्रकाशित ''बारिश में गिरी 36 लाख से बना रहे नाले की 20 मीटर लंबी दीवार'' के संबंध में अवर अभियंता सिविल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। पालिका अध्यक्ष ने निर्देश दिए थे कि वर्षा ऋतु में कोई भी निर्माण का कार्य नहीं कराया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय में खेल दिवस के अवसर पर हुए कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने विद्यार्थियों को बताया कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराया। साथ ही खेल गतिविधियों से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में भी बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कैरम में बालिकाओं की एकल वर्ग की प्रतियोगिता में झलक वर्मा विजेता और सोनी उपविजेता बनीं जबकि युगल वर्ग में झलक वर्मा और प्रांशी विजेता तथा सोनी और जशोदा उपविजेता रहीं। इसी प्रकार कैरम प्रतियोगिता के बालक एकल वर्ग में ऋषभ विजेता और अतुल कुमार उप विजेता रहे जबकि युगल वर्ग में ऋषभ और कृष्णा की जोड़ी विजेता तथा अतुल कुमार और कौशल की जोड़ी उप विजेता बनी। इसी प्रकार लूडो के बालक वर्ग में धनुज कुमार और शिवा क्रमशः विजेता और उपविजेता रहे जबकि बालिका वर्ग में पल्लवी विजेता और गुंजन उपविजेता बनीं। शतरंज प्रतियोगिता में अतुल कुमार विजेता और ऋषभ उप विजेता रहे। बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में साधना देवी प्रथम, सोनी द्वितीय और चंदा तृतीय रहीं जबकि बालकों की 50 मीटर दौड़ में अतुल कुमार प्रथम, दीपक मौर्य द्वितीय और कृष्णा तृतीय रहे। इसी प्रकार लंबी कूद के बालिका वर्ग में सोनी प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय और गुंजन तृतीय रहीं जबकि बालक वर्ग में ऋषभ प्रथम, कृष्णा द्वितीय और अनमोल तृतीय रहे। सभी विजेताओं तथा अन्य प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी, अंजना शुक्ला, प्रगति धामी उपस्थिति रहीं है।

# पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर सीडीओ को को मिला प्रशस्ति पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में उत्कृष्ट कार्य करने पर अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल को शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रशस्ति पत्र खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा द्वारा प्रदान किया गया। कृषकों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सीडीओ अमेठी की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कृषकों और उद्यमियों को समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया, जिससे जिले के प्रस्तावों को स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 और पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्ट्राइकिंग रेट सत्तर प्रतिशत के सापेक्ष अठानवे प्रतिशत स्वीकृति हासिल की। इस उपलब्धि में अमेठी जिले का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार सवार शुभम पुत्र शिव कुमार निवासी स्वयंवरशिव का पुरवा मजरे जंगलराम नगर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया । मारुती डिजायर वीडी संख्या यूपी 32 जेडी 4199 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## रामगंज पुलिस ने चोरी की सामग्री के साथ एक युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से चोरी की दो पीतल, पांच स्टील की थाली व चोरी के सामान की बिक्री का डेढ़ हजार रुपया नगद बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना रामगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले से संबंधित अर्जुन कुमार पुत्र महेश कुमार निवासी त्रिसुण्डी थाना रामगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से डेढ़ हजार रुपया नगद बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने बताया कि वह कुछ माह पहले अपने साथी रामधन, सूरज व सचिन के साथ मिलकर अपने गांव में ही चन्द्रशेखर तिवारी के घर में पीछे के रास्ते से सीढ़ी से घुसकर कुछ बर्तन, बैटरी व अनाज चोरी किया था जिसको आने जाने वाले राहगीरों को बेचकर पैसा आपस में बांट लिया था ।बरामद रुपये उसी चोरी के सामान की बिक्री के हैं ।कुछ बर्तन हमने आपस में बांट लिया था जिसमें कुछ बर्तन यहीं झाड़ियों में छिपाकर रखा हूं उसकी निशानदेही पर झाड़ियों से दो पीतल व पांच स्टील की थाली बरामद हुई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि चोरी की सामग्री बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धाराओ की बढ़ोत्तरी करते हुये गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

## कोठरी गिरने से मलबे में दबकर दो गायों की मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे पाण्डेय मजरे सवितापुर गांव में गुरुवार की रात एक कच्ची कोठरी गिर गई है जिसके मलबे में दबकर दो गायों की मौत हो गई है। राजस्व के साथ ही पशु विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच स्थलीय निरीक्षण किया और जांच आख्या तहसील प्रशासन को भेज दी है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे पाण्डेय निवासी अनूप कुमार दुबे की कच्ची कोठरी गुरुवार की रात में गिर गई। कोठरी में बंधी तीन गाएं उसके मलबे में दब गई। पशु पालक की गुहार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से मिट्टी हटाई गई तब तक मलबे में दबीं दो गायों की मौत हो चुकी थी जबकि एक चोटिल अवस्था में जीवित निकाली गई ।घटना की सूचना ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा तहसील प्रशासन को दी गई। एसडीएम अमित सिंह के निर्देश पर लेखपाल ललिता जायसवाल और ग्राम विकास अधिकारी रणवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक को सूचना दी ।उप जिलाधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मृत गायों का पोस्टमार्टम कराया गया है ।पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

## अमेठी के दो सौ एक स्कूलों ने प्रोफाइल नही की लाक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छात्रवृत्ति वितरण की तैयारी में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों पर अब बड़ी कार्रवाई का खतरा मंडरा रहा है। शासनादेशानुसार इकतीस अगस्त तक समस्त विद्यालयों को छात्रों की प्रोफाइल लाक कर अग्रसारित करना अनिवार्य है। इसके बावजूद जनपद के दो सौ एक विद्यालय अब तक आदेश का पालन नही कर पाये हैं। इस आदेश को नजरअंदाज करने वाले विद्यालयों की मान्यता पर काली छाया के बादल मंडरा रहे हैं ।शासन द्वारा आगामी दो अक्टूबर को पहले चरण की छात्रवृत्ति वितरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन गूगल मीट के जरिये विद्यालयों को निर्देश दिये जा रहे हैं ।सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के आनलाइन आवेदन पत्रों की जांचकर इकतीस अगस्त तक अग्रसारित करने का आदेश दिया गया है ।जनपद में कक्षा नौ दस में एक सौ छिहत्तर विद्यालयों ने आदेश का पालन किया जबकि एक सौ छब्बीस विद्यालयों की कार्यवाही अभी भी लंबित चल रही है ।कक्षा ग्यारह बारह में एक सौ तैंतालिस विद्यालयों ने प्रोफाइल लाक किया जबकि पचहत्तर विद्यालयों द्वारा अभी तक कार्य पूरा नही किया गया है।

## रात के अंधेरे में ड्रोन दिखने से ग्रामीण भयभीत

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में इस समय रात के अंधेरे में ड्रोन दिखने ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीण रात में रतजगा करके निगरानी कर रहे है।

क्षेत्र के बघौना प्रधान प्रतिनिधि जुनेद ने बताया कि ऐसी अफ़वाह सुनाई पड़ रही है रात के अंधेरे में गांव में ऊपर ड्रोन दिख रहा है जिससे बडी घटना होने की संभावना ज्यादा बढ़ गई है। क्षेत्र के नन्दौली, आलामऊ, चकतेंदुआ, निनावां, मऊ आदि गांवों में लोग रात रात निगरानी कर रहे है,। ग्रामीण संतोष तिवारी ने बताया कि रात में गांव में ऊपर चमकदार लाइट जलती बुझती दिखाई दी तो ग्रामीणो में हलचल बढ़ गई। देहली बाजार चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि ऐसी कोई बात नही हम लोग रात में लगातार गस्त पर रहते है। थाना प्रभारी बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने कहा कि लोगो से अपील है कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें,क्षेत्र में कहीं ऐसी बात रात में दिखती है तो तुरंत अवगत कराएं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के मौके पर गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्टेडियम पहुंचे खिलाड़ियों को एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा खेलों की बदौलत उत्तर प्रदेश का नाम पूरे देश में हुआ है यहां के खिलाड़ियों को सरकार सरकारी नौकरियां तो दे ही रही है साथ ही ओलंपिक और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहचान बनाने वालों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर पुरस्कार बतौर धनराशि दे रही है। प्रेक्षागृह में शुक्रवार को आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह रहे।जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जिन्होंने हॉकी के खेल को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। आज हम सब लोग उनके जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं आने वाले दिनों में हॉकी का खेल गांधी स्टेडियम में एस्ट्रो ट्रफ मैदान में होगा। खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है। हर गांव लेवल पर एक खेल मैदान बनेगा इस योजना से स्कूली बच्चों ,खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। प्रशासन जन प्रतिनिधियों के माध्यम से इस योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। गांधी स्टेडियम में खेल अबस्थापना सुविधाएं भी बढ़ाई जाएगी। गांधी स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं बढ़ाए जाने की ओर कदम उठाए जाएंगे।

जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि हॉकी खेल के महान जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते बन रहा है। उन्होंने हॉकी के खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह का हवाला देते हुए कहा खिलाड़ी खेलों के माध्यम से अपना नाम और जिले मंडल प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे इसलिए जी जान से बेहतर परफॉर्मेंस दें।

2- जयसिंहपुर पुलिस की कार्यशैली से कोर्ट नाराज,लगाई कड़ी फटकार

सुल्तानपुर। नशीला पदार्थ बेचने की सूचना पर आरोपियों के घर पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने एवं कुत्तों को ललकारते हुए कटवाने के मामले में जेल गयी विधि छात्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रही अदालत ने बृहस्पतिवार को विवेचक को तलब किया। इस दौरान एडीजे तृतीय जज राकेश पाण्डेय ने पुलिस की कार्यशैली पर कड़ी फटकार लगाते हुए आदेश सुरक्षित कर लिया है।

जयसिंहपुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक जितेंद्र यादव व उप निरीक्षक नफीसुद्दीन समेत अन्य पुलिस टीम के सदस्य बीते नौ अगस्त को संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम ने उसी दौरान बरौंसा चौराहे के पास रहने वाले आरोपी जितेंद्र कुमार शुक्ल के घर पहुँचने पर हुई घटना का जिक्र करते हुए आरोपी जितेंद्र कुमार शुक्ल व उनकी पत्नी पूजा शुक्ला के जरिये लोहे की राड से पुलिस टीम पर हमला करने समेत अन्य आरोपो में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के कब्जे से लोहे की राड व उनकी पत्नी पूजा शुक्ला के पास से तीन मोबाइल बरामद होना बताते हुए जेल भेजने की कार्रवाई किया। मामले में आरोपी पूजा

# अपराधों का प्रदेश उत्तर प्रदेश :अभिषेक सिंह ''राणा''

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने जिले में बीते मांह घटी आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने अपराधिक घटनाओं के लिए पुलिस की लचर कार्यशैली तहसील व थाने पर बढे भ्रष्टाचार को जिम्मेदार बताया।स्वास्थ्य महकमें व सड़क निर्माण से संबंधित विभागों मे अनियमितता को लेकर उन्होंने चिंता जताते हुए आंदोलन की बात कही।

जिला कांग्रेस कमेटी सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहां उत्तर प्रदेश यूपी क्राइम कैपिटल बन चुका है वर्तमान भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है महिला एवं बेटियां सुरक्षित नहीं है ऐसे में सरकार व सरकारी लोग झूठ आडंबर रचकर आपराधिक घटनाओं को छिपाने में लगे हुए हैं थाना लंभुआ चाँदा दोस्तपुर अखंड नगर कादीपुर जयसिंहपुर मोतिगरपुर गोसाईगंज धम्मौर् बंधुआकला कुड़वार बल्दीराय धनपतगंज क्षेत्र में बीते माह हुई आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कई घटनाओं में पुलिस द्वारा शिथिलता बरतने ने समय से मुकदमा दर्ज न करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने जिले में होने वाली अपराधिक घटनाओं को छुपाने के लिए पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज किए जाने की भी आलोचना की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारियों के समय से कार्यालय में न बैठने गुणवत्तापूर्ण न्याय न करने को भी मुख्य मुद्दा बनाया। उन्होंने करौदी कला में थाने में रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए दरोगा शैलेंद्र कुमार का उदाहरण पेश किया। तहसीलों पर लेखपाल से लेकर उच्च अधिकारियों तक के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का दावा किया।सड़क निर्माण में धांधली व कमीशन बाजी के चर्चित मामलों पर भी उन्होंने सख्त टिप्पणी की।मेडिकल कॉलेज में अनियमितता भ्रष्टाचार व मरीज के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों पर भी मुखर नजर आए। वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने देश प्रदेश के कई मामलों पर बेबाकी से अपनी राय रखी शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने शहर की समस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाने की बात कही।

# विद्यालय शिक्षक की तपस्थली हैं : संतोष सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुलतानपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत एक सितंबर को विद्यार्थियों और शिक्षकों का साझा संकल्प पंच प्रण प्रार्थना सभा में आयोजित कराने का आग्रह किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राहुल तिवारी एवं स्टाफ ने संगठन की कार्यपद्धति की सराहना की जिसमें राष्ट्र प्रथम का भाव निहित हैं। राहुल तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट हैं, विद्यालय तीर्थ बने, शिक्षक आचार्य बने, विद्यार्थी जिज्ञासु शिष्य बने, शिक्षा साधना बने, विद्यालय का परिसर गुरुकुल बने। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के पुनर्निर्माण में जिसका केंद्र शिक्षक है, आधार शिक्षा हो और लक्ष्य संस्कारित समाज हो, विद्यालय शिक्षक की तपस्थली हैं, यहां शिक्षक का संकल्प, श्रम और आचरण ही विद्यार्थी में जीवन मूल्य का विकास करता हैं।

# आपदा में अवसर

रूसी कच्चा तेल खरीदने पर सबक सिखाने के मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए पचास फीसदी टैरिफ कल से लागू हो गए। निस्संदेह, यह भारतीय आर्थिकी की सहनशक्ति हेतु अग्निपरीक्षा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा का अधिकार है। हमने दबाव में आए बिना चुनौती का मुकाबला किया है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया का उद्घोष किया है। सरकार ने फ्री ट्रेड के नाम पर भारतीय बाजार में खाद्यान्न व दुग्ध उत्पाद खपाने के अमेरिकी मंसूबों पर पानी फ़ेरा है। भारत ने स्पष्ट किया है कि भारत किसानों, दुग्ध उत्पादकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद आशंका है कि नये टैरिफ लगाने का कपड़ा, चमड़ा व रत्न-आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा सकता है। निस्संदेह, पचास फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय उत्पादों की लागत में काफी वृद्धि हो जाएगी, जिसके चलते वहां उपभोक्ता अन्य देशों के सस्ते उत्पाद तलाश सकते हैं। दरअसल, इन टैरिफों से भारत की दोहरी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न केवल भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि ऐसा साझेदार था, जिसके कारोबार का करीब 45 अरब डॉलर का अधिशेष भारत के पक्ष में था। वहीं दूसरे बड़े व्यापार साझेदार रूस व चीन के साथ हम व्यापार घाटे की स्थिति में हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से सस्ता तेल आयात कर भारत द्वारा अर्जित मौद्रिक लाभ को अमेरिका निशाने पर ले रहा है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारत सरकार की तात्कालिक प्राथमिकताएं कपड़ा, चमड़ा और रत्न-आभूषण के लिये निर्यात खपाने वाले वैकल्पिक बाजारों की तलाश करना होना चाहिए। इसके अलावा प्रभावित व्यावसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके लाखों नौकरियों को बचाने की जरूरत है। साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने का प्रयास हो। दरअसल, भारतीय चिंता यह है कि नये टैरिफ से अमेरिका के साथ होने वाला 66 फीसदी निर्यात प्रभावित होने जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब अमेरिका को होने वाले बीस फीसदी भारतीय निर्यात पर टैरिफ प्रभाव दिख रहा है,तो इसका असर भारतीय अर्थव्यस्था पर होना लाजिमी है। निर्यात में कमी आने से देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। चिंता की बात यह है कि टैरिफ से अधिक प्रभावित होने क्षेत्र सघन श्रम वाले हैं, जिससे लाखों रोजगारों पर असुरक्षा की तलवार लटक सकती है। स्थिति साफ है कि भारतीय उद्योग इस टैरिफ के बोझ को सहन करने की क्षमता नहीं रखते। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के टैरिफ युद्ध से यूरोप समेत दूसरे देश भी खासे प्रभावित हैं। उत्पादों का अतिरेक पैदा होने से कीमतों में गिरावट आ सकती है और अन्य देश भी टैरिफ लगाने को बाध्य हो सकते हैं। वहीं चीन आदि सस्ते उत्पाद बेचने वाले देशों से हमारी स्पर्धा बढ़ सकती है। वहीं टैरिफ वॉर तथा रूस-यूक्रेन युद्ध व मध्यपूर्व में जारी संघर्ष से वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत में नये निवेश की संभावनाएं भी कम होंगी। जो भारतीय आर्थिकी की मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुधार, प्रदर्शन और बदलाव बढ़ाने का आह्वान कर रहे हैं, लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हालांकि,मोदी सरकार ने जीएसटी सुधारों की बात की है, लेकिन इससे आगे बढ़कर बड़े व तत्काल सुधारों की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक सुधारों से ही गति मिल सकती है। जो उद्योग टैरिफ से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत है। खास कर एमएसएमई क्षेत्र को न्यूनतम दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। निर्यातकों को तुरंत मिलने वाली आर्थिक सहायता व करों में छूट मददगार हो सकती है। हम चीन की तरह सस्ते उत्पाद बनाकर टैरिफ युद्ध को निष्प्रभावी बना सकते हैं। आर्थिक सुधारों से हम निर्यात की कीमतों व गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। निर्यात करने वाले एमएसएमई को सस्ता कर्ज देने के लिये फंड बढ़ाने की भी जरूरत है।

# भारत के सर्वांगीण विकास की है संघ की 100 वर्ष की यात्रा

**डॉ. भागवत ने शिक्षा को केवल सूचना या रोजगार तक सीमित न रखने की चेतावनी दी। उनका कहना था कि वही शिक्षा है जो विष का भी उपयोग औषधि में करने की बुद्धि दे। नई शिक्षा नीति-2020 को उन्होंने भारतीय दृष्टिकोण से सकारात्मक बताया। इसमें पंचकोशीय विकास (शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक और आध्यात्मिक) का जो उल्लेख है, वह भारतीय परंपरा की शिक्षा की मूल भावना को पुनर्जीवित करता है। उनका जोर इस पर भी था कि बच्चों को केवल परीक्षा में अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और विवेकशील नागरिक बनाने के लिए शिक्षित किया जाए। कला, संगीत, योग, क्रीड़ा और जीवन-मूल्य शिक्षा का हिस्सा हों। भागवत ने तकनीक की बढ़ती ताकत पर भी टिप्पणी की। पहले मोबाइल हम सुनते थे, अब मोबाइल हमें सुनता है। इस वाक्य के पीछे गहरी चिंता छिपी है कि तकनीक साध्य नहीं, केवल साधन है। यदि यह मानव कल्याण के लिए उपयोग न होकर मानव पर हावी हो जाए तो यह विनाशकारी हो सकती है। संघ की सोच है कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के हित में हो, न कि केवल बाजार और उपभोक्तावाद को बढ़ाने के लिए। भारतीय भाषाओं और संस्कृति को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय हैं और मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए। संस्कृत को उन्होंने भारत को समझने की कुंजी बताया।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के हाथों रखी गई नींव आज भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में गहरी पैठ बना चुकी है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला 100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज इस बात का संकेत रही कि संघ अब केवल शाखा या संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र है। उसके लिए भारत का सर्वांगीण विकास ही सबकुछ है। वस्तुतः इस व्याख्यानमाला में संघ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'जिज्ञासा समाधान' सत्र में देशभर से आए 218 प्रश्नों को 21 विषय समूहों में बांटकर उत्तर दिए। इस संवाद में संघ की विचारधारा, कार्यप्रणाली और भविष्य की दिशा का समग्र खाका दिखा। डॉ. भागवत ने शिक्षा को केवल सूचना या रोजगार तक सीमित न रखने की चेतावनी दी। उनका कहना था कि वही शिक्षा है जो विष का भी उपयोग औषधि में करने की बुद्धि दे। नई शिक्षा नीति-2020 को उन्होंने भारतीय दृष्टिकोण से सकारात्मक बताया। इसमें पंचकोशीय विकास (शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक और आध्यात्मिक) का जो उल्लेख है, वह भारतीय परंपरा की शिक्षा की मूल भावना को पुनर्जीवित करता है। उनका जोर इस पर भी था कि बच्चों को केवल परीक्षा में अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और विवेकशील नागरिक बनाने के लिए शिक्षित किया जाए। कला, संगीत, योग, क्रीड़ा और जीवन-मूल्य शिक्षा का हिस्सा हों। भागवत ने तकनीक की बढ़ती ताकत पर भी टिप्पणी की। पहले मोबाइल हम सुनते थे, अब मोबाइल हमें सुनता है। इस वाक्य के पीछे गहरी चिंता छिपी है कि तकनीक साध्य नहीं, केवल साधन है। यदि यह मानव कल्याण के लिए उपयोग न होकर मानव पर हावी हो जाए तो यह विनाशकारी हो सकती है। संघ की सोच है कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के हित में हो, न कि केवल बाजार और उपभोक्तावाद को बढ़ाने के लिए। भारतीय भाषाओं और संस्कृति को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय हैं और मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए। संस्कृत को उन्होंने भारत को समझने की कुंजी बताया। विदेशी भाषाएँ सीखना अनुचित नहीं, लेकिन उन पर निर्भरता आत्मगौरव को आहत करती है। निश्चित ही यह दृष्टिकोण आज उस ऐतिहासिक सत्य को सामने लाता है कि गुलामी के दौर में भाषा और संस्कृति पर चोट कर भारतीय आत्मविश्वास को कमजोर किया गया। संघ का आग्रह है कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ा जाए। इस्लाम और हिंदुत्व पर उठे प्रश्नों पर संघ क्या सोचता है, इसके उत्तर में उन्होंने कहा, इस्लाम जब पहले दिन भारत में आया, तभी से यह यहां है और आगे भी रहेगा। इस्लाम नहीं रहेगा यह सोचने वाला हिंदू सोच का नहीं है। उनका कहना था कि विश्वास और संवाद से ही संघर्ष समाप्त हो सकता है। संघ प्रमुख के इन शब्दों ने उस धारणा को तोड़ा कि संघ मुस्लिम समाज को बाहर रखना चाहता है। उनका दृष्टिकोण यह है कि सभी धर्मों के लोग भारतीय समाज का हिस्सा हैं, और पारस्परिक विश्वास ही एकता की कुंजी है। भागवत ने साथ ही यहां यह भी स्पष्ट किया कि आक्रमणकारियों के नाम पर स्थानों के नाम नहीं होने चाहिए। लेकिन वीर अब्दुल हमीद और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों का सम्मान होना चाहिए। यह दृष्टिकोण बताता है कि संघ किसी का विरोध और नफरत नहीं, बल्कि गौरवशाली स्मृति को प्राथमिकता देता है। यहां डॉ. भागवत ने जनसंख्या संतुलन और असंतुलन की चुनौती पर भी अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि इस विषय में रास्वसंघ का दृष्टिकोण क्या है। वे कहते हैं, प्रत्येक परिवार को अधिकतम तीन बच्चों तक सीमित रहना चाहिए। आदर्श जन्मदर 2.1 है। असंतुलन और अवैध प्रवास विभाजनकारी स्थितियों को जन्म देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अवैध प्रवासियों को रोजगार और राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। निश्चित ही उनका यह दृष्टिकोण जनसंख्या नीति को केवल संख्याओं का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन का मुद्दा मानता है। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने आरक्षण पर संघ की नीति दोहराई कि संविधान में जो व्यवस्था है, उसका संघ समर्थन करता है। यह तब तक चलेगा जब तक समाज स्वयं यह न कहे कि अब हमें इसकी आवश्यकता नहीं। उन्होंने कहा, हमारे बंधुओं ने 1000 साल तक कष्ट सहे हैं, उनके दर्द को मिटाने में हमें धैर्य रखना होगा। वस्तुतः यह कथन इस बात का संकेत है कि संघ आरक्षण विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के साथ खड़ा है। राजनीति और संघ के रिश्तों पर भागवत ने साफ कहा कि संघ सरकार चलाने में विशेषज्ञ नहीं, बल्कि शाखा और समाज निर्माण में कुशल है। मैं शाखाएं चलाने में विशेषज्ञ हूं और भाजपा सरकार चलाने में। यह कथन इस धारणा का उत्तर है कि संघ का काम समाज निर्माण और सरकार चलाना राजनीतिक दलों का कार्य है । उन्होंने यहां स्पष्ट कहा है कि संघ का किसी भी दल से विरोध नहीं, अच्छे काम में संघ सबका समर्थन करता है। यही कारण है कि संघ नेताओं से लेकर विचारधारा के विपरीत समझे जाने वाले लोगों तक से संवाद करता है। राजनीति में सुधार की चर्चा करते हुए उनका कहना रहा कि जेल जाने पर पद से हटाने जैसे नियम बन सकते हैं, लेकिन असली सुधार व्यक्ति निर्माण से होगा। जब समाज बदलेगा तो व्यवस्था स्वतः सुधरेगी। यही संघ का मूल दर्शन है; व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। डॉ. भागवत ने आर्थिक दृष्टिकोण पर भी टिप्पणी की। उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार हो, परंतु भारत की आत्मनिर्भरता बनी रहे। बाहरी निर्भरता से भारत की नीतियां बंधक नहीं बननी चाहिए। यह दृष्टिकोण महात्मा गांधी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के सपने से मेल खाता है। संघ की तीन अपरिवर्तनीय बातों के बारे में भी यहां बताया गया, एक- हिन्दुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है। दो- संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है और अंतिम प्रमुख बात यह कि देश की सेवा सर्वोपरि है। इनके अलावा शेष सभी विषयों पर संघ समय और परिस्थिति के अनुसार लचीलापन दिखाता है। वस्तुतः यहां यही कहना होगा कि संघ की स्थापना से अब तक उसके सामने कई चुनौतियां आईं; 1948 में प्रतिबंध, 1975 में आपातकाल, और कई बार राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, किंतु इन सबके बावजूद संघ ने समाज में अपनी जगह बनाई। सेवा कार्यों से लेकर सांस्कृतिक जागरण तक, संघ ने यह दिखाया कि उसका लक्ष्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्र का सर्वांगीण विकास है। देश पर आए हर संकट के दौरान स्वयंसेवकों ने जिस तरह सेवा कार्य किए, आपदाओं में राहत पहुँचाई और समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक पहुँचे, वह संघ की कार्यशैली का उदाहरण है। संघ प्रमुख के वक्तव्यों से यह स्पष्ट होता है कि संघ का अंतिम लक्ष्य भारत का सर्वांगीण विकास है। शिक्षा में संस्कार, संस्कृति में आत्मगौरव, राजनीति में स्वच्छता, समाज में समरसता और अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता, ये सभी तत्व संघ के ध्येय में समाहित हैं। पिछले 100 वर्षों से स्वयंसेवक यही साधना कर रहे हैं। शाखा में अनुशासन, समाज में सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने संघ को भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन के रूप में स्थापित किया है। वस्तुतः आज जब भारत अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है, तब संघ की साधना का यह संदेश अधिक प्रासंगिक है कि भारत का भविष्य केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और मूल्यनिष्ठ नागरिक निर्माण से ही उज्ज्वल होगा। यही संघ की शताब्दी साधना का सार है और यही उसकी स्थायी धारा भी है। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# राजा बाबू के हुनर का जलवा

## सुधाकर आशावादी

जिंदा रहने के लिए भोजन हवा पानी की जरुरत पड़ती है और इस जरुरत को पूरा करने के लिए एक अदद आदमी में कोई विशिष्ट कौशल होना ही चाहिए, ताकि वह अपने हुनर यानी कौशल के बल पर अपनी आजीविका चला सके। यूँ तो जिसके पास कोई हुनर नही होता, उदर पूर्ति उसकी भी होती ही है। कहावत है कि प्राणी भूखा उठता अवश्य है, मगर भगवान उसे भूखा नहीं सुलाता। फिर भी हाथ का कारीगर यदि हुनरमंद हो, तो कभी भूखा नहीं मरता। हाथ का कारीगर यदि भूखा मरने लगे या बेरोजगारी का रोना रोने लगे, तो अवश्य ही उसके हुनरमंद होने पर सवालिया निशान खड़े होंगे। आज के दौर में हुनरमंद होना ही आजीविका की गारंटी होता है, मगर हुनरमंद होने के लिए सहनशीलता, धैर्य और सीखने की प्रबल इच्छा का होना अनिवार्य होता है। संसार में ऐसे कम ही लोग होते हैं, जो हरफन मौला होते हैं। किसी भी काम को आँखों ही आँखों में सीख लेते हैं तथा हुनरमंद हो जाते हैं। कुछ ऐसे होते हैं, जो पढ़ लिखकर किताबी ज्ञान के आधार पर अपने आपको निश्चित शब्दकोष तक ही सीमित कर लेते हैं। जीवन से जुड़े जरुरी कामों से उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। मसलन न उनमें अपने कपड़ों पर प्रेस करने का हुनर आता है , न कपड़े धोने या सुखाने का, न अपनी हजामत बनाने का हुनर आता है और न ही किचिन में जाकर अपनी भूख मिटाने के लिए तरकारी या रोटी बनाने का। न घर को साफ सुथरा बनाने का हुनर आता है और न ही करीने से घर सजाने का। बस उन्हें कोई एक कप चाय स्वादिष्ट नाश्ते के साथ दे दे। उसे समय पर धुले धुलाए प्रेस किये हुए परिधान मिल जाएं, समय से डायनिंग टेबल पर लंच और डिनर मिलता रहे। एक अदद आदमी को और चाहिए भी क्या, रोटी, कपड़ा और मकान के सिवा। यहाँ एक कहावत और भी है, जिसे जीवन में नकारना सरल नहीं है, वह है अपना हाथ जगन्नाथ। जिसे अपना कार्य अपने आप करना आ गया, समझो उसे जीने का सलीका आ गया। कभी कभी ऐसी परिस्थिति आ ही जाती है, जब अपने हाथों चाय बनाकर पीना मज़बूरी हो जाता है। अपने एक मित्र हैं। बरसों से औरों पर निर्भर रहते थे। रसोइया चटपटे मसालों से बना जायकेदार भोजन उपलब्ध कराता था। सेवकों की पूरी श्रृंखला थी, जो हाथ बांधे मित्र महोदय के सम्मुख खड़ी रहती थी, कि जैसे ही मित्र महोदय के मुख से कोई स्वर फूटे, वैसे ही उनकी वाणी को आज्ञा मानकर अपना सेवक धर्म निभाए। इसलिए मित्र महोदय कभी समाज और सामाजिक व्यवस्थाओं से परिचित नहीं हो सके। कहीं घूमने का मन करता तो घर के पोर्च में ही लग्जरी कारें आकर खड़ी हो जाती। विदेश यात्रा वायुयानों से करते और देशी लम्बी यात्राएं रेल के वातानुकूलित शयनयानों में। न उन्हें आम आदमी की जीवन शैली से कोई सरोकार रहा और न ही उनकी समस्याओं से। एक बार उन्हें जननायक बनने का जुनून सवार हुआ। उन्हें बताया गया, कि जननायक कहलाने के लिए आम आदमी की तरह रहने और जीने का प्रदर्शन करना पड़ता है। आम आदमी से घुलने मिलने और उसे समझने का प्रयत्न करना पड़ता है। सड़क पर आम आदमी की तरह घूमना पड़ता है। फिर क्या था, मित्र महोदय ने दूरदृष्टि पक्का इरादा की तर्ज पर आम आदमी बनने का हुनर सीखना शुरू किया। सबसे पहले रेलवे स्टेशन पहुंचे, लाल कमीज और लाल गमछा धारी कुली भाइयों के बीच बैठकर चाय पी। उनसे दुनिया का बोझ उठाने का हुनर सीखा। दो खाली सूटकेस सर पर रखकर फोटो सेशन कराया तथा कुली की भूमिका निभाई। उसके बाद भी उन्हें सुकून नहीं मिला। वह स्कूटर ठीक करने वाले मैकेनिक की दुकान पर पहुंचे। उसके हाथ से प्लग पाना लेकर स्कूटर का प्लग ठीक करना सीखा, ताकि खुद को स्कूटर मैकेनिक कह सके। फिर टेलरिंग शॉप पर गए, वहां जाकर कपड़े सीने का दृश्य फिल्माया। इसी प्रकार कारपेंटर से कुर्सी बनाने का हुनर सीखा, फ़ेवीकॉल से कुर्सी के जोड़ों को मजबूत करने का अभ्यास किया। एक सज्जन के घर जाकर मांसाहारी व्यंजन पकाना सीखा। फिर किसी खेत में पहुँच गए और पूछने लगे कि गन्ने की खेती कैसे होती है ? गन्ने में गुड़ और चीनी कितनी है उसका पता कैसे लगाया जाता है। खेत में गन्ने की फसल बोना सीखा, फोटो खिंचवाई। वह हुनरमंद हुए या नहीं, यह तो वही जानें, लेकिन इतना अवश्य हुआ कि उन्हें आम आदमी होने या समझने की व्याख्या करने की समझ आ गई।

## सेहत मंत्र

# दालचीनी से मिलते हैं बेहद जबरदस्त फायदे

एक समय में दालचीनी को सोने से भी ज्यादा महत्व दिया जाता है। इसे अगर वंडर स्पाइस कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यह सिर्फ भोजन का जायका ही नहीं बढ़ाता, बल्कि इसके चलते आप खुद को सेहतमंद भी रख सकते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी के स्वास्थ्य लाभ की जितनी तारीफ की जाए, उतना ही कम है। तो चलिए आज हम भी आपको दालचीनी से होने वाले सेहत के कुछ गजब के लाभ के बारे में बता रहे हैं? डायबिटीज से राहत : विश्व की डायबिटीक कैपिटल कहे जाने वाले भारत देश के लगभग आज हर दूसरे घर में कोई न कोई व्यक्ति मधुमेह पीड़ित मिल ही जाएगा। जब दालचीनी को आहार में शामिल किया जाता है तो यह रक्तचाप को कम करता है तथा टाइप 2 डायबिटीज ब्लड मार्कर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। वहीं दूसरी ओर, यह इंसुलिन प्रतिरोध को भी कम करता है, जिसके कारण व्यक्ति को डायबिटीज से राहत मिलती है। हृदय के लिए लाभदायकः अगर आप चाहते हैं कि आपका हृदय बिना किसी परेशानी के लम्बे समय तक धड़कता रहे, तो आप दालचीनी को किसी न किसी रूप में अपने आहार में शामिल करें। दरअसल, इसके एंटी-इंफलेमेटरी गुण हृदय संबंधी किसी भी बीमारी के खतरे को कम करता है। वहीं दिल के दौरे की आशंका को घटाने के लिए दालचीनी पाउडर का सेवन शहद के साथ करना चाहिए। कैंसर से बचावः शायद आपको पता न हो लेकिन दालचीनी आपके शरीर के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है, जिसके कारण आप कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से अपनी रक्षा कर सकते हैं। दालचीनी में सिनामाल्डेहाइड नामक एक यौगिक पाया जाता है, जो न सिर्फ कैंसर ट्यूमर की वृद्धि को रोकता है, बल्कि यह कैंसर कोशिकाओं का भी खात्मा करने में मददगार है। घटाए बैड कोलेस्ट्रॉलः स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को शरीर से कम किया जाए तथा गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाई जाए। ऐसा करने में दालचीनी आपकी मदद करता है। अगर आप दालचीनी पाउडर को अपनी कॉफी आदि में डालकर इस्तेमाल करते हैं तो इससे शरीर में एलडीएल अर्थात बैड कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करता है।

## धर्म मंत्र

# सूर्यदेव को लगाएं महुए के तेल का दीपक, दुर्भाग्य हो सकता है दूर

अगर बहुत कोशिश करने के बाद आप किसी काम में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसका कारण कुंडनी में दोष भी हो सकता है। ग्रह दोष के कारण कई बार बनते हुए काम भी बिगड़ जाते हैं। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन दोषों को दूर कर सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण द्विवेदी के अनुसार, सूर्यदेव से संबंधित कुछ उपाय करने से किसी का भी बुरा समय दूर हो सकता है। ऐसा ही एक उपाय है- सूर्यदेव के सामने 4 अलग-अलग तरह के तेल के दीपक जलाना और 1 मंत्र बोलना। इस उपाय से न सिर्फ आपका दुर्भाग्य दूर हो सकता है बल्कि धन लाभ और सौभाग्य भी मिल सकता है।

उपायः 1. सूर्यदेव को महुए के तेल का दीपक लगाने से दुर्भाग्य दूर होता है। 2. सूर्यदेव को घी का दीपक लगाने से बीमारियों का नाश होता है। 3. सूर्यदेव को तिल के तेल का दीपक लगाया जाए तो सभी तरह की समस्याओं का समाधान हो सकता है। 4. सूर्यदेव को सरसों के तेल का दीपक लगाने से शत्रु पराजित होते हैं। 5. दीपक लगाने के बाद नीचे लिखा सूर्य मंत्र बोलें - नमो धात्रे विधात्रे च अर्यम्णे वरुणाय च।, पूष्णे भगाय मित्राय पर्जन्यायांशवे नमः।।

पूजन विधिः दीपक लगाने से पहले सुबह स्नान आदि करने के बाद सूर्यदेव की प्रतिमा या चित्र की पूजा करें। सूर्यदेव को लाल फूल और गुड़ का भोग अर्पित करें। मंत्र जाप के बाद सूर्यदेव की आरती करें।

## पर्यटन



# नीला हरा गोबिंदसागर बुला रहा है प्राकृतिक नजारों के दीदार के लिए

कुदरत ने अपने दिलकश फलक पर नीले हरे पनीले ब्रश से बहुत कुछ आकर्षक रचा है। खासतौर पर हर मौसम के मेज़बान हिमाचल प्रदेश के आंगन में बिछे कैनवास पर तो पर्यटकों के लिए पूरे बरस घुम्मकड़ी के लिए कितने ही गंतव्य हैं। बरसात के मौसम में सावन की बौछारों से पहाड़, घाटियां, वृक्ष नहाकर सर्द मौसम का स्वागत करने के लिए तैयार हो जाते हैं। हिमाचल की गोद में उगी अनेक प्राकृतिक व अप्राकृतिक झीलों का नीला हरा पानी पर्यटकों को कुछ अलग आनन्द देने के लिए बुलाता है। इन जल स्त्रोतों के लुभावने सानिध्य में असंख्य जलखेल प्रतियोगी व पर्यटक हर वर्ष आते हैं और जलक्रीड़ाओं का सक्रिय हिस्सा हो जाते हैं। इस बरस बरसे मेघों ने गोबिंदसागर को लबालब कर दिया है। कुदरत का खुशनुमा हरियाला आँचल आपको बुला रहा है। पंजाब की धरती पर बसे आनंदपुर साहिब जहां विरासत ए खालसा का विशाल खूबसूरत परिसर है, से 83 किलोमीटर दूर बसे बिलासपुर को इस झील के किनारे बसे सुंदर स्थलों में गिना जाता है। जब भाखड़ा बांध का निर्माण हुआ तो पुराने बिलासपुर शहर को जल समाधि देनी पड़ी और भारत की संभवतः सबसे बड़ी मानव निर्मित लगभग 170 वर्ग किमी क्षेत्र में फैली खूबसूरत झील गोबिंदसागर का जन्म हुआ। पहाड़ी रास्ते पर यात्रा के दौरान हरे नीले पानी के लुभावने टुकड़े कभी दिखते हैं तो कभी छिपते हैं मगर खूब लुभाते हैं। यहाँ कैमरा आपको गाड़ी से उतरने को उकसाता है और आप गाड़ी रोककर चहलकदमी कर रहे होते हैं और नीले आसमान, छोटी छोटी हरी भरी पहाड़ियों की गोद में पसरे सागर को दिल में उतार लेना चाहते हैं। इस लघुसागर के किनारे अनगिनत मुहानों पर नई पुरानी किश्तियां घंटों जलआनंद देने के लिए तैयार हैं। गोबिन्दसागर भरपूर आबाद है। विशाल क्षेत्र में बसे दर्जनों गांव भी गोबिंदसागर में पानी लौट आने से नए ढंग से आबाद होते हैं। पैदल लिसलिसी धूल रेत मिट्टी से भरे रास्ते जलमार्ग हो जाते हैं। हजारों क्षेत्रवासियों का आवागमन इन जलमार्गों से होने लगता है।

# अश्रुगैस से एंटी राइट गन तक, दंगा नियंत्रण की हर तैयारी पूरी





कैनविज टाइम्स संवाददाता

## '' दंगे की भीड़ का हिस्सा न बनें, पुलिस बनेगी सुरक्षा ढाल''

### कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने को पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण पूर्वाभ्यास

बाराबंकी। जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिस बल का दंगा बल्वा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मौजूद बल को दंगारोधी उपकरणों के सही प्रयोग, दंगों के समय भीड़ नियंत्रण की रणनीतियों एवं विषम परिस्थितियों से निपटने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अश्रुगैस, पैलट गन, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन इत्यादि उपकरणों का किस प्रकार सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए।

पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस बल ने दंगाई भीड़ को नियंत्रित करने, क्षेत्र में शांति बहाल करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर त्वरित पकड़ बनाने के कई तरीकों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्षित चौहान, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार पाठक, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### दंगे में न बनें भीड़ का हिस्सा

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने आमजन से भी अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा दंगे जैसी परिस्थितियों में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि हिंसा व उपद्रव से समाज का ही नुकसान होता है। ऐसे समय में नागरिकों को चाहिए कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल दें और किसी भी अफवाह को सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें।

जनता की जिम्मेदारी दंगों के समय स्थानीय नागरिकों की जागरूकता अहम भूमिका निभाती है। ,अफवाह फैलाने से बचें। ,सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरें न साझा करें।

किसी भी उपद्रव या विवादित गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

पूर्वाभ्यास का उद्देश्य स्पष्ट था—जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

# छात्रों कोभविष्य संवारने हेतु प्रेरित कर गई डीएसपी गरिमा पंत, बच्चों को दिए सपनों को सच करने के मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । शुक्रवार की देर शाम क्षेत्राधिकारी रामनगर पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत पंचायत भवन में संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों से संवाद स्थापित किया।बच्चों से बातचीत करते हुए सुश्री गरिमा पंत ने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन अपनाने और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ल्लपढ़ाई केवल डिग्री पाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और सोच को गढ़ने का सबसे बड़ा साधन है। यदि आप बड़े अफसर बनना चाहते हैं तो कड़ी मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास आपके जीवन के मूल मंत्र होने चाहिए।ङ्कउन्होंने पुस्तकालय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल किताबों का संग्रहालय नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध और व्यक्तिगत विकास का केंद्र है। यह सभी के लिए समान रूप से सुलभ है और सामाजिक व सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। ल्लपुस्तकालय हमें एक शांत और सकारात्मक वातावरण देता है, जहां बैठकर आप अपनी कल्पनाओं को उड़ान दे सकते हैं और भविष्य की नई राहें बना सकते हैं।ङ्कसुश्री पंत ने बच्चों को यह भी संदेश दिया कि अफसर बनने के लिए सबसे पहले आत्म-विश्वास, लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिनाइयों से जूझने की हिम्मत जरूरी है। उन्होंने बच्चों को कहा कि वे मोबाइल और टीवी में समय बर्बाद न करें, बल्कि ज्ञान अर्जन को प्राथमिकता दें।इस मौके पर बीट प्रभारी राजकरन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। बच्चों ने भी अपने सवाल रखे जिनका पुलिस उपाधीक्षक ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो जीवन की हर चुनौती को अवसर में बदल देती है।

# महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : गरिमा पंत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

### रामनगर में कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम विषयक कार्यशाला आयोजित

बाराबंकी। क्षेत्राधिकारी रामनगर सुश्री गरिमा पंत द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में ल्लकार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियमङ्क विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सुश्री गरिमा पंत ने बताया कि ल्लयौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 एक अत्यंत महत्वपूर्ण कानून है, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अंतर्गत न केवल यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने का प्रावधान है, बल्कि शिकायतों की जाँच, निवारण और दोषियों पर कार्रवाई की स्पष्ट व्यवस्था भी की गई है। हमारा प्रयास है कि हर कार्यस्थल को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और अनुकूल वातावरण बनाया जाए।ङ्कउन्होंने कहा कि महिला कर्मियों को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा यदि कभी उनके साथ कोई अनुचित व्यवहार होता है तो उन्हें संकोच किए बिना समिति या वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए।कार्यशाला में यौन उत्पीड़न निवारण समिति के सदस्य एवं जनपद बाराबंकी के समस्त थानों और कार्यालयों पर तैनात महिला अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अधिनियम की प्रमुख धाराओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित महिला कर्मियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई।सुश्री पंत ने अंत में कहा कि ल्लमहिलाओं की सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब कार्यस्थल पर महिला कर्मी आत्मविश्वास और निर्भीक होकर काम करेंगी, तभी संगठन की वास्तविक प्रगति संभव है।

# खाद संकट से किसान बेहाल, भाकियू ने एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

### भाकियू नेताओं ने आंदोलन की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा को मांगपत्र सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की समितियों पर यूरिया खाद लेने के लिए करीब 700 किसान लाइन में लगते हैं, लेकिन टोकन केवल 100 को ही मिलता है। वहीं, प्राइवेट दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। वे 520 रुपये की बोरी पर जिंक और सल्फर जबरन थोपकर अधिक दाम वसूल रहे हैं। इससे छोटे किसानों पर भारी बोझ पड़ रहा है। भाकियू नेताओं ने मांग की कि सभी समितियों पर स्थायी सचिव नियुक्त किए जाएं ताकि प्रतिदिन खाद का वितरण हो सके। साथ ही प्राइवेट दुकानदारों को सरकारी दर पर ही खाद बेचने का सख्त निर्देश दिया जाए। किसानों ने यह भी कहा कि उनकी मर्जी के बिना जिंक या सल्फर जबरन न लगाया जाए और अवैध वसूली करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगा ।बछरावां रोड स्थित आईएफएफडीसी सेंटर रानापुर पर सचिव की आधार अपडेटिंग न होने से 600 बोरी खाद का वितरण अटका पड़ा है। इस पर उपजिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि शाम तक अप्रूवल करा लिया जाएगा और शनिवार से खाद का वितरण शुरू करा दिया जाएगा।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. हरी रामपाल, तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, जिला सचिव संतोष सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामदेव, महासचिव राजेश यादव, नगर अध्यक्ष मोहम्मद राइस, संगठन मंत्री केसरी नंदन सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### नहर में कूदे युवक का शव 10 किमी दूर बरामद

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। खेरवा गांव का रहने वाला 19 वर्षीय युवक संजय गिरी बुधवार की देर रात रहस्यमयी परिस्थितियों में जौनपुर बड़ी नहर के पुल से कूद गया था। दो दिनों की तलाश के बाद शुक्रवार सुबह उसका शव इन्हौना रजबहा रेगुलेटर गेट पर मिला।संजय लखनऊ में मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। बुधवार को वह घर से मजदूरी पर जाने की बात कहकर निकला। गांववालों के अनुसार, पुल पर पहुँचकर उसने पहले अपना बैग किनारे रख दिया और किसी से लंबे समय तक मोबाइल फोन पर बातचीत करता रहा। कुछ देर बाद अचानक उसने नहर में छलांग लगा दी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने शोर मचाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से गुरुवार को पूरे दिन तलाश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा।शुक्रवार सुबह गोसुपुर गांव के पास इन्हौना रजबहा रेगुलेटर गेट में शव फंसा मिला। सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने जब शव देखा तो उसकी तस्वीर खींचकर परिजनों को भेजी। परिजनों ने पहचान की पुष्टि करते ही पूरे गांव में मातम छा गया।सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा व अग्रिम कार्यवाही शुरू की।संजय के असामयिक निधन से परिवार पूरी तरह टूट गया है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस दर्दनाक हादसे से गहरे सदमे में हैं।

### कर्ज अदा न करने पर बैंक ने की दो किसानों की भूमि कुर्क

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड से दो किसानों द्वारा लोन लेकर बैंक का लोन चुकता न करने पर बड़ी कार्यवाही की गई है। बैंक कर्मियों ने शाखा के बकायेदारों की कृषि योग्य भूमि पर लाल झंडी लगाकर कुर्क कर ली है। शाखा प्रबंधक सहित तहसील कर्मियों की इस कार्रवाई से बकायादारों में खलबली मच गई है।फतेहपुर कस्बे में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्विवेदी के अनुसार इलाके के ग्राम मदनपुर निवासी गया प्रसाद पुत्र राम औतार ने वर्ष 2014 में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दो लाख 46 हजार रुपये का ऋण लिया था। कई सालों तक जमा न करने पर लिए गए लोन पर ब्याज सहित करीब दो लाख 73 हजार रुपए हो गए थे। वहीं इसी गांव ने निवासी ज्वाला प्रसाद पुत्र संत बख्श ने भी वर्ष 2013 में एक लाख 71 हजार लोन लिया था जो ब्याज सहित करीब दो लाख 60 हजार रुपए हो गए। दोनों बकायादारों को भुगतान के लिए नोटिस भेज कर जमा करने का अनुरोध किया गया।इसके बावजूद दोनों विलफुल केसीसी एनपीए खाताधारकों द्वारा बैंक का बकाया भुगतान ना करने पर शाखा प्रबंधक ने आरसी जारी करते हुए कुर्की के लिए तहसील प्रशासन को फाइल भेजी थी। जिसके बाद एसडीएम फतेहपुर के निर्देश पर शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दोनों बकायादारों की बैंक में बंधक कृषि भूमि पर क्षेत्रीय लेखपाल व अमीन विजय कुमार,राजवंद मिश्र, सतीश सिंह,अनुसेवक संतोष,परशुराम द्वारा खेत में लगी धान की फसल में लाल झंडी लगाकर कुर्की की कार्यवाही की गई। राजस्व प्रशासन और शाखा प्रबंधक कि इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप बचा हुआ है।

### फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज में एमडीएम ठप, छात्र भूखे लौटने को मजबूर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत सफदरगंज स्थित फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज में मिड डे मील योजना ठप पड़ गई है। बताया जाता है कि कॉलेज में विगत 13 वर्षों से रामू चौहान, अनीता अवस्थी, अनीता यादव और निर्मला यादव भोजन बनाने का कार्य कर रही थीं, लेकिन कार्यवाहक प्रधानाचार्य कैलाश नारायण ने मानदेय बढ़ाने का झांसा देकर निरक्षर रसोइयों से अंगूठा लगवा लिया और उसके बाद उन्हें पद से हटा दिया। अब 20 अगस्त से कॉलेज की रसोई बंद पड़ी है और करीब छह सौ पचासी छात्र-छात्राएं भूखे पेट घर लौट रहे हैं।पीड़ित रसोइयों का कहना है कि जब भी वे कॉलेज जाती हैं, तो प्रधानाचार्य उनसे दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें किचन से बाहर निकाल देते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक पूरे मामले की शिकायत की है।उधर, आरोप यह भी है कि शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए विद्यालय में गैस सिलिंडर के बजाय लकड़ी पर खाना बनवाया जाता रहा। बरसात के दिनों में गीली लकड़ी से उठने वाले धुएं के बीच बच्चों को पढ़ाई करनी पड़ती है जिससे पठन-पाठन प्रभावित होता है और छात्र बीमार तक पड़ जाते हैं। विद्यालय में मानक के अनुसार छह रसोइए होने चाहिए, जबकि यहां चार से ही काम लिया जा रहा था और वह भी खुले आसमान के नीचे।कार्यवाहक प्रधानाचार्य कैलाश नारायण ने सफाई देते हुए कहा है कि रसोइयों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिया है, जबकि पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि उन्हें धोखे से हटाकर प्रधानाचार्य अपने चहेतों को नियुक्त करना चाहते हैं।

# धान की सिंचाई करते समय किसान को सांप ने डसा, 12 दिन बाद मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी। कोठी क्षेत्र के मदारपुर बहादुर सिंह गांव में उस समय मातम छा गया जब धान की सिंचाई कर रहे किसान जयचंद्र (40) की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। घटना 18 जनवरी की रात करीब दस बजे की है। खेत में पानी लगा रहे जयचंद्र पर अचानक सांप ने हमला कर दिया। सांप ने पहले उनके पैर में दो जगह काटा, फिर हाथ में लिपटकर डस लिया और इसके बाद पीठ पर भी काट लिया।ग्रामीणों के अनुसार, सांप के काटने के बाद जयचंद्र बेहोश होकर खेत में ही पड़े रहे। दो दिन बाद परिजनों को जानकारी मिली तो उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल बाराबंकी और फिर लखनऊ के लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। करीब ग्यारह दिन तक इलाज चलता रहा, खून भी चढ़ाया गया, लेकिन बारहवें दिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार पैतृक गांव में किया गया, जहां हजारों आंखें नम हो गईं।मृतक किसान अपने पीछे पत्नी सुमन और सात मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। बच्चों में 13 वर्षीय सोनाली, 10 वर्षीय सुहानी, 8 वर्षीय नैना, 7 वर्षीय सलोनी, 7 वर्षीय नैंसी, 3 वर्षीय आर्या और महज दो वर्षीय बेटा आदर्श शामिल हैं। पिता के चले जाने से परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बावजूद न तो तहसील प्रशासन और न ही राजस्व विभाग के जिम्मेदार मौके पर पहुंचे। सरकार की ओर से घोषित आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ भी अब तक परिवार तक नहीं पहुंच पाया है। गांव के लोग शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मदद और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# जिला कारागार पहुंचे डीएम एसपी औचक निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

### सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाओं का किया गहन परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था देखी, तत्पश्चात जेल परिसर में पहुँचकर साफ-सफाई, अनुशासन एवं समग्र व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों में पहुँचकर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन-पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय व स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। महिला बैरक एवं किशोर सदन का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ एवं सुझाव सुने। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि हर सुविधा मानक के अनुरूप नियमित रूप से उपलब्ध हो और किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

दोनों अधिकारियों ने कारागार की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेल प्रशासन द्वारा अनुशासन, सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने के प्रयास सराहनीय हैं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री कुंदन कुमार, जेलर श्री राजेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में 'स्वच्छ भारत मिशन' की अनोखी उड़ान बच्चों के भरोसे सफाई व्यवस्था!

### बच्चों को कलम की जगह थमाई झाड़ू , वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को एक ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसने सरकारी व्यवस्थाओं की 'उड़ान' और बच्चों की 'जान' दोनों को दांव पर लगा दिया। दोपहर करीब 1 बजे विद्यालय के मासूम नौनिहाल बिना सीढ़ी, बिना सुरक्षा, सिर्फ़ छज्जे और लोहे की सरिया के सहारे छत पर चढ़कर भारी कूड़े-करकट की सफाई करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल हुआ तो मानो 'बाल श्रमिक आयोग' और 'शिक्षा विभाग' दोनों की पोल एक साथ खुल गई। पूछे जाने पर बच्चों ने मासूमियत से कहा ऽ ल्लबड़ी मैडम ने छत साफ़ करने भेजा था।ङ्क लेकिन प्रधानाध्यापिका जी ने सफाई देते हुए (शायद झाड़ू से ज़्यादा जुबान से) कहा ऽ ल्लकिसी भी बच्चे को ऊपर नहीं भेजा गया।ङ्क अब वीडियो की सच्चाई और प्रधानाध्यापिका की 'सफाई' में से किसे सच माना जाए, यह जनता तय करे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रतिक्रिया दी ऽ ल्लमामला संज्ञान में आया है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।ङ्क हालांकि जनता का सवाल यह है कि जांच के नाम पर बच्चों की जान से हुआ यह 'खिलवाड़' कार्रवाई तक पहुंचेगा या फिर हमेशा की तरह सरकारी रजिस्टर में लीपापोती की नई परत चढ़ जाएगी? क्योंकि यहां बच्चों को शिक्षा नहीं, 'खतरे में डालकर स्वच्छता का पाठ' पढ़ाया जा रहा है। सवाल ये है कि क्या सरकारी विद्यालय अब 'प्राथमिक शिक्षा' के साथ-साथ 'प्राथमिक जोखिम' भी परोस रहे हैं?

# कक्षा छोड़ फाइलों में उलझे गुरुजी शिक्षा अब दफ्तर से ही स्कूल हो रहे संचालित!

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### स्कूल में बच्चे किताब ढूँढ रहे, और मास्टर साहब दफ्तर में कागज ,आदेशों की धज्जियाँ और बच्चों के भविष्य की गारंटी फाइलों के हवाले

### खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बाबू बने शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था पर संकट

सिद्धौर बाराबंकी शिक्षा का स्तर ऊँचा उठेगा, ऐसा तो सबने सुना था, लेकिन यह किसी ने नहीं सोचा था कि शिक्षक खुद फाइलें उठाने लगेंगे। महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेशों को हवा में उड़ाते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिद्धौर में शिक्षकों को बाबू की कुर्सी थमा दी गई है। अब चाक की जगह कलम और उपस्थित पंजिका की जगह कार्यालय रजिस्टर ने ले ली है।प्राथमिक विद्यालय अलसी तालाब में तैनात सहायक अध्यापक जकरिया आलम इन दिनों क्लासरूम की जगह बीईओ दफ्तर में बैठकर सरकारी फाइलों में बच्चों का भविष्य तलाश रहे हैं। नतीजा यह कि विद्यालय में अब बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा सिर्फ दो अध्यापकों ऽ यश कुमार और एक शिक्षिका ऽ पर आ गया है। दोनों मिलकर बच्चों को पढ़ाएँ, अनुशासन बनाएँ, कागज़ी काम सँभालें और साथ ही पूरे विद्यालय का भार उठाएँ। शिक्षा तो अब मल्टी-टास्किंग का दूसरा नाम हो गई है।पहले ही संसाधनों और स्टाफ की कमी से जूझते विद्यालय की दशा अब ''फाइल-प्रधान'' शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ चली है। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक जब दफ्तरों में पेन से लड़ाई लड़ेंगे, तो क्लासरूम में बच्चों का पेंसिल से लड़ना लाजिमी है।अभिभावकों और शिक्षाविदों ने तंज कसते हुए कहा कि ''शिक्षा विभाग शायद नई नीति बना रहा है ऽ बच्चों को पढ़ाने की बजाय कागजों पर शिक्षा का खाका खींचा जाएगा।''बेसिक शिक्षा अधिकारी से इस पर बात करने की कोशिश हुई, लेकिन उनका फोन उठाना शायद पाठ्यक्रम से बाहर का सवाल है।

# मेजर ध्यानचंद को कब मिलेगा भारत रत्न , इंतजार बरसों से जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उनके नाम पर राष्ट्रीय खेल सम्मान, उनका जन्मदिन 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस और देश भर में अनेक स्टेडियमों पर उनका नाम लेकिन हॉकीप्रेमियों को यह कचोटता है कि तमाम आंदोलनों ,आरटीआई और अपीलों के बावजूद मेजर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न क्यो नहीं मिल सका ? केंद्र सरकार ने 2021 में देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार कर दिया। लेकिन सवाल यह है कि जनभावना को देखते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिये उनके नाम पर विचार क्यो नहीं किया जा रहा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और तीन बार के ओलंपियन दिलीप टिर्की ने 2016 में इस मांग को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन की अगुवाई की और संसद में भी मसला उठाया लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। टिर्की ने कहा ,'' ध्यानचंद अपने दौर में दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ी थे। मैं हमेशा कहता हूं कि भारत को सबसे पहले ओलंपिक के स्वर्ण पदक हॉकी ने दिखाये हैं और उनका योगदान अतुलनीय है। देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार उनके नाम से , नेशनल स्टेडियम उनके नाम से तो भारत रत्न क्यो नहीं। लगातार तीन ओलंपिक ( 1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजिलिस और 1936 बर्लिन) में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे ध्यानचंद ने पहली बार विश्व खेलों के मानचित्र पर भारत की जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। हॉकी के इतिहास में 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 570 गोल का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। ध्यानचंद के बेटे और 1975 में एकमात्र विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे अशोक ध्यानचंद ने कहा कि उनके पिता ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने भाषा से कहा ,'' दुनिया में खेलों के नक्शे पर भारत को सबसे पहले लाने वाले वही थे। उनके निधन के 46 साल बाद भी उनका नाम आज गूंज रहा है और इसे ही महान खिलाड़ी की विरासत कहते हैं। मुझे उन पर गर्व है कि वे प्रचार से हमेशा दूर रहे। उन्हें 1956 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से नवाजा गया लेकिन भारत रत्न के लिये बारंबार उनकी अनदेखी हुई और अब तो मामला ठंडे बस्ते में ही चला गया है। नवंबर 2013 में मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने का ऐलान किया और वह इसे पाने वाले पहले और एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा ,'' इतने महान खिलाड़ी होने के बावजूद मेरे पिताजी ने बहुत खराब दिन भी देखे लेकिन खुद्दारी नहीं छोड़ी। अपने लिये पुरस्कार मांगना तो वह कभी सोच भी नहीं सकते थे। घर के हालात देखकर हमने 1977 . 78 में एक गैस एजेंसी के लिये आवेदन करना चाहता लेकिन उन्होंने उस पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया। अशोक कुमार ने कहा ,'' वह हमेशा यही कहते थे कि मैने क्या किया, यह देखना सरकार का काम है। हम किसी से भीख थोड़े ही मांगेंगे। उन्होंने कहा ,'' यह सरकार को दिखाना है कि वह ऐसे लोगों को भूली नहीं है जिन्होंने देश की निस्वार्थ सेवा की है।खेलों के लिये इतना काम हो रहा है और ऐसे में अतीत के महानायकों को भी भुलाना नहीं है। टिर्की ने कहा,'' 2016 में जंतर मंतर पर आंदोलन में बहुत सारे ओलंपियन अशोक कुमार, अजित पाल सिंह, जफर इकबाल, अजय बंसल, एबी सुब्बैया ने भाग लिया था। विश्व विख्यात सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग पर सैंड आर्ट भी बनाया था लेकिन हमारे प्रयास नाकाम रहे। बीजू जनता दल के सांसद रहे टिर्की ने राज्यसभा में पांच मई 2016 को भी यह मसला उठाया था। इसके साथ ही सौ से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर सहित ज्ञापन भी सौंपा था लेकिन कोई नतीजा नहीं।

# राजगीर में अब से थोड़ी देर बाद होगा पुरुष एशिया हॉकी कप-2025 का आगाज,शीर्ष आठ टीमें ले रहीं भाग

एजेंसी



पटना। बिहार की ऐतिहासिक धरती राजगीर में 29 अगस्त यानी शुक्रवार से पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 की शुरुआत हो रही है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का शुभारम्भ हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित हो रहा है, जिसे 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। टूर्नामेंट का समापन 7 सितंबर को होगा। यह एशिया कप का 12वां संस्करण है, जिसमें एशिया की शीर्ष आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे भाग ले रही हैं। सभी 8 टीमें पहले ही राजगीर पहुंच चुकी हैं। सुरक्षा और आवास की पुख्ता व्यवस्था की गई है। मेज़बान भारतीय टीम के खिलाड़ी राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में ठहरे हैं। राजगीर में पहली बार आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2026 अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करेगा। ऐसे में हर मुकाबला बेहद निर्णायक और रोमांचक रहने की उम्मीद है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने बताया कि यह पहली बार है जब पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में हो रहा है। कुल आठ टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। अब तक हुए 11 संस्करणों में दक्षिण कोरिया सबसे सफल टीम रही है, जिसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में कुल 5 बार खिताब अपने नाम किया है। इस बार का मेज़बान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में यह खिताब जीता है, जबकि पाकिस्तान 1982, 1985 और 1989 में यानी तीन बार विजेता रहा है। हॉकी इंडिया ने दर्शकों के लिए एक विशेष घोषणा की है। वह यह कि राजगीर में होने वाले सभी मैचों में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक हॉकी प्रेमियों को स्टेडियम तक लाना और खेल को जन-जन तक पहुंचाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

**कोलंबो।** लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे। हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं। बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और कामिल मिशारा के साथ तेज गेंदबाज दुश्मंता चमीरा को भी टीम में शामिल किया गया है। अन्य तेज गेंदबाजों में चमिका करुणारत्ने भी शामिल हैं, जो सीमित ओवरों की टीमों में वापसी कर रहे हैं। दसुन शनाका को भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फिर से चुना गया है। एंजेलो मैथ्यूज की अनुपस्थिति से संकेत मिलता है कि चयनकर्ता अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उन पर विचार करने की संभावना नहीं रखते हैं। उन्होंने साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहे। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालगे भी टीम में हैं, इसलिए श्रीलंका के पास तीन प्रमुख स्पिन विकल्प हैं, जिनमें हसरंगा और महीश तीक्षना शामिल हैं। श्रीलंका अपना पहला एशिया कप मैच 13 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। उन्होंने 2023 में हुए पिछले एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई थी और 2022 संस्करण जीता था। एशिया कप के लिए श्रीलंका का दलः चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कमिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिन्दु हसरंगा, दुनित वेल्लागे, चमिका करुणारत्ने, महीश तीक्षना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फ़र्नांडो, नुवान तुषारा, मतिशा पतिराना।

### तेंदुलकर, बिंद्रा ने राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी

**नयी दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने नये खेलों में भारत के बढ़ते ग्राफ की सराहना की तो अभिनव बिंद्रा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद करने वालों की तारीफ की और इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलों के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर अपने विचार रखे। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा ,'' मैं स्मार्टफोन और लगातार स्क्रीन के इस्तेमाल के इस दौर में खेल और व्यायाम के जरिये खुद को मजबूत और स्वस्थ रख पाता हूं। इससे मुझे अपने जीवन के दूसरे पहलुओं मेरे परिवार, दोस्तों, और अपने पारिवारिक फाउंडेशन के लिये अपने काम को अपना सब कुछ देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा ,'' इस साल राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करें, एक खेल जरूर खेलें या व्यायाम करे। स्वस्थ दिमाग और शरीर की ओर पहला कदम बढ़ाये। उन्होंने कहा ,'' खेलों में भाग लेने के लिए रुचि, प्रतिभा और अवसर विभिन्न क्षेत्रों में आते हैं, और सभी खिलाड़ी भाग लेने के लिए और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत और दृढ़ता के लिए हमारी प्रशंसा और सम्मान के पात्र हैं। तेंदुलकर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जो देश की विविधता की एक बानगी है। शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश और 19 वर्षीय महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख जैसे अन्य खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि लीगों का विकास अधिक एथलीटों के रैंक में आगे बढ़ने का एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा ,'' दिव्या देशमुख, जो हाल ही में सबसे कम उम्र की फिडे महिला विश्व कप शतरंज चैंपियन बनीं। डी गुकेश , जो पुरुषों में सबसे कम उम्र के विश्व चैम्पियन बने। प्रतिभाशाली पहलवान रचना जिन्होंने अंडर 17 विश्व चैम्पियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता और नायशा मेहता जिन्होंने मात्र 17 वर्ष की उम्र में एशियाई रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 में जूनियर गर्ल्स सोलो डांस में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। तेंदुलकर ने कहा ,''हम जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तूलिका मान, रूपा रानी टिर्की, लवली चौबे, पिंकी और नयनमोनी सैकिया जैसे एथलीटों को भी बधाई देते हैं जिनकी टीम ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला फोर लॉन बॉल्स में स्वर्ण पदक जीता जो एक ऐसा खेल है जिसके बारे में भारत में लोग पहले जानते नहीं थे।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर की भविष्योन्मुखी प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत

एजेंसी



नई दिल्ली। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी को नई दिशा देने के लिए बड़े प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की। हॉकी इंडिया ने इस ऐतिहासिक दिन को चिह्नित करते हुए हर स्तर पर खेल में अधिक पारदर्शिता, पहुंच और व्यावसायिकता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए भविष्यवादी, एथलीट-केंद्रित ई-सुधारों की एक श्रृंखला पर प्रकाश डालते हुए सुशासन और भारतीय हॉकी के विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रमुख पहलों में खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र जारी करना, पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रियाओं को सरल बनाना और साथ ही घरेलू सर्किट में पारदर्शिता और पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित करना शामिल है। ये पहचान पत्र हॉकी इंडिया के मेम्बर युनिट्स पोर्टल से सीधे डाउनलोड किए जा सकते हैं, जिससे खिलाड़ियों को आसानी से पहुंच मिलती है और कागजी कार्रवाई कम होती है, जो सुव्यवस्थित पहचान के आधार मॉडल की तरह है। प्रशासन को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए, हॉकी इंडिया ने डिजिलॉकर को पूरी तरह से एकीकृत कर दिया है, जिससे खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने सभी प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद मिलेगी—जिनमें पिछले पांच वर्षों के प्रमाणपत्र भी शामिल हैं। इस कदम से न केवल रिकॉर्ड रखना आसान हो गया है, बल्कि खिलाड़ियों को कॉलेज में दाखिले, नौकरी के आवेदन और अन्य सत्यापन संबंधी ज़रूरतों में भी मदद मिली है। इसके साथ ही, डिजिलॉकर इंटीग्रेशन के माध्यम से खिलाड़ी पिछले पांच वर्षों के राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इससे कॉलेज एडमिशन, नौकरी और अन्य वेरिफिकेशन में आसानी होगी। हॉकी इंडिया ने एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम भी लॉन्च किया है, जिसमें खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस ट्रैकिंग, टूर्नामेंट डेटा, ट्रेनिंग शेड्यूल और चोट/रिकवरी मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसमें वियरेबल टेक्नोलॉजी के जरिए नींद, तनाव और रिकवरी लेवल का आकलन किया जाएगा। वरिष्ठ पुरुष और महिला कोर खिलाड़ी पहले से ही विशेष वॉच-बैंड पहनते हैं, जिससे उनकी फिटनेस और आराम का आंकलन होता है।

### घरेलू सीजन से पहले मनदीप सिंह ने त्रिपुरा को छोड़ा

नयी दिल्ली। बल्लेबाज मनदीप सिंह ने टीम के साथ सिर्फ एक सीजन बिताने के बाद 2025-26 घरेलू सीजन से पहले त्रिपुरा छोड़ने का फ़ैसला किया है। मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''पिछले सीजन में मुझे खेलने का मौका देने के लिए त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रिया। मैंने वहां अपने समय का बहुत लुत्फ़ लिया। मैदान के अंदर और बाहर कुछ बेहतरीन यादें बनीं। टीम को आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं। अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मनदीप ने रणजी ट्रॉफी में छह मैच, विजय हजारे ट्रॉफी में छह मैच और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में 2024-25 सीजन के दौरान सात मैच खेले थे। त्रिपुरा सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया लेकिन मनदीप ने अच्छा प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नाबाद 124 रन बनाए और पांच अर्धशतक लगाए, पिछले सीजन में उन्होंने हर मैच में पचास रन का आंकड़ा पार किया।

# चीन में आयोजित बेल्ट एंड रोड यूथ बॉक्सिंग गाला में 14 भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया

एजेंसी

झिंजियांग (चीन)। चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे ''बेल्ट एंड रोड'' अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में चौदह भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने अपने-अपने फाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाद्वीपीय आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। कजाकिस्तान, ईरान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, 10 लड़कियों और 4 लड़कों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे भारत के लिए कई रजत पदक और स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना सुनिश्चित हुई। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 5 सहायक कर्मचारी और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया था, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली थी। लड़कों में, ध्रुव खरब (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने शानदार जीत हासिल की, जिन्होंने चीन, कोरिया और ईरान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आदित्य (52 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन करीबी फैसलों के बाद बाहर हो गए, जबकि उदय सिंह, देवेंद्र चौधरी, जयदीप सिंह हंजरा और लोवेन गुलिया ने कड़ी मेहनत के बावजूद अपने अभियान समाप्त कर दिए। जूनियर बालिकाओं ने भी रिंग में दबदबा बनाए रखा। लक्ष्मी (46 किग्रा), खुशी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), चंद्रिका (54 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अनुष्का ( 80 किग्रा) ने चीन और फिलीपींस की मुक्केबाजों के खिलाफ जीत हासिल की, जबकि चाहत (60 किग्रा), हिमांशी (66 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा) और अंशिका ( 80 किग्रा) ने अखिल भारतीय मुकाबलों में जीत हासिल की। भक्ति (50 किग्रा) और शिवानी (75 किग्रा) चीन के साथ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गईं। भारतीय खेमा टूर्नामेंट के अंतिम चरण में प्रवेश करते ही लड़के और लड़कियों दोनों के मजबूत पदक पक्के होने से उत्साहित है। टूर्नामेंट का प्रतिस्पर्धा चरण 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में जारी रहेगा, जहां भारत के जूनियर मुक्केबाज इस गति को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# पीएफसी, जेबीआईसी ने 3500 करोड़ रुपये के ऋण समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) ने भारत में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए 60 अरब जापानी येन (करीब 3,500 करोड़ रुपये) के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएफसी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह समझौता न केवल भारत और जापान के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि सतत विकास को आगे बढ़ाने में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा। जेबीआईसी की आर्थिक वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण (हरित) पहल के लिए वैश्विक कार्रवाई के अंतर्गत वित्तपोषण, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन और अन्य जापानी बैंकों के सह-वित्तपोषण के माध्यम से समर्थित है। ऋण समझौते पर शुक्रवार को तोक्यो में पीएफसी की चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक परमिंदर चोपड़ा और जेबीआईसी के गवर्नर नोबुमित्सु हयाशी ने हस्ताक्षर किए। इसके अलावा, एसएमबीसी के भारत प्रभाग के प्रमुख एवं प्रबंध कार्यकारी निदेशक राजीव कन्नन की उपस्थिति में सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ एक अतिरिक्त समझौता भी किया गया। कंपनी ने कहा कि ऋण का एक हिस्सा मुख्य रूप से असम में असम बायो एथनॉल प्राइवेट लिमिटेड के अग्रणी द्वितीय पीढ़ी के जैव-एथनॉल और रसायन संयंत्र की स्थापना में सहायता करेगा। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) परिसंपत्ति आकार (एकीकृत) के आधार पर भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

# सरकार उद्योग जगत को एकतरफा कार्रवाइयों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध: पीयूष गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के खिलाफ व्यापारिक प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के निर्णयों के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाइयों से देश के उद्योग जगत के बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष से अधिक रहेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां उद्योग सम्मेलन 'भारत बिल्डकॉन 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय उद्यमियों से विश्वस्तरीय माल तैयार करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए विनिर्माण में प्रधानमंत्री के 'शून्य दोष, शून्य प्रभाव' और 'दाम-कम, दम ज़्यादा' के आह्वान पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योग जगत से भारत की ओर से कई विकसित देशों के साथ हाल में किये गये मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने को कहा। श्री गोयल ने कहा कि ये समझौते और इस तरह से समझौतों के लिए कई देशों और समूहों के साथ बातचीत में तेज़ी, उभरते भारत के साथ व्यापार करने की उनकी इच्छा का परिणाम है। सम्मेलन में देश भर से एकत्र उद्यमियों को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने कहा, ह्ल सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। सरकार को ऐसे क्षेत्रों की जानकारी दी जाये, जिन्हें वैकल्पिक बाज़ारों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय नये अवसर खोलने के लिए दुनिया भर के भागीदारों से संपर्क कर रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू खपत को बढ़ावा देना भी सरकार की एक प्राथमिकता रही है। वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) परिषद की आगामी बैठक में ऐसे उपाय किए जाने की उम्मीद है, जो मांग को तेज़ी से बढ़ायेंगे और घरेलू विनिर्माण को मज़बूत बढ़ावा देंगे। उन्होंने इकाइयों से गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में सक्रिय भागीदारी करने को कहा ताकि भारत उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बनकर उभरे। भारत की वैश्विक स्थिति में लगातार मजबूती को रेखांकित करते हुए, श्री गोयल ने विश्वास के साथ कहा कि इस वर्ष का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगा, जो भारतीय उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और जुझारुपन को दर्शाता है। 'शून्य दो, शून्य प्रभाव' के जरिये गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ विनिर्माण 'दाम-कम, दम ज़्यादा' - यानी किफ़ायती और मजबत माल बनाने की जरूरत पर बल देते हुए श्री गोयल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि बुनियादी ढांचा विस्तार राष्ट्रीय विकास की केंद्रीय प्राथमिकताओं में बना हुआ है। श्री गोयल ने ज़ोर देकर कहा कि कुछ विशेषज्ञ और मीडिया भारत की क्षमता को सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। भारत ने कोविड-19 और यहां तक कि परमाणु प्रतिबंधों जैसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है और आज वह मज़बूती से खड़ा है, वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है। वाणिज्य मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में आवास की भारी कमी की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जहां लगभग 10 लाख घरों की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय व्यवसायों, श्रमिकों और विशेषज्ञों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि ऑस्ट्रेलिया भारत से वित्तीय सहयोग, तकनीकी विशेषज्ञता और कार्यबल समर्थन के लिए तैयार है।

# रेरा को अगले स्तर पर ले जाने का अब उचित समय : साहू

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार में आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने शुक्रवार को कहा कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने अच्छा काम किया है और अब इसे अगले स्तर पर ले जाने का समय आ गया है। श्री साहू ने यहां नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में कारोबार करने की आसानी को और बढ़ावा देना जरूरी है। प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसे कदम निवेशकों को और भरोसा देंगे और विकास की गति तेज करेंगे। उन्होंने सभी राज्यों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की सलाह दी। केंद्रीय मंत्री ने रेरा में बदलाव के संकेत देते हुये कहा कि प्राधिकरण ने काफी अच्छा काम किया है, लेकिन अब इसे ''अगले स्तर'' पर ले जाने का समय आ गया है। उन्होंने इसके लिए रियल एस्टेट क्षेत्र से सुझाव आमंत्रित किये हैं। श्री साहू ने रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि रियल एस्टेट केवल ईंट और सीमेंट का काम नहीं है, यह जीवन गढ़ने, सपनों को आकार देने, और देश का भविष्य बनाने का कार्य है। उन्होंने कहा, ''हर घर एक परिवार को सम्मान और सुरक्षा देता है। हर परियोजना रोजगार पैदा करती है और बढ़ता हुआ शहर अर्थव्यवस्था को नयी गति प्रदान करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की तारीफ करते हुये कहा कि इसने लाखों परिवारों का अपने घर का सपना पूरा किया है। खासकर मझौले और छोटे शहरों में हाईवे, हवाई अड्डों और मेट्रो ने विकास की धारा से जोड़ते हुये अवसरों के नये द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि किफायती आवास आज के समावेशी विकास का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चाहे बड़े शहर हों या छोटे कस्बे, हर परिवार के पास रहने लायक और सुरक्षित आवास हों। विजन 2047 की तरफ बढ़ते हुये ऐसे शहर बनाने होंगे जो न सिर्फ समावेशी और टिकाऊ हों, बल्कि विश्व स्तर पर भारत की प्रगति का प्रतिबिंब भी बनें। ऐसे शहर जो केवल घर न दें बल्कि व्यक्ति को भरोसा, गरिमा और अवसर भी प्रदान करें। आवासन एवं शहरी मामलों के सचिव श्रीनिवास कतकीथला ने कहा कि पिछले दशक में शहरों के विकास पर काफी खर्च किया गया है। साल 2004 से 2014 के बीच इस पर 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च हुये थे जबकि 2014 से 2024 के बीच 30 लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये। उन्होंने रियल एस्टेट कारोबारियों से शहरी क्षेत्र में महज हाउसिंग से आगे देखने और आधारभूत सुविधाओं को विकासत करने पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में काफी अवसर है।

# हिमाचल में भूस्खलन से 914 सड़कें बंद, अगले दो दिन बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई जिलों में सड़क, बिजली, पेयजल और संचार आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। जगह-जगह भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है और राज्यभर में 900 से ज्यादा सड़कें बंद हो चुकी हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम तक दो नेशनल हाइवे और 914 सड़कें बंद रहीं। साथ ही 925 बिजली ट्रांसफार्मर और 266 पेयजल योजनाएं ठप हो गईं। चंबा जिला सबसे अधिक प्रभावित रहा जहां 265 सड़कें अवरुद्ध हैं। मंडी में 222, कुल्लू में 160, सिरमौर में 96 और कांगड़ा में 60 सड़कें बंद रही। चंबा जिले में 395 ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं। पांगी



और भरमौर क्षेत्र में संचार व्यवस्था ठप होने के कारण वहां की वास्तविक स्थिति का ब्यौरा उपलब्ध नहीं हो पाया है। कुल्लू में 237, मंडी में 203 और लाहौल स्पीति में 42 ट्रांसफार्मर बंद हैं। वहीं चंबा जिले में 121, मंडी में 72 और कुल्लू व शिमला में 35-35 पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई हैं।

बीते 24 घंटों में सिरमौर जिले के जतौन बैरेज में सर्वाधिक 140 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पालमपुर में 91, भरवाई में 80, संधोल में 77, पांवटा साहिब में 75, कसौली में 62, नाहन में 60, सोलन में 57, गोहर में 55, बिलासपुर में 50 मिमी और शिमला में शुक्रवार शाम भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने 30 और 31 अगस्त को भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। 1 और 2 सितंबर को येलो अलर्ट रहेगा जबकि 3 और 4 सितंबर को भी मौसम खराब रहने की संभावना है, हालांकि कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। जिलावार पूर्वानुमान के अनुसार 30 अगस्त को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट रहेगा, जबकि 31 अगस्त को उना, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस मानसून सीजन में अब तक हिमाचल प्रदेश में 317 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं और 374 लोग घायल हुए हैं। मंडी में 51, कांगड़ा में 49, चंबा में 36, शिमला और किन्नौर में 28-28, कुल्लू में 26 मौतें दर्ज हुई हैं। अब तक 3,889 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनमें 795 पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। 466 दुकानें और 3,486 पशुशालाएं नष्ट हुई हैं। 1,865 पालतू पशु और 25,755 पोल्ट्री पक्षियों की मौत हुई है। अनुमानित नुकसान 2,774 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुका है।

राज्य में इस मानसून में 90 फ्लैश फ्लड, 87 भूस्खलन और 42 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। लाहौल-स्पीति में 52 फ्लैश फ्लड, कुल्लू में 15, शिमला में 14 और मंडी में 12 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। मंडी जिले में 18 बार बादल फटे हैं। इसी बीच जनजातीय जिला किन्नौर के पूह उपमंडल के लिप्पा गांव में तड़के बादल फटने से बोगली नाले में आई बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया। दो मजदूर इसमें फंस गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने बचाकर रिकांगपिओ अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से गांव की उपजाऊ भूमि को भी भारी क्षति हुई है।

कुल्लू और चंबा में भारी बारिश से हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। चंबा के भरमौर क्षेत्र में सड़कें टूटने से हजारों मणिमहेश यात्री फंसे हुए हैं।

# प्रधानमंत्री पर अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल की केंद्रीय मंत्री ने की आलोचना

एजेंसी

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा की मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माँ को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी की केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कड़े शब्दों में आलोचना की है।

केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ''राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की दरभंगा रैली में देश के आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री जी के खिलाफ जिस प्रकार के भद्दी गाली-गलौज उनकी माँ को केन्द्रित कर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया गया, वैसा व्यवहार सिर्फ सड़क छाप लफंगों के जमात ही कर सकते हैं। इस प्रकार का आचरण 1990 से 2005 तक के शासन की याद ताजा कर रहा है, जब लालू-राबड़ी राज में सारी मर्यादा भंग हो चुकी थी। दो राज्यों के मुख्यमंत्री और बिहार के नेता प्रतिपक्ष को



अपने साथ ऐसे टुच्चे और अभद्र लोगों का हुजूम लेकर यात्रा कर क्या संदेश देना चाहते हैं?'' उन्होंने आगे कहा,'' क्या फिर से बिहार को उसी जंगलराज की ओर ले जाना चाहते हैं, जहां अपमान, अभद्रता और अराजकता ही शासन की पहचान थी और भाषाई मर्यादा नाम की कोई चीज नहीं थी। बिहार की जनता जानती है कि विकास, सम्मान और शांति का रास्ता आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हुआ है और भविष्य में भी होगा। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अपने समर्थकों के द्वारा अमर्यादित कृत्य के लिए क्षमा मांगना चाहिए।''

# पेज एक का शेष

## प्रधानमंत्री ...

योगी ने कहा कि पीएम मोदी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करना पूरे देश का अपमान है। देश की जनता अपने को अपमानित महसूस कर रही है। हर मंडल में होगा स्पोर्ट्स कॉलेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ में स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय में पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। भाजपा ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र को सम्मान देने का कार्य किया है। उनके नाम पर खेल के सबसे बड़े पुरस्कार की घोषणा की गई है। अब पूरे प्रदेश के हर मंडल में एक स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कराया जाएगा ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर सकें।

प्रतापगढ़ में शिलान्यास और लोकार्पण किए जाने वाली योजनाएं उड़ैयाडीह-पृथ्वीगंज मार्ग चौड़ीकरण - 12.34 करोड़ फतनपुर-बीरापुर मार्ग का चौड़ीकरण- 23.30 करोड़ जगेशरगंज-लोहंगपट्टी संपर्क मार्ग- 68.87 लाख मंगरौरा-दयाल दूबे संपर्क मार्ग- 68.58 लाख रजबहा कादर से शीतलमऊ मार्ग चौड़ीकरण- 11.60 करोड़ भैसना से चिचरहा मार्ग चौड़ीकरण- 12.15 करोड़ सांगीपुर- मुस्तफाबाद मार्ग चौड़ीकरण- 4.09 करोड़ लालगंज-मंझनपुर-मऊ मार्ग चौड़ीकरण- 36.80 करोड़ संगम चौराहे से राजेंद्र नगर बाईपास मार्ग चौड़ीकरण- 6.13 करोड़ रांकी मुस्तफाबाद-लालगंज मार्ग चौड़ीकरण- 27.50 करोड़ राजस्व ग्राम असरही संपर्क मार्ग निर्माण- 33.31 लाख समापुर से खीरी बभनौटी संपर्क मार्ग- 33.32 लाख देल्हूपुर से गड़ेरिया का पुरवा संपर्क मार्ग- 53.46 लाख पूरे भाव सिंह का पुरवा संपर्क मार्ग- 75.44 लाख बरीबोझ से राजा का पुरवा संपर्क मार्ग- 53.46 लाख रेहुआ लालगंज से रायबरेली सीमा तक नव निर्माण मार्ग- 4.99 करोड़ बरीबोझ से कैथोला संपर्क मार्ग- 3.14 करोड़ जहानाबाद से लवाना नव निर्माण संपर्क मार्ग- 4.66 करोड़ विश्वनाथगंज रेलवे अंडर पास से बोझी संपर्क मार्ग- 1.08 करोड़ बढ़नी से बलीपुर बाबूगंज मार्ग चौड़ीकरण- 19.78 करोड़ उड़ीडीह यादव बस्ती संपर्क मार्ग- 67.22 लाख घाटमपुर से उमरपुर संपर्क मार्ग- 67.07 लाख कल्याण मंडप निर्माण कार्य- 4.64 करोड़ पुलिस लाइन स्थित साइबर थाना निर्माण- 3.39 करोड़ जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय भवन निर्माण- 2.0 करोड़ सीएम कंपोजिट विद्यालय बहोरिकपुर निर्माण- 1.81 करोड़ सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय नौदेवरा निर्माण- 1.81 करोड़ सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय मानापुर- 1.81 करोड़ सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय भूला चंदौकी- 1.81 करोड़ सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय डेरवा बाजार- 1.81 करोड़ सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय सराय देवराज- 1.81 करोड़ मानधाता बाजार शापिंग काम्पलेक्स निर्माण- 2.44 करोड़ सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय सदर- 25.42 करोड़ देवकली और मीराभवन चौराहा ड्रेनेज निर्माण- 1.73 करोड़ शहर के नौ चौराहों पर सीसीटीवी स्थापना कार्य- 37.96 लाख रुपापुर ड्रेनेज व पुलिस परेड ग्राउंड आरसीसी कलवर्ट- 28.42 लाख रूपापुर में ड्रेनेज अवस्थापना कार्य- 19.10 लाख रूपापुर कालोनी आरसीसी कलवर्ट निर्माण- 16.24 लाख पुलिस चौकी विश्वनाथगंज अनावासीय भवन निर्माण- 1.82 करोड़ संडवाचंद्रिका मंदिर का पर्यटन विकास कार्य- 74.62 लाख यक्ष-युधिष्ठिर संवाद स्थल विकास कार्य- 49.73 लाख पुलिस लाइन टांजिट हॉस्टल निर्माण कार्य- 5.82 करोड़ अंतू में दो यूनिट अग्निशमन केंद्र निर्माण- 13.92 करोड कौशांबी संसदीय क्षेत्र का शिलान्यास कार्य का विवरण- लालगंज-मंझनमऊ दो लेन मार्ग निर्माण- 15.85 करोड़ भदरी रेलवे फीडर से तिलक का पुरवा संपर्क मार्ग- 40.37 लाख शिवबख्श का पुरवा से पूरे गंगाबक्स संपर्क मार्ग- 41.59 लाख राजस्व ग्राम साजा से बड़का साजा संपर्क मार्ग- 26.34 लाख धम्मोहन से चंपतपुर संपर्क मार्ग- 62.53 लाख सराय स्वामी कुंडिया से पूरे किसुनी संपर्क मार्ग- 57.43 लाख मधवापुर से जनवामऊ संपर्क मार्ग निर्माण- 51.51 लाख जेठवार से हरदत्त का पुरवा संपर्क मार्ग- 69.68 लाख उघरनपुर से मुस्लिम बस्ती संपर्क मार्ग- 39.78 लाख नसीरपुर-ननौती से आधार का पुरवा संपर्क मार्ग- 72.24 लाख चुड़िहारन का पुरवा से लोकइयापुर संपर्क मार्ग- 49.83 लाख मछेहा पसियान से कंादीपुर संपर्क मार्ग- 44.32 लाख जाजूपुर बार्ड से बढ़ेरा बाजार संपर्क मार्ग- 54.2 लाख बाबागंज गुजवर से सूबेदार का पुरवा संपर्क मार्ग- 64.08 लाख बेलहाबाग से फ़ेरई का पुरवा संपर्क मार्ग- 65.08 लाख जमेठी बसहीपुर से पंचपेड़ा संपर्क मार्ग- 43.4 लाख अहिबरनपुर से लोहारन बस्ती संपर्क मार्ग- 26.13 लाख सराय कीरत से भौरा का पुरवा संपर्क मार्ग- 59.17 लाख मउदारा उपरहार से तरी संपर्क मार्ग- 60.53 लाख हथिगवां से मलाका संपर्क मार्ग का निर्माण- 46.54 लाख अहिबरनपुर खिदिरपुर से टिकुरी संपर्क मार्ग- 48.12 लाख ताजपुरलरू से बनकटिया संपर्क मार्ग- 1.90 करोड़ परसीपुर से पूरे बक्सी संपर्क मार्ग- 63.45 लाख कन्हैया नगर से राम वनगमन मार्ग चौड़ीकरण- 16.22 करोड़ लालगोपालगंज से बेधन गोपालपुर मार्ग चौड़ीकरण- 10.88 करोड़ उपनिबंधक कार्यालय कुंडा का निर्माण- 2.28 करोड़ ।

## हर नागरिक...

नेहॉकी से गेंद को शार्ट भी मारा

मेजर ध्यानचंद को किया नमनमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब मेजर ध्यानचंद की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। वर्ष 1928, 1932 और 1936–तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद के नाम पर किया गया है और इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

खेलों में नई क्रांति की शुरुआतमुख्यमंत्री ने कहा कि यह खेल कितना फास्ट है, कितनी ऊर्ज़ा और टीमवर्क मांगता है। यह मैच इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया से फिट इंडिया मूवमेंट तक, सांसद एवं विधायक स्तर की प्रतियोगिताओं तक, देश में खेलों की एक नई क्रांति आई है। प्रदेश सरकार ने नई खेल नीति लागू की है, जिससे खिलाड़ियों को मंच, कोच और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो रहा है।

हर कमिश्नरी में स्थापित होगा स्पोर्ट्स कॉलेजमुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। विभिन्न खेलों के लिए इन कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। पूर्व ओलंपियन/कॉमनवेल्थ/एशियाड/नेशनल गेम्स मेडलिस्टों को कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और हर जनपद में एक स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है। ओपन जिम के निर्माण व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। यूपी ने हॉकी को दिए कई दिग्गज मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हॉकी में अनेक दिग्गज दिए हैं। मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह 'बाबू', मोहम्मद शाहिद, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एमपी सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, तुषार खांडेकर, दानिश मुर्तजा, ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी जोशी, वंदना कटारिया, रितुषा कुमारी आर्या जैसे हॉकी खिलाड़ियों प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को मेडल दिलाने वाले ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल उत्तर प्रदेश की ही देन हैं।

खेल से बनता है सशक्त भारतमुख्यमंत्री ने कहा कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। व्यक्ति यदि खेलकूद से जुड़ेगा तो राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित होगा। शरीर के साथ मन भी तंदुरुस्त रहेगा और वह स्वस्थ शरीर-स्वस्थ मस्तिष्क के साथ सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच देशभर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इससे पूर्व विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल एवं युवा कल्याण विभाग आयोजित कराएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण लागू किया गया है। अब तक 500 खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल और अन्य विभागों में समाहित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनिशप, नेशनल स्टेट गेम्स में एकल और टीम गेम में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से मदद कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद ब्रजलाल, संजय सेठ, विधायक जय देवी, योगेश शुक्ला, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सीएम योगी ने इन परियोजनाओं का किया लोकार्पण - आजमगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में समर्पित छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार- बस्ती के स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण - पीलीभीत के बहुउद्देशीय क्रीड़ाहाल एवं प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार- गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर वॉलीबाल हॉल का जीर्णोद्धार कार्य - बस्ती के स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार संबंधी कार्य - बांदा के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम उपकरणों की स्थापना का कार्य - मऊ में स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार कार्य - मऊ में सिंथेटिक हॉकी मैदान के निर्माण कार्य का लोकार्पण

## बिहार...

टिप्पणियां की गई थीं।

पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की मंशा और परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे उनकी कोई भी राजनीतिक संबद्धता हो। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हलचल को जन्म दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मंच से प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माँ के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां न केवल अनुचित हैं, बल्कि राजनीतिक मर्यादा को भी ठेस पहुंचाती हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कथित अपमानजनक टिप्पणी वाले वायरल वीडियो की कड़ी निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी का इस टिप्पणी से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि उनकी मतदाता अधिकार यात्रा उस समय आगे बढ़ चुकी थी। पायलट ने कहा कि सभ्य और सौम्य राजनीति में ऐसी भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, महात्मा गांधी की विचारधारा वाली पार्टी ऐसी टिप्पणियों का कभी समर्थन नहीं करती और न ही भविष्य में करेगी। आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल होने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की है। सिन्हा ने कहा कि यदि राहुल गांधी माफी नहीं मांगते हैं, तो उन्हें बिहार की पवित्र भूमि को तुरंत छोड़ देना चाहिए।

## स्वार्थ ...

अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी आदि सार्वजनिक तौर पर करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह अति-दुखद व चिन्तनीय। उन्होंने लिखा कि खासकर चुनाव के समय यह प्रक्रिया और भी अधिक विषैली व हिंसक हो जाती है। इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सूनने को मिला है वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है। जबकि हमारी पार्टी बसपा शुरू से ही 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्तों और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित व ज़हरीली राजनीति के ख़िलाफ है। दूसरों से भी यही उम्मीद करती है कि वे देश व आमजन के हित में घिनौनी स्वार्थ की राजनीति करने से दूर रहें और एक-दूसरे को ज़बरदस्ती नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें तो बेहतर होगा।

मायावती ने आगे लिखा है कि इस बारे में यह विशेष उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का आदर्श कल्याणकारी भारतीय संविधान, भारत के करोड़ों लोगों के हित, सुरक्षा व उनके आत्म-सम्मान को सर्वोपरि मानते हुये, हर संवैधानिक संस्था को अपनी-अपनी निर्धारित सीमा में रहकर कार्य करने अर्थात उन सबके लिए चेक एण्ड बैलेन्स की गारण्टी सुनिश्चित की है। जिस पर सही से अमल करके ही हालात को बिगड़ने से ज़रूर बचाया जा सकता है।

## सरकार...

देशों के साथ हाल में किये गये मुक्त व्यापार समझौतों एफटीए का लाभ उठाने को कहा।

श्री गोयल ने कहा कि ये समझौते और इस तरह से समझौतों के लिए कई देशों और समूहों के साथ बातचीत में तेज़ी उभरते भारत के साथ व्यापार करने की उनकी इच्छा का परिणाम है। सम्मेलन में देश भर से एकत्र उद्यमियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योग जगत को कुछ देशों की एकतरफा कार्रवाइयों से उत्पन्न अनावश्यक तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

सरकार को ऐसे क्षेत्रों की जानकारी दी जायेए जिन्हें वैकल्पिक बाज़ारों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय नये अवसर खोलने के लिए दुनिया भर के भागीदारों से संपर्क कर रहा है।

उन्होंने कहा कि घरेलू खपत को बढ़ावा देना भी सरकार की एक प्राथमिकता रही है। वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में ऐसे उपाय किए जाने की उम्मीद है जो मांग को तेज़ी से बढ़ायेंगे और घरेलू विनिर्माण को मज़बूत बढ़ावा देंगे। उन्होंने इकाइयों से गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में सक्रिय भागीदारी करने को कहा ताकि भारत उच्च.गुणवत्ता वाले उत्पादों का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बनकर उभरे। भारत की वैश्विक स्थिति में लगातार मजबूती को रेखांकित करते हुए श्री गोयल ने विश्वास के साथ कहा कि इस वर्ष का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगा जो भारतीय उद्योग की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता और जुझारुपन को दर्शाता है।

शून्य दोए शून्य प्रभाव के जरिये गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ विनिर्माण दाम-कमए दम ज़्यादा यानी किफ़ायती और मजबत माल बनाने की जरूरत पर बल देते हुए श्री गोयल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि बुनियादी ढांचा विस्तार राष्ट्रीय विकास की केंद्रीय प्राथमिकताओं में बना हुआ है।

श्री गोयल ने ज़ोर देकर कहा कि कुछ विशेषज्ञ और मीडिया भारत की क्षमता को सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। भारत ने कोविड.19 और यहां तक कि परमाणु प्रतिबंधों जैसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है और आज वह मज़बूती से खड़ा हैए वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है।

वाणिज्य मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में आवास की भारी कमी की ओर भी ध्यान आकर्षित कियाए जहां लगभग 10 लाख घरों की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय व्यवसायों श्रमिकों और विशेषज्ञों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि ऑस्ट्रेलिया भारत से वित्तीय सहयोग तकनीकी विशेषज्ञता और कार्यबल समर्थन के लिए तैयार है। भारतीय पेशेवरों को ऑस्ट्रेलियाई मानकों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण और प्रमाणन के अवसर भी प्रदान किये जा रहे हैं।

श्री गोयल ने ऑस्ट्रेलियाए संयुक्त अरब अमीरातए स्विट्.ज़रलैंड नॉर्वे लिकटेंस्टीन आइसलैंड और यूनाइटेड किंगडम सहित विकसित देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों एफटीए के बढ़ते नेटवर्क पर भी प्रकाश डाला जिसके लिए यूरोपीय संघ और अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारतीय उद्योगों जैसे निर्माण इस्पात और संबद्ध क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेंगे।

## विकसित...

राष्ट्र एवं समाज की समृद्धि के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि इन उपक्रमों ने सुशासन और पारदर्शिता के कई अच्छे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि सीपीएसई आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' जैसे राष्ट्रीय अभियानों में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रपति ने विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्वदेशी एयर डिफेंस कंट्रोल और रिपोर्टिंग सिस्टम 'आकाशतीर' की अद्वितीय क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी सफलता में सार्वजनिक क्षेत्र का योगदान गर्व की बात है।

राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि, खनन, अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण, ऊर्जा उत्पादन और सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सार्वजनिक उपक्रमों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। पीएसयू हर चुनौती का सामना करते हुए देश के लिए आत्मनिर्भर नवाचार और तकनीकी प्रगति के मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सार्वजनिक उपक्रम अपने निर्णय राष्ट्र निर्माण को समर्पित करेंगे, उनके कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और उनकी सोच सामाजिक सेवा एवं संवेदनशीलता से प्रेरित होगी। राष्ट्रपति ने स्कोप की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सतत विकास, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, सामाजिक उत्तरदायित्व और नवाचार जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को पहचान देकर उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उल्लेखनीय है कि स्कोप इमिनेंस अवॉर्ड सार्वजनिक उपक्रमों की विशिष्ट उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## भारत ...

का उत्थान उसकी सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत कभी युद्ध न छेड़ने वाला और 'वसुधैव कुटुंबकम' में विश्वास रखने वाला देश है। छात्र भारत के लिए ऐसे समाधान तैयार करें जो किसान को सटीक खेती में मदद करें, बच्चों को डिजिटल कक्षा में पढ़ाई का लाभ दें और छोटे शहर के मरीज को टेली-हेल्थ के जरिये इलाज उपलब्ध कराएं।

सिंधिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), 6जी और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों को भविष्य का आधार बताया। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार एआई का विकास जरूरी है ताकि तकनीक मानवता पर हावी न हो बल्कि उसके लक्ष्यों को पूरा करे। उन्होंने जानकारी दी कि टेलीकॉम टेक्नॉलोजी डेवलपमेंट फंड के तहत 120 से अधिक परियोजनाओं में निवेश किया गया है, जिनमें स्वदेशी चिपसेट, क्वांटम कंप्यूटिंग, टेराहर्ट्.ज़ कम्युनिकेशन और एन्क्रिप्टेड राउटर्स शामिल हैं। सिंधिया ने भरोसा जताया कि भारत वर्ष 2030 तक 6जी तकनीक में वैश्विक नेतृत्व करेगा और दुनिया के कम से कम 10 प्रतिशत पेटेंट भारत के नाम होंगे। भारत का विकास उसकी सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित है। छात्रों को ऐसे समाधान विकसित करने चाहिए, जो किसानों को सटीक खेती में मदद करें, बच्चों को डिजिटल शिक्षा दिलाएं और छोटे शहरों के मरीजों को टेली-हेल्थ के जरिये उपचार उपलब्ध कराएं। ब्रेन ड्रेन से ब्रेन गेन की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में पढ़ने और काम करने वाले छात्र अपने अनुभव के साथ भारत लौटें और देश को सशक्त बनाने में योगदान दें। संबोधन के अंत में सिंधिया ने युवाओं से साहसी बनने, अपनी जड़ों से जुड़े रहने और भारत के लिए निर्माण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगली शताब्दी भारत की होगी और भारत इन 100 वर्षों में कई बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और भारत की इस गौरवशाली यात्रा के वाहक आज के युवा और छात्र होंगे।

## पाकिस्तान ...

हो रही हैं, 'एडवांटेज असम' के जरिए नए निवेश आ रहे हैं और कल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू हो रही हैं। विपक्ष पर हमला करते हुए शाह ने कहा, ल्लजो नेता बार-बार पाकिस्तान जाते हैं, वे असम का नेतृत्व नहीं कर सकते। असम का नेतृत्व केवल नरेन्द्र मोदी और हिमंत बिस्व सरमा ही कर सकते हैं।ङ्क उन्होंने जनता से लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एनडीए सहयोगी दलों के नेताओं - एजीपी अध्यक्ष अतुल बोरा, कार्यकारी अध्यक्ष केशव महंत, गणशक्ति अध्यक्ष परमानंद चायेंगिया और राभा हासोंग के नेता टंकेश्वर राभा ने भी सभा को संबोधित किया।

## देश की...

शाह ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी के मंच पर जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया गया वह अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जिस माता ने नरेंद्र मोदी जैसे विश्व नेता का लालन-पालन किया, ऐसी माता के लिए अपशब्दों के प्रयोग को देश की जनता माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री के लिए जितने ही अपशब्दों का व्यवहार करेंगे कमल उतना ही और अधिक बड़ा होकर खिलता रहेगा।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह, रेणुका चौधरी जैसे कांग्रेस नेताओं ने नरेन्द्र मोदी के लिए हमेशा ही अपशब्दों का व्यवहार किया है। जब से नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब से ही कांग्रेस के नेता उनके लिए मौत का सौदागर, राक्षस, वायरस, चोर, बेईमान से लेकर तमाम अपशब्दों का प्रयोग किया। कांग्रेस के नेता जिस प्रकार की ओछी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, उससे उन्हें कभी इस देश में वोट नहीं मिलेगा।

गृह मंत्री ने केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए किए जा रहे एक से बढ़कर एक कार्यों की चर्चा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किस प्रकार असम के मुख्यमंत्री राज्य तथा इसके जनता के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान की उपलब्धियों की भी गृह मंत्री ने चर्चा की। इनके अलावा और भी कई पहलुओं पर उन्होंने प्रकाश डालें।

## जापानी ...

डॉलर से अधिक निवेश किया है। केवल पिछले दो वर्षों में ही 13 अरब डॉलर का निजी निवेश हुआ है।

भविष्य की दिशा बताते हुए प्रधानमंत्री ने पांच क्षेत्रों पर बल दिया- विनिर्माण, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, हरित ऊर्जा परिवर्तन, अगली पीढ़ी का बुनियादी ढांचा और कौशल विकास। उन्होंने कहा कि जापान की उत्कृष्टता और भारत का व्यापक पैमाना मिलकर साझा समृद्धि सुनिश्चित करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने असाधारण परिवर्तन अनुभव किए हैं। आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता वाला देश है, जिसकी नीतियां स्पष्ट हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत वैश्विक विकास में 18 प्रतिशत योगदान कर रहा है और उसके विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब डॉलर तक पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' की नीति से देश में बड़ा बदलाव आया है। 'वन नेशन-वन टैक्स' व्यवस्था लागू होने के बाद अब नया आयकर संहिता भी संसद से पारित हो चुकी है। व्यवसायों के लिए डिजिटल सिंगल विंडो की सुविधा, 45 हजार अनुपालनों को युक्तिसंगत और निजी क्षेत्र के लिए रक्षा व अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों को खोलने की पहल की गई है। उन्होंने घोषणा की कि अब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोला जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी जापान की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वे दोनों देशों के 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जपान पहुंचे हैं।

## जापान ...

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार ट्वीट में कहा जापान के पूर्व प्रधानमंत्री श्री फुमियो किशिदा के साथ एक शानदार बैठक हुई। वे हमेशा से भारत-जापान संबंधों को और मज़बूत करने के प्रबल समर्थक रहे हैं। हमने व्यापार महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और मानव संसाधन गतिशीलता के क्षेत्र में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की। हमने प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में अपार संभावनाओं पर भी चर्चा की। श्री सुगा के साथ भेंट के बाद उन्होंने कहा जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान.भारत संघ के अध्यक्ष श्री योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग के विविध आयामों और इसे और कैसे प्रगाढ़ बनाया जा सकता है इस पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में प्रौद्योगिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता व्यापार निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। इससे पहले सुबह टोक्यो पहुंचने पर श्री मोदी ने श्री इशिबा के साथ भारत-जापान आर्थिक फोरम की बैठक को संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री...

गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं''। ल्लेखनीय है कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने को है। ऐसे में कांग्रेस सहित महागठबंधन एसआईआर के मुद्दे को लेकर वोट अधिकार यात्रा के जरिए जनता तक पहुंच रही है। इस यात्रा की अगुवाई कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव कर रहे हैं। उनका काफिला बुधवार को दरभंगा पहुंचा था। यहां की विधानसभा क्षेत्र के समिरी में मोहम्मद नौशाद ने स्वागत मंच लगाया था। वह कांग्रेस से टिकट के दावेदार हैं। इसी मंच से कांग्रेस के कार्यकर्ता का प्रधानमंत्री मोदी को माँ की गाली देने का वीडियो वायरल हो गया।

## बंगाल ...

के रूप में प्रमोट करते रहे।देशभर में टीपी ग्लोबल एफएक्स, आईएक्स ग्लोबल, आईएक्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड और इनके प्रमोटरों/इन्फ्लुएंसर्स जैसे विराज सुहास पाटिल, तुषार पटेल, जोसेफ मार्टिनेज के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। इससे पहले ईडी ने शैलेश कुमार पांडे, प्रसेंजीत दास और विराज सुहास पाटिल को गिरफ्तार भी किया था। ईडी ने बताया कि अब तक इस मामले में 291 करोड़ की नकदी, सोना, रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी प्रतिष्ठान, दफ्तर, कृषि भूमि, वाहन, क्रिप्टोकरेंसी और बैंक बैलेंस जब्त/फ्रीज/अटैच किए जा चुके हैं।

# अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए तैयार है उत्तराखंड: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के देशभक्ती के आदर्शों पर चलकर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन रहा है। इसमें उत्तराखंड भी अब अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा आयोजित कराने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को बहुउद्देश्यी क्रीड़ा हाल परेड ग्राउंड पर मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खेल और खेल भावना समाज को ऊर्जा, अनुशासन और प्रेरणा देती करती है। मेजर ध्यानचंद ने अपनी स्टिक के जादू से पूरे विश्व को भारत की खेल शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने हिटलर तक को ये बता दिया कि देशभक्ति आखिर क्या होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ''खेलो इंडिया'' और ''फिट इंडिया मूवमेंट'' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। अब हमारे खिलाड़ी जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों के उदाहरण देखें तो जहां, वर्ष 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। वहीं पुरुष हॉकी टीम ने 41 वर्षों बाद कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में ज्योति याराज्जी, गुलवीर सिंह और अविनाश सबले ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का परचम बुलंद किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल बजट तीन गुना बढ़ा दिया है। राज्य सरकार भी 'मुख्यमंत्री खेल विकास निधि', 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना', 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना' और 'खेल किट योजना' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का भी काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन से उत्तराखंड ल्लदेवभूमि'' के साथ ही ल्लखेलभूमिङ्क के रूप में भी स्थापित हुआ है। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय खेलों में 7वां स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा। अब राज्य में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो गया है। उत्तराखंड राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बन गया है। देश की एकमात्र ओलंपिक स्टैण्डर्ड हिमाद्रि आइस रिंक का जीर्णोद्धार किया गया है।

# बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पकड़ी हेरोइन की खेप, हेक्साकॉप्टर जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में एक साथ तीन ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हेरोइन बरामद करने के साथ एक तस्कर को भी पकड़ा है। बीएसएफ ने तस्करी में इस्तेमाल एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर भी कब्जे में लिया। अटारी सेक्टर में पकड़े गए तस्कर को आगे की कार्रवाई के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया गया। बीएसएफ की टीम ने गश्त के दौरान फिरोजपुर जिले में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान एक असेंबल्ड हेक्साकॉप्टर बरामद किया गया, जिसमें 12 पैकेट हेरोइन छिपाई गई थी। इसका कुल वजन 6.086 किलोग्राम निकला। जांच एजेंसियों का मानना है कि इस हेक्साकॉप्टर का इस्तेमाल पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में खेप गिराने के लिए किया गया था। इसके अलावा फाजिल्का जिले में भी बीएसएफ जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए 536 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक हाल के वर्षों में पाकिस्तान समर्थित ड्रग्स तस्कर अब ड्रोन और हेक्साकॉप्टर जैसे साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका मकसद सीमा पार से बड़ी मात्रा में नशा भारतीय इलाके में गिराना है। बीएसएफ ने साफ कहा कि उनकी सतर्कता और टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे हर मंसूबे को नाकाम किया जाएगा। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदाएं हों या दुश्मन की नई साजिशें, जवान हर हाल में सीमा को सुरक्षित रखने और देश को नशे की मार से बचाने के लिए तत्पर हैं। इन हालिया बरामदगियों ने साबित कर दिया है कि भारत-पाक सीमा पर नशा तस्करी की हर चाल नाकाम होगी।

# अभाविप के संभावित उम्मीदवारों ने दिल्ली विवि में शुरू की प्री-कैंपेनिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के संभावित उम्मीदवार शुक्रवार से विभिन्न कॉलेजों में प्री-कैंपेनिंग के जरिए छात्रों से संवाद कर रहे हैं। इस संबंध में अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने बताया कि यह प्री-कैंपेनिंग छात्रों के बीच संगठन की पिछले एक साल की उपलब्धियों को साझा करने और उनकी समस्याओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्रसंघ चुनाव छात्रों के लिए एक महापर्व है। इस दौरान उम्मीदवार कॉलेजों में जाकर अभाविप नीत डूसू के कार्यों को छात्रों तक पहुंचा रहे हैं, साथ ही उनकी अपेक्षाओं के आधार पर नई कार्ययोजना तैयार करने के लिए मसौदा बना रहे हैं। सार्थक शर्मा ने कहा कि प्री-कैंपेनिंग की शुरुआत शुक्रवार से हो चुकी है, जिसमें 11 संभावित उम्मीदवार विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों से मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान वे डूसू के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को बताने के साथ-साथ छात्रों की समस्याओं और जरूरतों को सुन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर संगठन एक नया मसौदा तैयार करेगा, जो छात्र हितों को ध्यान में रखकर भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह कैंपेनिंग नामांकन के दिन तक जारी रहेगी और 11 सितंबर को केंद्रीय पैनल के चार अंतिम उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। अभाविप का कहना है कि यह प्री-कैंपेनिंग न केवल संगठन की नीतियों को छात्रों तक पहुंचाने का माध्यम है, बल्कि यह छात्रों की आवाज को सुनने और उनकी अपेक्षाओं को समझने का भी एक मंच है।

# पूजा स्पेशल ट्रेनों से सफर होगा आसान, रेलवे ने किए 2024 अतिरिक्त फ़ेरे घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने विशेष इंतजाम किए हैं। रेलवे ने देशभर में कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन का फैसला किया है, जिनसे 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 2024 अतिरिक्त फ़ेरे (ट्रिप्स) पूरे किए जाएंगे।




बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12 हजार से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई जा चुकी है। जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है। रेलवे के अनुसार, इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य त्योहारों पर यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना और उन्हें अपने परिवार एवं प्रियजनों के साथ उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करना है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों व ग्रामीण इलाकों के बीच कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों की योजना बनाई गई है। दक्षिण मध्य रेलवे ने सबसे अधिक 48 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है, जिनसे 684 ट्रिप्स पूरे होंगे। इनका संचालन हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से होगा। वहीं पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की हैं, जो पटना, गया, दरभंगा और मुज़फ़्फ़रपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी और कुल 588 ट्रिप्स लगाएंगी। पूर्व रेलवे ने कोलकाता, सियालदह और हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है, जिनकी मदद से 198 ट्रिप्स संचालित होंगी। वहीं पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत, वडोदरा जैसे शहरों से 24 स्पेशल ट्रेनें घोषित की हैं जो 204 ट्रिप्स पूरी करेंगी। दक्षिण रेलवे द्वारा चेन्नै, कोयंबत्तूर, मदुरै जैसे स्टेशनों से 10 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनसे 66 ट्रिप्स होंगी। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे से भुवनेश्वर, पुरी और सम्बलपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची, टाटानगर, उत्तर मध्य रेलवे से प्रयागराज, कानपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से बिलासपुर, रायपुर और पश्चिम मध्य रेलवे से भोपाल, कोटा जैसे स्टेशनों को जोड़ते हुए विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे से भुवनेश्वर और पुरी, दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची व टाटानगर, उत्तर मध्य रेलवे से प्रयागराज व कानपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से बिलासपुर व रायपुर और पश्चिम मध्य रेलवे से भोपाल व कोटा जैसे प्रमुख स्टेशनों को जोड़ने वाली विशेष सेवाएं चलाई जाएंगी। रेलवे ने कहा है कि पूजा स्पेशल ट्रेनों की पूरी सूची, समय सारणी, रूट और ठहराव की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, आईआरसीटीसी और नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे इन विशेष ट्रेनों में यात्रा करने के लिए अग्रिम टिकट बुकिंग कर अपनी यात्रा सुनिश्चित करें और सफर के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा जारी सुरक्षा व स्वच्छता संबंधी निर्देशों का पालन करें।

# पंजाब में बाढ़ संकट के बीच बीएसएफ ने राहत अभियान तेज किया

चंडीगढ़। सीमावर्ती जिलों फिरोजपुर और गुरदासपुर के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने से हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। गांवों में चारों तरफ पानी भर जाने से ग्रामीण घरों में फंस गए थे। संकट की इस घड़ी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर राहत व बचाव अभियान शुरू किया है। बीएसएफ की विशेष वॉटर विंग टीमों, हेलीकॉप्टरों और मोटरबोट्स की मदद से गांव टिब्बा, मल्लांवाला, मकराना, दत्तूपुरा, डेरा बाबा नानक और काहलवां समेत कई इलाकों से फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। बीएसएफ के जवान लगातार दिन-रात राहत कार्यों में जुटे रहे और अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। बचाव कार्यों के दौरान जवानों ने बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित निकाला। कई जगहों पर बीमार और विकलांग लोगों को कंधों पर उठाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।

# सुखना लेक के फ्लड गेट खोले गए, लोगों से सावधानी बरतने की अपील

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में देर रात हुई भारी बारिश के कारण सुखना लेक का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और यह 1163 फुट के आसपास पहुंच गया। सामान्य सीमा से अधिक जलस्तर होने के कारण प्रशासन को फ्लड गेट खोलने पड़े। प्रशासन का कहना है कि अगर समय पर गेट न खोले जाते तो आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने का खतरा था। इधर, घग्गर नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। स्थिति को गंभीर मानते हुए सुखना लेक पुलिस स्टेशन की टीम लगातार फ्लड गेट और आसपास के इलाकों पर निगरानी रख रही है। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग शरारतन अंसर लेक में मछलियां पकड़ने के लिए उतर गये थे। उन्हें बार-बार समझाया गया कि इस तरह का कदम बेहद खतरनाक हो सकता है और किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहिए।

# पंजाब में मौसम साफ रहने से जलस्तर कम हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हशियारपुर। पंजाब में गुरुवार को बारिश नहीं होने से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जहां जलस्तर कुछ कम हुआ वहीं पौंग (ब्यास) बांध का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना रहा। शुक्रवार सुबह 1,00,614 क्यूसेक पानी के बहिर्वाह और 53,000 क्यूसेक पानी के अंतर्वाह के साथ जलस्तर 1,391.98 फुट दर्ज किया गया जो पहले 1393 फुट तक पहुंच गया था। गत रविवार को चक्की खड्ड के उफान पर आने, तटबंधों को तोड़ने और मुकेरियां उपखंड में कृषि भूमि को जलमग्न करने से हुए नुकसान से बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अभी भी जूझ रहे हैं। टांडा और मुकेरियां उपमंडल के कई गांवों में खेत पिछले कई दिनों से पानी में डूबे हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों से और नुकसान को रोकने के लिए तटबंध में आई दरारों को तुरंत बंद करने का आग्रह किया है। होशियारपुर की उपायुक्त आशिका जैन ने कल टांडा और दसूहा उपमंडलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चल रहे राहत कार्यों की समीक्षा की और लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उनकी चिंता तब और बढ़ गई जब टांडा उपमंडल के गंधोवाल, रारा मंड, तल्ही, सलेमपुर, अब्दुल्लापुर, मेवा मिआनी और फत्ता कुल्ला में खड़ी धान, गन्ना और अन्य फसलें, साथ ही मुकेरियां उपमंडल के मोतला, हलेर जनार्दन, सनियाल, कोलियान और मेहताबपुर जलमग्न हो गए। उपायुक्त जैन ने श्री हरगोबिंदपुर के पास धुस्सी बांध, टांडा में राड़ा और फतेह कुल्लियां के अलावा दसूया में पासी बेट क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उनके साथ दसूया के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कंवलजीत सिंह, टांडा के एसडीएम परमप्रीत सिंह और अन्य जिला अधिकारी भी मौजूद थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निचले और संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नज़र रखने और प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुँचाने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नुकसान का तुरंत आकलन करने को भी कहा ताकि बिना किसी देरी के मुआवज़ा दिया जा सके। सुश्री जैन ने कहा कि जिला प्रशासन के सभी विभाग राहत एवं बचाव कार्यों के लिए समन्वय से काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने टांडा के मियानी गाँव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा किया, जहाँ प्रभावित परिवारों के लिए एक राहत शिविर स्थापित किया गया है। शिविर में, उपायुक्त ने बाढ़ प्रभावित एक परिवार की बच्ची को चाय पिलाई और उससे बातचीत की। साथ ही, उन्होंने अन्य पीड़ितों की ज़रूरतों को भी जाना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।इस प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रशासन के लोगों के साथ मजबूती से खड़े रहने पर जोर देते हुए जैन ने जनता से शांत रहने और जिला टीमों के साथ सहयोग करने की अपील की, ताकि बिना किसी देरी के हर प्रभावित परिवार तक सहायता पहुंच सके। मेहताबपुर गाँव के सरपंच मनजिंदर सिंह ने बताया कि बाढ़ के पानी ने गाँव की लगभग 2,200 एकड़ कृषि भूमि में खड़ी फसलों को नुकसान पहुँचाया है। उन्होंने बताया कि आज सुबह गाँव में बाढ़ का पानी नहीं था, लेकिन ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है, जिससे आशंका है कि यह दिन में बाद में गाँव तक पहुँच सकता है।

# पंजाब में एजीटीएफ ने पकड़ा कुख्यात शूटर, हथियार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने होशियारपुर जिले से एक कुख्यात शूटर को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से देसी पिस्तौल (.32 बोर) और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि बाघपुर मंदिर, होशियारपुर के बसी मुड़ा निवासी विपन कुमार की गिरफ्तारी के बाद खुलासा हुआ कि यह वही शूटर है, जिसने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गांव ख्वाजा बसाल में 28 जुलाई की दोपहर को सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया था। इस वारदात में राकेश कुमार उर्फ गग्गी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद शूटर वहां से फरार हो गए। इस हत्याकांड ने हिमाचल और पंजाब दोनों राज्यों में सनसनी फैला दी थी। उन्होंने बताया कि यह हत्या कोई सामान्य झगड़ा नहीं थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि गग्गी की हत्या विदेशी गैंगस्टरों लड्डी भज्जल उर्फ कूनेर और मोनू गुज्जर (रवि बलाचौरिया गैंग) तथा बब्बी राणा (सोनू खत्री गैंग) के बीच चली आ रही पुरानी दुश्मनी का नतीजा थी।

# बिहार की विशेष कैबिनेट बैठक में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बड़ा निर्णय लिया गया। विशेष कैबिनेट बैठक में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को स्वीकृति दी गई है। इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने दी। मुख्य सचिव ने बताया कि इस योजना के इसके तहत प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को रोजगार के लिए 2 लाख की सहायता राशि दी जाएगी। सितम्बर महीने में इच्छुक महिला को पहली किस्त के रूप में 10,000 रुपये की राशि दी जाएगी। इसके बाद छह महीने में मूल्यांकन कर कुल 2,00,000 रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण विकास विभाग और शहरी क्षेत्रों में नगर विकास विभाग को आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग विस्तृत गाइडलाइन जारी करेगा। मख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं। पिछले दो महीनों में कई घोषणाएं की गई हैं, जिनका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। राज्य सरकार ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का फैसला लिया है, जो अब लागू हो चुका है। इसके अलावा विधवा, 60 साल से ऊपर के बुजुर्ग और दिव्यांगों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। जीविका दीदी, रसोईया, स्कूल के रात्रि प्रहरी, किसान सलाहकार आदि का मानदेय बढ़ाया गया है। इसके अलावा जेपी सेनानी और पत्रकारों की पेंशन को भी दोगुना किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव मृतलाल मीणा 31 अगस्त को सेवानिवृत हो रहे हैं और यह उनकी सेवानिवृत्ति से पहले की आखिरी कैबिनेट ब्रीफिंग थी। लिहाजा, मुख्य सचिव को मंत्री परिषद की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। 31 अगस्त को वे सेवानिवृत्त होंगे और उनकी जगह प्रत्यय अमृत नए मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसलिए आज की प्रेस ब्रीफिंग की जिम्मेदारी अमृतलाल मीणा को सौंपी गई थी।

# गोकुलपुरी में मुठभेड़ के बाद हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में उत्तर-पूर्वी जिले की गोकुलपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक आरोपित के पैर में गोली लगी, वहीं एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तर-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 20 अगस्त को इंद्रा विहार, चमन पार्क इलाके में मोहम्मद निजाम नामक युवक पर दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। इस मामले में गोकुलपुरी थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से दोनों आरोपित फरार थे। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त की रात गश्त के दौरान कॉन्स्टेबल राहुल और मनीष ने एक मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। पीछा करने पर एक आरोपित भाग निकला, लेकिन पुलिस ने फैजान (22) को दबोच लिया। उसके पास से एक पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद हुई। भागे हुए आरोपी की तलाश में पुलिस टीम ने सुबह करीब 4:30 बजे जोहरीपुर डबल पुलिया इलाके में दबिश दी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063